RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 123
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जडेजा दुनिया के नंबर एक क्रिकेटर बने
स्पोर्ट्स-12


# ईवीएम संबंधी लापरवाही पर अफसरों के खिलाफ कार्रवाई

● निर्वाचन आयोग ने उठाया कड़ा कदम




**भाषा**। वाराणसी, सोनभद्र, बरेली

**वाराणसी** और बरेली में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से जुड़ी अनियमितताओं तथा सोनभद्र में एक डिब्बे से बैलट पर्चियां मिलने के मामलों में सम्बन्धित अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। वाराणसी से जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार, पांडेयपुर स्थित पहाड़िया मंडी में बनाए गए मतगणना स्थल पर मंगलवार को ईवीएम को नियम विरुद्ध तरीके से ले जाए जाने को लेकर उठे विवाद के बाद ईवीएम की नोडल अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नलिनी कांत सिंह को ईवीएम परिवहन में लापरवाही बरतने पर बुधवार की देर रात तत्काल प्रभाव से निर्वाचन कार्य से हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि कांत के स्थान पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार को ईवीएम प्रभारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को ईवीएम बदलने को लेकर हुए बवाल के बाद देर रात चुनाव पर्यवेक्षकों और प्रत्याशियों की मौजूदगी में सभी मशीनों की जांच कराई गई। शर्मा ने बताया कि सभी कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट और वीवीपैट की जांच कराई गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान अधिकतर पार्टियों के उम्मीदवार और पदाधिकारी मौजूद थे और सभी 20 ईवीएम सेट को मौजूद उम्मीदवारों के संतुष्ट हो जाने पर बक्से में सील कराया गया। उन्होंने बताया कि यह सभी ईवीएम मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए ले जाई जा रही थी और उनमें से किसी का उपयोग मतदान में नहीं हुआ था।

उधर, सोनभद्र जिले में मतगणना स्थल के बाहर गत मंगलवार को घोरावल तहसील के उप जिलाधिकारी रमेश कुमार के वाहन से बॉक्स में से बैलेट पर्चियां मिलने और इसे लेकर सपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हंगामे के मामले को गम्भीरता से लेते हुए कुमार को पद से हटा दिया गया है। जिलाधिकारी टी. के. शीबू ने बताया कि प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ल के निर्देश पर घोरावल के उप जिलाधिकारी रमेश कुमार को चुनाव ड्यूटी से हटाकर उनके स्थान पर श्याम प्रताप को तैनात कर दिया गया है। इस बीच, बरेली जिले के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र से मतदान सामग्री और मतदान पेटी को नगर पालिका की कूड़ा ढोने वाली गाड़ी पर लादकर मतगणना स्थल पर पहुंचाए जाने के प्रकरण में जिला प्रशासन ने ( शेष पेज 9 )

## वाराणसी, मेरठ में मतगणना के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कथित अनियमितताओं की विपक्षी दलों की शिकायतों के बीच मेरठ और वाराणसी में मतगणना पर निगरानी के लिए बुधवार को विशेष अधिकारियों की नियुक्ति की। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को मेरठ में मतगणना पर निगरानी के लिए विशेष अधिकारी के रूप में भेजा गया है और बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वाराणसी भेजा गया है। आयोग ने बताया कि मतगणना सुगम रहे, इसके लिए 671 मतगणना पर्यवेक्षक, 130 पुलिस पर्यवेक्षक और 10 विशेष पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पहले भी विभिन्न राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों को विशेष पर्यवेक्षक के रूप में भेजा जाता रहा है ताकि किसी तरह के पक्षपात की शिकायतों पर ध्यान दिया जा सके। समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि वाराणसी में मंगलवार को राजनीतिक दलों की जानकारी के बिना ईवीएम भेजी गईं। इससे पहले मेरठ में मतदान के दौरान प्रोटोकॉल के उल्लंघन के आरोप लगे थे। आयोग के अधिकारियों ने इन आरोपों को पहले ही खारिज कर दिया है कि हाल में संपन्न मतदान में इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) बाहर निकाली गईं। आयोग ने कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# आज चुनावी संग्राम के नतीजों का दिन

● पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिए आएंगे परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव के परिणाम बृहस्पतिवार को सामने आ जाएंगे। राजनीतिक दलों के साथ आम लोग भी मतगणना परिणामों की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश को भाजपा और मोदी सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह राज्य सबसे अधिक 80 सांसद लोकसभा भेजता है और विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का 2024 के आम चुनाव पर असर पड़ने की उम्मीद है।

बहुकोणीय मुकाबले के कारण चूंकि चुनाव के बाद का परिदृश्य आश्चर्य पैदा कर सकता है, इसलिए राजनीतिक दलों ने अपने वरिष्ठ नेताओं को राज्यों में भेज दिया है और वे अन्य दलों को भी लुभा रहे हैं, ताकि यदि बाहरी समर्थन की आवश्यकता हुई तो वे सरकार बनाने में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ें। कांग्रेस ने अपनी कर्नाटक इकाई के प्रमुख डी के शिवकुमार को गोवा में विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तथा पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक एवं छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के साथ साथ विंसेंट पाला को भी मणिपुर भेजा है। पार्टी 2017 में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बावजूद दोनों राज्यों में सरकार बनाने की दौड़ हार गई थी। कांग्रेस की गोवा इकाई के प्रमुख गिरीश चूडांकर ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता पहले से ही कांग्रेस नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) भी उनकी पार्टी का समर्थन करेगी। कांग्रेस ने मतगणना से पहले तटीय राज्य के सभी उम्मीदवारों को पणजी के पास बम्बोलिम गांव में एक लग्जरी रिसॉर्ट में स्थानांतरित कर दिया है।गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत मंगलवार को अपने राज्य में उभरती स्थिति पर भाजपा नेतृत्व के साथ चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे। भारतीय जनता पार्टी की उप्र इकाई के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहाकि उप्र भाजपा कार्यालय में कोई खास तैयारी नहीं है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उत्तराखंड में भाजपा महासचिव और रणनीतिकार कैलाश विजयवर्गीय ने पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और अन्य नेताओं के साथ बैठक की।



वाराणसी में मतगणना केंद्र पर बाहर तैनात पुलिसकर्मी

विजयवर्गीय पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत के खिलाफ कांग्रेस विधायकों के विद्रोह के समय राज्य की राजनीति में सक्रिय रहे थे, जिसके कारण उत्तराखंड में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक दीपेंद्र हुड्डा, उत्तराखंड के लिए पार्टी प्रभारी देवेंद्र यादव, चुनाव प्रचार प्रमुख हरीश रावत और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गणेश गोदियाल के बैठकें करने के साथ ही कांग्रेस खेमा भी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। चुनाव बाद हुए कई सर्वेक्षणों में से कुछ में भाजपा तो कुछ में कांग्रेस को बहुमत मिलता बताया गया है। इनमें से कई में कहा गया कि इन दोनों प्रमुख दलों में कड़ी टक्कर है और त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति बन सकती है। यह एक ऐसा परिदृश्य होगा जिसमें निर्दलीय और क्षेत्रीय संगठनों की भूमिका अहम हो जाएगी जैसे कि सरकार गठन में आप, सपा, बसपा और उत्तराखंड क्रांति दल महत्वपूर्ण हो जाएंगे।

उत्तराखंड में 70 सदस्ईय विधानसभा है। प्रमुख दल उन बागियों पर भी नजर रख रहे हैं, जो अपने आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय के तौर पर मैदान में उतरे थे। इस बार भाजपा के तेरह और कांग्रेस के छह बागी चुनाव मैदान में थे। कांग्रेस महासचिव अजय माकन और प्रवक्ता पवन खेड़ा को पंजाब भेजा गया है। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने बुधवार को कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक बृहस्पतिवार को ही होगी। अरविंद केजरीवाल की आप सात साल तक दिल्ली में शासन करने के बाद पंजाब में भी सत्ता में आकर इतिहास रचने की उम्मीद कर रही है। हालांकि विभिन्न एग्जिट पोल में कहा गया है कि कांग्रेस लगातार दूसरी बार सरकार नहीं बना पाएगी लेकिन कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेताओं ने जोर देकर कहा है कि उनकी पार्टी जीत हासिल करेगी। वहीं, शिरोमणि अकाली दल ( शेष पेज 9 )

# सूमी से निकाले गए 600 भारतीय पोलैंड रवाना



सूमी से निकाले गए भारतीय विद्यार्थी ट्रेने से पोलैंड जाते हुए

**भाषा**। नई दिल्ली

**यूक्रेन** के उत्तर-पूर्वी शहर सूमी से सुरक्षित निकाले गए लगभग 600 भारतीय छात्रों का अंतिम बड़ा समूह ल्वीव से पोलैंड के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार हो चुका है और इसके बृहस्पतिवार को भारत के लिए उड़ान भरने की संभावना है। छात्र एक अन्य विशेष ट्रेन से पोल्तावा से पश्चिमी यूक्रेन स्थित ल्वीव पहुंचे।

यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा, "राजदूत ने ल्वीव रेलवे स्टेशन पर सूमी

● आज पकड़ सकते हैं भारत की उड़ान

विश्वविद्यालय के 600 भारतीय छात्रों के साथ विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वे पोलैंड की यात्रा करेंगे और कल उनके भारत के लिए निकासी उड़ानों में सवार होने की उम्मीद है। सुरक्षित रहें, हिम्मत रखें।

सोशल मीडिया पर कई वीडियो दिखाई दिए जिनमें छात्र हाथों में तिरंगा थामे और भारत माता की जय जैसे नारे ( शेष पेज 9 )

## नीट-यूजी पात्रता के लिए ऊपरी आयु सीमा हटाई गई

**भाषा**। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नीट-स्नातक 2022 परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए ऊपरी आयु सीमा को हटा दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2017 में अधिकतम आयु सीमा अनारक्षित उम्मीदवारों के लिए 25 वर्ष और आरक्षित उम्मीदवारों के लिए 30 वर्ष निर्धारित की थी। एक अधिसूचना में सीबीएसई ने कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए ऊपरी आयु सीमा परीक्षा की तारीख के अनुसार 25 वर्ष है, जिसमें अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजातिअन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए पांच साल की छूट है। एनएमसी सचिव डॉ. पुलकेश कुमार द्वारा नौ मार्च को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वरिष्ठ निदेशक डॉ. देवव्रत को एक पत्र भेजा गया। इस पत्र में ( शेष पेज 9 )

## निर्वाचन आयोग ने एमसीडी चुनाव की तारीखों की घोषणा टाली

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**दिल्ली** राज्य निर्वाचन आयोग ने केंद्र से सूचना मिलने के बाद बुधवार को यहां नगर निगम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा टाल दी। वहीं, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार चुनाव को टालने या स्थगित करने के लिए निर्वाचन आयोग को कोई निर्देश दे सकती है। राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) एस के श्रीवास्तव शाम पांच बजे संवाददाता सम्मेलन के दौरान तारीखों की घोषणा करने वाले थे।

हालांकि, श्रीवास्तव ने संवाददाताओं से कहा, मुझे शाम 4.30 बजे केंद्र सरकार से कुछ संदेश मिला है, इसलिए मैं अभी तारीखों की घोषणा करने में समर्थ नहीं हूं। एसईसी ने कहा, हम तारीखों की घोषणा करने वाले थे, लेकिन अब उन्हें घोषित करने में 5-7 दिन और लगेंगे। केजरीवाल ने एक ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह अब देश में चुनाव नहीं कराएंगे। केजरीवाल ने

● केजरीवाल ने उठाए सवाल

ट्वीट किया, क्या केंद्र सरकार किसी चुनाव को टालने या स्थगित करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश दे सकती है? किस प्रावधान के तहत? क्या ए दिशानिर्देश निर्वाचन आयोग के लिए बाध्यकारी हैं? मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, निर्वाचन आयोग दबाव में क्यों झुक रहा है? मोदी जी अब इस देश में चुनाव भी नहीं कराएंगे? श्रीवास्तव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार शायद एमसीडी का पुनर्गठन करना चाहती है। उन्होंने कहा, हो सकता है कि वे तीनों निगमों को फिर से मिला दें, इसलिए हमें इस पर विचार करना होगा और फिर एमसीडी चुनाव की तारीखों की घोषणा करनी होगी। हम उनकी सलाह पर गौर करेंगे। श्रीवास्तव ने कहा, अगर तीनों निगम एक हो जाते हैं तो हमें उसी के अनुसार फैसला करना होगा। हम इस मुद्दे पर कानूनी राय ले रहे हैं। उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली नगर निगमों में प्रत्एक में 104 वार्ड हैं। पूर्वी दिल्ली नगर निगम में 64 वार्ड हैं।

## ओडिशा में स्थापित हुआ पहला मानव दुग्ध बैंक

**पायनियर समाचार सेवा**। भुवनेश्वर

**ओडिशा** में बुधवार को राज्य का पहला मानव दुग्ध बैंक भुवनेश्वर स्थित एक सरकारी अस्पताल में स्थापित किया गया ताकि ऐसे नवजात बच्चों की देखभाल की जा सके जिनकी मां उन्हें अपना दूध पिलाने में समर्थ नहीं हैं। यह देश का 32वां व्यापक दूध प्रबंधन केंद्र है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इस सुविधा का उद्घाटन कैपिटल अस्पताल के बाल रोग वार्ड में किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. लक्ष्मीधर साहू ने कहा कि माताओं के दूध को सुविधा केंद्र में एकत्र किया जाएगा और इसकी राज्यभर के अस्पतालों में आपूर्ति की जाएगी। साहू ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मां का दूध नवजात शिशुओं के लिए अमृत है, लेकिन कुछ माताएं कई कारणों से शुरुआती कुछ हफ्तों में अपने बच्चों को दूध नहीं पिला पातीं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में नवजात बच्चों को परेशानी होती है, लेकिन मानव दुग्ध बैंक ऐसे मामलों में वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि माताओं को दूध दान ( शेष पेज 9 )

## असम नगर निकायों में भाजपा की प्रचंड जीत, 80 में से 72 पर कब्जा

**पायनियर समाचार सेवा**। गुवाहाटी

**असम** राज्य निर्वाचन आयोग (एएसईसी) द्वारा बुधवार को घोषित चुनाव परिणामों के अनुसार, भाजपा ने असम में नगर बोर्ड चुनावों में कुल 80 में से 72 नगर निकायों पर कब्जा करके बड़ी जीत हासिल की। राज्य में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनावों में बड़ी नाकामी झेलनी पड़ी और वह एक भी नगर निकाय में जीत हासिल नहीं कर पाई है। दिलचस्प रूप से मरियानी और हैलाकांडी शहरों के दो नगर निकायों में निर्दलीयों ने जीत हासिल की है।

एएसईसी ने कहा कि छह नगर बोर्ड में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। एएसईसी ने कहा कि भाजपा को 759 वार्ड में जीत मिली है, जबकि कांग्रेस के खाते में 76 वार्ड आए। अन्य को 141 वार्ड में जीत मिली है। पहले एएसईसी ने कहा था कि सत्तारूढ़ भाजपा ने 73 निकाय बोर्डों में जीत हासिल की है, वहीं दो पर अन्य को जीत मिली है और पांच में किसी को बहुमत नहीं मिला है। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हाल में संपन्न निकाय चुनावों में भाजपा और हमारे सहयोगियों को आशीर्वाद देने के लिए असम की जनता का आभार। उन्होंने कहा, यह उनका हमारी पार्टी के विकास एजेंडा में भरोसा दिखाता है। मैं परिश्रमी कार्यकर्ताओं के प्रयासों के लिए और जनता की सेवा के लिए उनकी सराहना करता हूं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विजय मोदी नीत भाजपा सरकार की विकास की राजनीति में जनता के अटल विश्वास को दिखाती है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि विशाल जनादेश वृद्धि और विकास के लिए है तथा यह पार्टी को नए जोश के साथ प्रगति के एजेंडे पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने एक के बाद एक ट्वीट में कहा, मैं भाजपा की असम इकाई के कार्यकर्ताओं और नेताओं को बधाई देता हूं, जिन्होंने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के विचारों को बिना थके प्रचारित किया। उन्होंने कहा, मैं ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,647 | ↑ 1223 | |
| निफ्टी | 16,345 | ↑ 331 | |
| सोना | 54,377 | ↑ 427 | /10g |
| चांदी | 72,028 | ↑ 710 | /kg |

### क्विक न्यूज

**एलआईसी के आईपीओ का रास्ता हुआ साफ**

**नई दिल्ली**। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे सरकार को चालू वित्त वर्ष के अपने विनिवेश लक्ष्य को पूरा करने के लिए 63,000 करोड़ रुपए जुटाने में मदद मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि सेबी ने एलआईसी द्वारा 13 फरवरी, 2022 को दाखिल दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी एक महीने से भी कम समय में मिल गई है। डीआरएचपी के अनुसार, आईपीओ के तहत सरकार एलआईसी के 31.6 करोड़ इक्विटी शेयर या कंपनी में अपनी पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। कंपनी के पॉलिसीधारकों और कर्मचारियों को आईपीओ में न्यूनतम शेयर मूल्य पर छूट मिलेगी।

## राजीव गांधी की हत्या के दोषी पेरारिवलन की जमानत मंजूर

**भाषा**। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 30 साल लंबी जेल की सजा काटने और पैरोल के दौरान किसी तरह की शिकायत नहीं मिलने के आधार पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे ए.जी. पेरारिवलन की जमानत बुधवार को मंजूर कर ली। वह राजीव गांधी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने उन दलीलों का संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया है कि दोषी पेरारिवलन 30 साल तक जेल में रहा है और उसका व्यवहार संतोषजनक रहा है, चाहे वह जेल के भीतर हो या पैरोल की अवधि के दौरान। पीठ ने पेरारिवलन को प्रत्एक माह के पहले सप्ताह में चेन्नई के निकट स्थानीय पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया तथा कहा कि याचिकाकर्ता की जमानत पर रिहाई के लिए वहां की स्थानीय अदालत अतिरिक्त शर्तें निर्धारित करेगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा है, इस तथ्य को लेकर कोई विवाद नहीं है कि याचिकाकर्ता ने 32 साल जेल में बिताए हैं। हमें सूचित किया गया है कि इससे पहले उसे तीन बार पैरोल पर रिहा किया गया है और उसके खिलाफ उस दौरान कोई शिकायत नहीं मिली।

न्यायालय ने इस दलील का भी संज्ञान किया कि फिलहाल पेरारिवलन पैरोल पर ही है और सजा की लंबी अवधि के दौरान उसके अच्छे आचरण के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। पीठ ने इस बात पर भी विचार किया कि पेरारिवलन ने उम्रकैद के दौरान शैक्षणिक योग्यता भी हासिल की है और वह खराब स्वास्थ्य से भी गुजर रहा है। पीठ ने कहा, इस तथ्य को ध्यान में ( शेष पेज 9 )

## श्रीनगर में आतंकियों ने सरपंच की गोली मारकर हत्या की

**भाषा**। श्रीनगर

**श्रीनगर** के बाहरी इलाके में बुधवार को आतंकवादियों ने एक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। सरपंच की पहचान समीर भट के रूप में हुई है। राजनीतिक दलों ने सरपंच की हत्या पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है। प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भट को सुरक्षा मुहैया कराई गई थी और उन्हें श्रीनगर के एक होटल में ठहराया गया था, लेकिन बुधवार को वह बिना बताए बाहर निकले तभी शहर के बाहरी इलाके खोनमोह में आतंकवादियों ने उन पर हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि भट को अस्पताल ( शेष पेज 9 )

# 12 से 17 साल के बच्चों के लिए कोवोवैक्स टीके को मंजूरी

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** औषधि नियामक ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के कोविड-19 रोधी टीके कोवोवैक्स के सीमित आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि टीके को 12 से 17 साल के बच्चों के लिए विकसित किया गया है। डीसीजीआई की ओर से मंजूरी मिलने की पुष्टि करते हुए एसआईआई के सीईओ अदार पूनावाला ने मंगलवार को ट्वीट किया, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के ब्रांड कोवोवैक्स को लेकर देश में शोध पूरा हो चुके हैं।

डीसीजीआई ने 12 साल से ऊपर के बच्चों के लिए इस टीके के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। छोटे उम्र के बच्चे इस दिशा में जल्द बढ़ेंगे। देश में 18 साल से कम उम्र के लोगों के लिए उपलब्ध यह कोरोना वायरस रोधी चौथा टीका होगा। भारतीय



औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने कोविड-19 से संबंधित विषय विशेषज्ञ समिति की सिफारिश के आधार पर कोवावैक्स के आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी दी। सरकार ने अभी तक 15 साल से कम उम्र वालों को टीका लगाने पर कोई फैसला नहीं लिया है। डीसीजीआई को दिए गए आवेदन में 21 फरवरी को सीरम इंस्टीट्यूट में निदेशक (सरकारी और नियामक मामले) प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि 12 से 17 साल के लगभग 2707 बच्चों पर दो अध्ययनों से पता चलता है कि कोवोवैक्स अधिक असरदार, अधिक प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न करने वाला एक सुरक्षित टीका है।

यह भी कहा गया कि इस उम्र वर्ग के बच्चे इस टीके को अच्छी तरह बर्दाश्त कर सकते हैं। एक आधिकारिक सूत्र के मुताबिक, आवेदन में सिंह की ओर से कहा गया कि यह मंजूरी न केवल अपने देश के लिए फायदेमंद होगी, बल्कि इससे पूरा विश्व लाभान्वित होगा। सिंह की ओर से कहा गया, यह हमारे प्रधानमंत्री के मेकिंग इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमारे सीईओ डॉ. अदार सी पूनावाला के दर्शन के अनुरूप मुझे यकीन है कि कोवोवैक्स देश और दुनिया के बच्चों को बड़े पैमाने पर कोविड-19 बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डीसीजीआई ने पहले ही 28 दिसंबर को वयस्कों में आपातकालीन स्थिति में सीमित उपयोग के लिए कोवोवैक्स को मंजूरी दे दी थी। हालांकि, इसे अभी तक देश के टीकाकरण अभियान में शामिल नहीं किया गया है। डीसीजीआई ने 21 फरवरी को कुछ शर्तों के अधीन 12 से 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए बायोलॉजिकल-ई के कोविड-19 रोधी टीके कॉर्बेवैक्स के आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। कोवावैक्स को नोवावैक्स से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण द्वारा निर्मित किया गया है। इस टीके को यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा बाजार में बिक्री को लेकर ( शेष पेज 9 )

# जेवर हवाईअड्डे के पास बसेंगे 16 नए सेक्टर

## 10 लाख से अधिक लोगों के घर का सपना होगा साकार

● एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की मंजूरी के बाद योजना पर शुरू होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्राफिक्स इमेज

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 16 नए सेक्टर विकसित किए जाएंगे। इसमें आवासीय, औद्योगिक और मिश्रित भू उपयोग के सेक्टर शामिल हैं। प्राधिकरण में अभी 33 सेक्टर हैं, जिन पर काम चल रहा है। नए सेक्टरों का प्रावधान मास्टर प्लान 2041 में किया गया है। नये मास्टर प्लान में 10 हजार हेक्टेयर से अधिक का शहरी क्षेत्र शामिल हो जाएगा। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की मुहर के बाद इन पर काम किया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण 2041 के मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे रहा है। विशेषज्ञ कंपनी इसको बना रही है। यमुना प्राधिकरण ने कंपनी को कुछ सुझाव दिए हैं। इन सुझावों को सम्मलित करते हुए कंपनी जल्दी अपनी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राधिकरण को सौंप देगी। प्राधिकरण आगामी बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान की डीपीआर को प्रस्तुत करेगा ताकि इसे एनसीआर प्लानिंग बोर्ड को भेजा जा सके। नए मास्टर प्लान में 16 नए सेक्टर विकसित किए जाएंगे। इनमें आवासीय, औद्योगिक, मिश्रित भू उपयोग के सेक्टर शामिल हैं।

यमुना प्राधिकरण चार आवासीय सेक्टर विकसित करेगा। इसमें मिश्रित भू उपयोग की भी अनुमति होगी। नये मास्टर प्लान में औद्योगिक उपयोग को दो श्रेणी में रखा गया है। पहला मल्टीपल यूज इंडस्ट्रियल लैंड यूज और दूसरा हाइब्रिड मल्टीपल इंडस्ट्रियल लैंड यूज। इसमें सभी तरह के उद्योग और व्यवसायिक गतिविधियां की जा सकेंगी। मास्टर प्लान 2041 में यमुना प्राधिकरण में 10000 से हेक्टेयर से अधिक जमीन शहरी गतिविधियां विकसित करने के लिए शामिल कर रहा है। अब शहरी क्षेत्र 32168 हेक्टेयर का हो जाएगा। पहले यह आंकड़ा 22392 हेक्टेयर का था।

मास्टर प्लान के प्रस्ताव के मुताबिक यहां पर प्रति हेक्टेयर 126 व्यक्ति का औसत रखा गया है। जबकि 2021 के मास्टर प्लान में प्रति हेक्टेयर 150 व्यक्ति का औसत था। यानी अब और खुला हुआ शहर विकसित हो सकेगा। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के मुताबिक, 150 से 175 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर का घनत्व होना चाहिए। मास्टर प्लान-2041 में मिक्स लैंड यूज और स्मार्ट सिटी का भी प्रावधान किया गया है। दोनों के लिए 2200 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। यहां स्मार्ट सिटी यूरोप की तर्ज पर विकसित की जाएगी। इसीलिए मिश्रित भू उपयोग रखा गया है। यहा यूरोप की तर्ज पर माल स्क्वायर बनेगा, जिसमें नीचे दुकानें होंगी और ऊपरी मंजिलों में रहने के लिए आवास बनेंगे। दफ्तर भी बनाए जाएंगे। इसमें जीरो कार्बन उत्सर्जन रहेगा। इस सिटी में सौर ऊर्जा का प्रयोग किया जाएगा। नए सेक्टरों में एयरट्रोपोलिस सिटी, एमआरओ सेंटर, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक हब, एविएशन हब विकसित किया जाएगा। इसकी तैयारी पहले से ही चल रही है। इसमें हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी तरजीह दी गई है। यहां होटल बनाए जाएंगे। मास्टर प्लान में सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक को भी विकसित करने का प्रस्ताव है। यह 900 एकड़ में बनेगा। यहां पर मॉल, कमर्शियल कांप्लेक्स विकसित किए जाएंगे। नई सड़कों का प्रस्ताव दिया गया है। 100 मीटर चौड़ी 4 पेरीफेरल रोड बनाई जाएंगी। 120 मीटर रोड को पलवल खुर्जा तक ले जाया जाएगा।

# बिजली गुल होने के चलते नहीं हुई स्टाफ नर्स की परीक्षा

● केंद्र पर अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नवोदय विद्यालय समिति के ऑल इंडिया स्तर पर हुए स्टाफ नर्स और कैटेरिंग असिस्टेंट की परीक्षा के दौरान दुहाई स्थित आरडी इंजीनियरिंग कॉलेज की बिजली गुल हो गई। ऐसे में पेपर दे रहे अभ्यर्थियों का सिस्टम बंद हो गया। करीब आधा घंटे तक बिजली गुल रहने के बाद लॉगइन नहीं हो सका। नाराज अभ्यर्थियों ने संस्थान पर पेपर लीक का आरोप लगाते हुए करीब चार घंटे तक हंगामा किया।

संस्थान में स्टाफनर्स के पेपर को कराने का जिम्मा टीसीएस कंपनी के पास था। बायोमेट्रिक प्रक्रिया होने के चलते अभ्यर्थी आरडी इंजीनियरिंग कॉलेज केंद्र पर सुबह साढ़े सात बजे ही पहुंच गए। तकनीकी खामी के चलते बायोमेट्रिक की प्रक्रिया पेपर शुरू होने से पहले तक चली। करीब आधा घंटे इंतजार के बाद भी समाधान नहीं होने पर सुबह साढ़े दस बजे के करीब अभ्यर्थियों का सब्र जवाब दे गया। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक हंगामे का दौर जारी रहा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अभ्यर्थियों को समझाने का प्रयास किया। फिर भी अभ्यर्थियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

इसके बाद सूचना पर एसपी देहात डॉ ईरज रजा मौके पर पहुंचे और उन्हें समझाकर जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद अभ्यर्थी शांत हुए। आरडी कॉलेज में तकनीकी खामी से बिजली जाने के कारण पेपर नहीं होने का मामला नवोदय विद्यालय समिति के नोएडा मुख्यालय तक पहुंच गया। इससे पहले करीब 12 बजे समिति ने सेंटर का पेपर स्थगित कर नई तिथि घोषित करने संबंधी सर्कुलर अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया।

# यीडा क्षेत्र में होगी यमुना जल की आपूर्ति

## गंगाजल की अपेक्षा योजना पर आएगा कम खर्च

● जलशोधन संयंत्र लगाएगा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



फाइल फोटो

यमुना प्राधिकरण अपने आवंटियों के लिए यमुना नदी के पानी की आपूर्ति करेगा। जैसे नोएडा और गाजियाबाद में गंगा जल की आपूर्ति होती है, वैसे ही यमुना प्राधिकरण अपने क्षेत्र में यमुना के पानी की आपूर्ति करने की तैयारी कर रहा है। जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा जल शोधन संयंत्र लगाए जाएंगे। यमुना नदी के नजदीक होने की वजह से इस योजना पर पैसे भी कम खर्च होंगे।

आपको बता दें कि यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र में 33 सेक्टर आते हैं। जिनमें 22 हजार से अधिक आवासीय भूखंड आवंटित हुए हैं। जिन पर कब्जा देना भी शुरू कर दिया गया है। इसी के साथ यहां पर 2 हजार से अधिक औद्योगिक भूखंड आवंटित किए जाने हैं। यही नहीं यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में दो कंपनियां भी बनकर तैयार हो गई हैं। जिसमें एक मोबाइल निर्माता कंपनी वीवो शामिल है। आने वाले एक महीने के अंदर यहां पर उत्पादन भी शुरू हो जाएगा।

एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2041 तक यहां पर 43 लाख की आबादी हो जाएगी। जिसे देखते हुए यमुना प्राधिकरण ने अपने संसाधनों को बढ़ाना शुरू कर दिया है। फिलहाल भूमिगत जल से लोगों को पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन बढ़ती आबादी को देखते हुए यमुना जल की आपूर्ति की जाएगी।

प्राधिकरण क्षेत्र में 5 किलोमीटर के दायरे में यमुना नदी निकलती है। जहां पर जल शोधन संयंत्र लगाकर पानी की आपूर्ति की जा सकेगी। यमुना नदी से जल आपूर्ति करने पर गंगाजल की आपूर्ति की उपेक्षा में कम खर्चा आएगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने बताया कि आवंटियों के पीने के पानी के लिए रेनीवेल और ओवरहेड टैंक बनाए जा रहे हैं। जिसके लिए जल शोधन संयंत्र लगाए जाएगा।

### ठगों ने खाते से निकाले 2.90 लाख

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम निवासी अधिवक्ता अनिरूद्ध संगनेरिया को ऑनलाइन शराब का ऑर्डर देना महंगा पड़ गया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन शराब मंगाने के लिए गूगल से नंबर निकाला था। उन्होंने फोनकर किसी मोडिन साहब को ऑनलाइन शराब का ऑर्डर दिया था।

उन्होंने अपने ऑर्डर का आधी धनराशि ऑनलाइन भुगतान की थी। उसके बाद मोडिन की किसी दूसरे नंबर से कॉल आई। उसने गैर राज्य होने और नियमों का हवाला दिया। उसके बाद किसी अन्य नंबर से दूसरे व्यक्ति का भी फोन आया। ठगों ने पीड़ित के पैसे रिफंड करने के बहाने 13 बार में करीब 2.90 लाख की ठगी कर ली।

# मतगणना केंद्र पर एक हजार से अधिक जवान तैनात

## 69 टीम खोलेंगी ईवीएम, माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आज फेस-टू स्थित फूल मंडी में मतगणना शुरू हो जाएगी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का सख्त पहरा होगा। इसके अलावा माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद में मतगणना स्थल के अलावा अन्य स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात किए जाएंगे, लेकिन मतगणना स्थल पर पुलिस की संख्या सबसे ज्यादा होगी।

एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि गुरुवार सुबह से फूल मंडी में मतगणना शुरू हो जाएगी। मतदान स्थल पर इतनी सख्त पुलिस व्यवस्था होगी कि आस पास कोई परिंदा भी नहीं मंडरा सकता है। पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। विशाल पांडे ने बताया कि मतदान स्थल पर एक डीसीपी, दो एडिशनल डीसीपी, 9 एसीपी, 9 एसएचओ, 150 दरोगा, 500 सिपाही, 138 महिला पुलिसकर्मी, दो कंपनी पैरामिलिट्री और एक कंपनी पीएसी की तैनात होगी।



इस तरीके से करीब 1126 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कुल मिलाकर मतदान स्थल पर काफी सख्त पहरा होगा। मतगणना करने के लिए जनपद में 276 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह 4-4 लोगों की टीम के साथ काम करेंगे। कुल मिलाकर जनपद में तीनों विधानसभा सीटों के लिए 69 टीमें मतगणना करेगी। इस 4 टीम में एक गणना सुपरवाइजर, एक गणना सहायक, एक माइक्रो ऑब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी होगा। इसके अलावा 54 टीमें मतगणना कार्य करेंगी। यह सब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते नोएडा से सपा प्रत्याशी सुनील चौधरी।

### सपा प्रत्याशी ने केलकुलेटर मुद्दे को उठाया

**नोएडा।** सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुनील चौधरी ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हमारे एजेंट को अंदर केलकुलेटर और मोबाइल साथ में नहीं जाने दिया जा रहा है। चुनाव आयोग से शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान सपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी ने कहा कि जिस तरह जगह-जगह ईवीएम बिना सुरक्षा के दिखाई दे रही है उससे बीजेपी का गलत और धांधली का इंटेंशन अधिक दिखाई दे रहा है। सपा पार्टी सरकार बनाने जा ही है, जिसके चलाते बीजेपी बौखला गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर हमारे एजेंट केलकुलेटर लेकर अंदर नहीं जाएंगे तो हम लाखों की संख्या में जो गिनती होगी उससे कैसे जुड़ेंगे, जबकि बीते चुनावों में ऐसा कभी नहीं हुआ।



### ई-रिक्शा से सेक्टर में उठाया जाएगा कूड़ा

**नोएडा।** सेक्टर-61 की आरडब्ल्यूए को सेक्टर से कूड़ा उठाने के लिए तीन ई-रिक्शा मिले हैं। एचसीएल फाउंडेशन ने तीनों ई-रिक्शा दिए हैं। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजीव चौधरी ने बताया कि सेक्टर में कूड़ा उठाने के लिए तीन ई-रिक्शा मिले हैं। इसमें गीला, सूखा और हानिकारक कूड़ा उठाने के लिए अलग-अलग बॉक्स बनाए गए हैं। ई-रिक्शा के बॉक्स बंद होने की वजह से सेक्टर में कूड़ा उठाने के दौरान बदबू नहीं फैलेगी और कूड़ा सड़क पर भी नहीं गिरेगा।

### खाने में लहसुन, प्याज डालने पर पुलिस से शिकायत

**नोएडा।** बहू ने खाने में लहसुन और प्याज डाला तो सास ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से कर दी। महिला की शिकायत के आधार पर सेक्टर-20 कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में 80 वर्षीय बनारसी देवी ने बताया कि वह सेक्टर-17 स्थित भेल कालोनी में बेटे और बहू के साथ रहती हैं। उनके बेटे पवन की शादी दो साल पहले मध्य प्रदेश निवासी हर्षिका से हुई थी। आरोप है कि बहू उसको चिढ़ाने के लिए बिना स्नान किए घर में बने मंदिर को छूती है और रसोई में जूठा खाना रखती है। बहू ने घर में रखे आभूषण और नकदी बिना बताए निकाल लिए और आए दिन मारपीट करती है। जब बेटा घर पर नहीं होता है तब बहू प्रताड़ित करती है।

# 43 लाख चोरी का पुलिस ने 5 दिन में किया पर्दाफाश

## एक आरोपी गिरफ्तार, नकदी, तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पांच दिन पहले कोतवाली क्षेत्र की कृष्णानगर कालोनी में हुई 43 लाख की चोरी का पुलिस ने बुधवार को पर्दाफाश कर दिया। मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, इसके पास से बीस हजार नकद, तीन मोबाइल व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुई है। इसका एक साथी अभी फरार है। जिसके खिलाफ पुलिस को साक्ष्य मिले हैं। जल्दी ही उसे गिरफ्तार करने का पुलिस दावा कर रही है।

एसएचओ मोदीनगर अनीता चौहान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मेरठ के लिसाड़ी गेट स्थित मजीदनगर का अमन है। आरोपित ने अपने साथी हाशिम के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। दोनों स्कूटी पर यहां मोदीनगर आए थे। हाशिम ने ताला खोला और मकान में घुस गया। अमन को निगरानी के लिए घर के बाहर ही खड़ा कर दिया। अमन स्कूटी स्टार्ट कर बाहर ही खड़ा रहा, जबकि हासिम अंदर से सामान बैग में भरता रहा। वहां से सामान चोरी कर करीब पंद्रह मिनट बाद वे फरार हो गए। इनमें हाशिम ने अमन को बीस हजार रुपये दिए। पूछताछ में अमन ने पुलिस को बताया कि वह बंद पड़े मकानों के ताले तोड़कर सामान भी चोरी करता था। इस अवैध धंधे में काफी लंबे समय से शामिल रहा है।



पुलिस के मुताबिक, आरोपित गाजियाबाद के एक ढाबे पर काम करता था। इस बीच उसकी मुलाकात हाशिम से हुई। इसके बाद इन्होंने चोरी की योजना बनाई। अमन अपने दोस्त से मोदीनगर जाने की बात कहकर स्कूटी लाया था। दोस्त को नहीं पता था कि अमन घटना को अंजाम देने के लिए स्कूटी लेकर जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, हाशिम शातिर किस्म का अपराधी है। वह दो महीने ही जेल से बाहर आया है।

# गिरवी जमीन का फर्जी तरीके से कराया बैनामा, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निवाड़ी थाना क्षेत्र में यूपी ग्रामीण बैंक में गिरवी रखी जमीन का फर्जी तरीके से किसी दूसरे के नाम बैनामा कराने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपित ने इसके लिए बैंक प्रबंधक की फर्जी मुहर व फर्जी भूमि मुक्ति पत्र भी तैयार किए।

मामला प्रकाश में आने पर जब बैंक प्रबंधक ने निवाड़ी थाने में शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर कुछ दिन पहले उन्होंने एसएसपी से शिकायत की, उनके आदेश पर अब मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई है।

बैंक प्रबंधक रोहित कुमार के मुताबिक, भनैड़ा गांव के रतन सिंह ने जुलाई 2017 में अपनी जमीन गिरवी रख बैंक से 4.56 लाख का लोन लिया था। कुछ समय बाद रतन सिंह की मौत हो गई।

आरोप है कि इस बीच उनके रिश्तेदारों ने फर्जी तरीके से भूमि मुक्ति पत्र व बैंक की मुहर बनवाकर उस जमीन को कागजों में मुक्त दिखाया और उसका बैनामा अपने नाम करा लिया।

# फेसबुक फ्रेंड ने बनाई अश्लील वीडियो

● फेसबुक पर दोस्ती पड़ी महंगी, पैसे के लिए धमका रही महिला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सोशल मीडिया पर युवक को महिला से दोस्ती करना भारी पड़ गया है। फेसबुक से दोस्ती कर महिला ने पीड़ित की अश्लील वीडियो बनाकर मोटी रकम मांग रही है।

दरअसल, काफी समय से दोनों के बीच फोन कॉल और वीडियो कॉल पर बात हो रही थी। इस दौरान युवती ने वीडियो कॉल की रिकॉर्डिंग कर अश्लील वीडियो बना ली। पीड़ित ने सेक्टर 39 थाना में शिकायत दी है।

पीड़ित ने बताया कि वह सेक्टर 41 में रहता है। कुछ दिन पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती एक युवती से हुई थी। फिर दोनों के बीच बातचीत होने लगी। वीडियो कॉलिंग के समय जब असहज स्थिति में था तो युवती ने रिकॉर्डिंग कर ली। महिला संबंधित वीडियो फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल और रिश्तेदारों के पास भेजने की धमकी दे रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है।

कुछ महीने पहले उसके फेसबुक पर युवती की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी उसने युवती की रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली। फिर दोनों के बीच फेसबुक पर बातचीत होने लगी। इस दौरान युवती ने युवक को वीडियो कॉल कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शराब की अवैध भट्ठियों पर मारा छापा

**गाजियाबाद।** होली का त्यौहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे शराब माफिया भी शहर से लेकर देहात तक अवैध कारोबार को बढ़ाने के लिए जुगत में रहते हैं। होली के मद्देनजर शराब की डिमांड भी चरम पर है। इसी के साथ खादर क्षेत्र में शराब की भट्ठियां धधकने लगी हैं।

इसी के मद्देनजर आबकारी विभाग की टीम ने यहां खादर क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब की भट्ठियों पर कार्रवाई करते हुए 1600 किलोग्राम लहन को नष्ट किया और 50 लीटर कच्ची शराब बरामद किया।



आबकारी टीम द्वारा खादर में पकड़ी अवैध शराब की भट्ठी।

# महिला कामगारों को उत्कृष्ट उधमी बनाने के लिए किया प्रेरित

## नोएडा हॉट में चल रहे सरस मेले में स्वयं सहायता समूहों के लिए कार्यशाला आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सेक्टर 33ए नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेले में सभी महिला कामगारों को उत्कृष्ट उद्यमी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में सभी राज्यों के स्वयं सहायता समूहों को बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड झांसी के सीईओ डॉ ओम प्रकाश सिंह ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आज से ढाई वर्ष पहले इस कंपनी की शुरुआत हुई थी और आज इस क्षेत्र में 35000 महिला कामगार दीदियां जुड़ी हैं। इसी तर्ज पर सभी समूहों को अपने उत्पादों में गुणवत्ता सुधारते हुए आगे बढ़ना है। आप यदि व्यक्तिगत हित को हटाकर सर्वहित की बात करेंगे तो आपके समूहों से और भी महिलाएं जुड़ेंगी और आपका काम आगे बढ़ेगा। सरकार आपके साथ खड़ी है। आपको नोएडा लाने का मतलब है कि आप दुनिया को देख सकें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आपको सभी सुविधाएं मुहैया करा रहा है।



सेक्टर-33ए नोएडा हाट में चल रहे सरस मेले में खरीदारी करतीं महिलाएं।

इस अवसर पर एनडीडीबी डेरी सर्विसेज नई दिल्ली के प्रैक्टिस हेड प्लानिंग डॉ रघु मल्लेगौड़ा ने कहा कि डेयरी उत्पाद में महिलाओं की अधिक भागीदारी महिला सशक्तिकरण का ही उदाहरण है। इसी तरह हमारे सभी राज्यों के समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बनते हुए अपने उत्पादों के स्तर को बढ़ाएं। यहां एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया, शोध अधिकारी सुधीर कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह रामगोपाल तथा सुरेश प्रसाद समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# गोवा के डेकोरेशन उत्पाद स्वीट्स तथा स्नैक्स की धूम

**सरस** मेले में गोवा के डेकोरेशन प्रोडक्ट, स्वीट्स तथा स्नैक्स नोएडा वासियों को खूब पसंद आ रहे हैं। गोवा की स्टेट कोऑर्डिनेटर दर्शना बिलिये ने बताया कि अन्य राज्यों की ही तरह गोवा के भी अलग-अलग उत्पाद हैं। पेरनेम ब्लॉक की समीक्षा ओम सांई स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं।

इनके उत्पादों में डेकोर मुख्य है। जिनमें होम डेकोरेशन के विभिन्न उत्पाद शामिल हैं। हरवालेन बिचोलिक गोवा की स्मित शबन बेरेकर श्री शैर्यवन स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। इनके सभी उत्पाद सेलावुड फ्लावर्स के हैं। वहीं पैरनेम की ही दीपशिखा देव ब्राह्मण रस्तौली स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। इनके उत्पादों में गोवा की स्वीटस तथा स्नैक्स शामिल हैं। दर्शना ने बताया कि यह गोवा का चूरमा स्पेशल है। सरस मेले में देशभर के करीब 25 राज्यों के अलग-अलग जिलों से स्वयं सहायता समूहों का संचालन करने वाली महिलाएं पिछले लगभग 14 दिनों से अपने अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। सरस आजीविका मेला 13 मार्च तक चलेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 मार्च, 2022



# गरीब छात्रों को मिलेगी रोजगारपरक शिक्षा

## उप मुख्यमंत्री ने दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय लाइट हाउस का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के वंचित और गरीब युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से राज्य ने रोजगारपरक शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल की है। इसके अंतर्गत उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कालकाजी में पहले दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) लाइट हाउस का उद्घाटन किया।

सिसोदिया ने बताया कि इसके साथ ही विद्यार्थियों के बजाय विश्वविद्यालय और महाविद्यालय उनसे से संपर्क करेगा। पिछले सप्ताह डीएसईयू ने पुणे स्थित गैर लाभाकरी लाइट हाउस कम्युनिटी फाउंडेशन से दिल्ली की झुग्गी बस्तियों के पास लाइट हाउस स्थापित करने के लिए करार किया था ताकि वंचित वर्ग के युवाओं को जीविकोपार्जन प्राप्त करने में मदद की जा सके। अन्य लाइट हाउस मल्कागंज, मटिया महल और पड़पडगंज में स्थापित किए जाने की उम्मीद है।

सिसोदिया ने कार्यक्रम में कहा, विद्यार्थी कई जतन महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में प्रवेश करने के लिए करते हैं लेकिन इस पहल से विश्वविद्यालय और महाविद्यालय विद्यार्थियों के पास जाएंगे।

दिल्ली के शिक्षा विभाग का प्रभार संभाल रहे सिसोदिया ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, दो साल पहले आपने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री चुना था। अगर वह यहां हैं तो यह सब संभव हुआ है। सिसोदिया ने कहा आज ग्रेजुएशन करने के बाद भी युवा जॉब्स के लिए भटकते रहते है लेकिन इस कोर्स के बाद कंपनी खुद आकर युवाओं को जॉब देगी।

कालकाजी की विधायक अतिशी ने कहा कि डीएसईयू लाइटहाउस केजरीवाल सरकार की अनूठी पहल जैसे लाइटहाउस दूर-दूर तक रौशनी पहुंचाकर रास्ता दिखाता है ठीक वैसे ही ये पहल हमारे क्षेत्र के युवाओं को उनके भविष्य के लिए रास्ता दिखाने का काम करेगी। डीएसईयू की वाईस चांसलर , प्रो. (डॉ.) नेहारिका वोहरा ने कहा कि दिल्ली के युवाओं में स्किल्स डेवलपमेंट के विजन को ध्यान में रखते हुए यह प्रोजेक्ट सीखने के स्थानों को स्टूडेंट्स के घरों के करीब लाकर हमें वंचित समुदायों तक पहुंचने में मदद करेगा।

माइकल एंड सुसान डेल फाउंडेशन के प्रोग्राम डायरेक्टर राहिल रंगवाला ने कहा कि लाइटहाउस एक मजबूत पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल और अनूठे प्रोग्राम डिजाइन के साथ बनाया गया है जो वंचित युवाओं की बेहतरी के लिए काम करता है।

लाइटहाउस कम्युनिटीज के चेयरमैन डॉ. गणेश नटराजन ने कहा कि दिल्ली लाइटहाउस कम्युनिटीज के विस्तार के नए फेज की लॉजिकल शुरुआत है। हम 2030 तक अपने लाखों नागरिकों के जीवन को बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




फोटो: रंजन डिमरी

### कालकाजी डीएसईयू लाइटहाउस की विशेषताएं

डीएसईयू लाइटहाउस कालकाजी में स्टेट-ऑफ-आर्ट सुविधाओं से लैस 4 ट्रेनिंग रूम के साथ-साथ, काउंसलिंग रूम, विडियो-कांफ्रेंसिंग रूम, सेल्फ-लीर्निंग स्पेस व लैपटॉप व इंटरनेट से लैस एल टेक-हब शामिल होगा। यहां कालकाजी व आसपास के लो इनकम ग्रुप के 600 से ज्यादा युवाओं को हर साल लाइफ स्किल्स, टेक्निकल ट्रेनिंग देकर रोजगार के अवसरों तक पहुँचाने में मदद करेगा।

# उत्तरी नगर निगम की सदन कार्रवाई हंगामे की भेंट चढ़ी

### सत्तारूढ़ और विपक्षी सदस्यों में तकरार, बिना चर्चा के प्रस्ताव हुए पारित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा शासित उत्तर दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) में बुधवार को सदन की कार्रवाई बैठक एक बार फिर हंगामे की भेंट चढ़ गई। भाजपा सरकार ने बिना किसी चर्चा के दर्जनों प्रस्ताव पास कर दिए गए।

हाउस में डीबीसी कर्मचारी और शराब नीति को लेकर मामला तो उठा, लेकिन शोर-शराबे और हंगामे के बीच भाजपा ने प्रस्ताव पारित कर हाउस को स्थगित कर दिया।

बैठक के दौरान सत्तारूढ़ दल और विपक्ष सदस्यों के बीच डेंगू मच्छरों की रोकथाम, कर्मचारियों को नियमित करने को लेकर दौरान तीखी नोकझोंक हुई। सूत्रों ने बताया कि सिविक सेंटर में सुबह नौ बजे से सत्र को बुलाया गया।

निर्वाचन अधिकारियों द्वारा बुधवार शाम को संभावित एमसीडी चुनाव की तारीख की घोषणा के मद्देनजर सदन की कार्यवाही तय वक्त से पहले शुरू की गई। आम तौर पर सत्र दोपहर दो बजे होता है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, करीब एक घंटे तक चली सदन की कार्यवाही के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सदस्यों के बीच डेंगू फैलाने वाले मच्छरों की रोकथाम के लिए कर्मचारियों को नियमित करने के मुद्दे पर तीखी नोकझोंक हुई।

उन्होंने बताया कि एनडीएमसी की विधाई शाखा ने हाल में डीबीसी (डेंगू ब्रीडिंग चेकिंग) कर्मचारियों को नियमित करने पर प्रस्ताव पारित किया और फाइल मंजूरी के लिए दिल्ली सरकार के पास भेजी गई है। एनडीएमसी में विपक्ष के नेता और आप पार्षद विकास गोयल ने आरोप लगाया कि भाजपा इस मुद्दे पर राजनीति कर रही है जबकि उसके पास उन्हें नियमित करने का अधिकार है। राष्ट्रीय राजधानी में अप्रैल में निकाय चुनाव होने हैं। बहरहाल, चुनाव के लिए तारीख की घोषणा अभी नहीं हुई है। हाउस की बैठक पर बातचीत करते हुए मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पार्षद हाउस को डिस्टर्ब करने के मकसद से ही आए थे। वहीं आप नेता राकेश कुमार ने कहा कि भाजपा आखिरी हाउस में भी बिना चर्चा के स्थगित कर देना और सिर्फ प्रस्ताव पास करना दर्शाता है कि उसे जनता की चिंता नहीं है। कांग्रेस दल की नेता प्रेरणा सिंह ने बातचीत के दौरान कहा कि आम आदमी पार्टी को न तो दिल्ली की चिंता है और न ही दिल्ली के लोगों की यह लोग नॉर्थ एमसीडी के आखिरी हाउस के प्रति गंभीर नहीं थे।

# पोर्टा केबिन में चल रहे स्कूल को मिली नई इमारत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पोर्टा केबिन में चल रहे है स्कूल के लिए केजरीवाल सरकार ने पक्की इमारत बनवाई है। विधायक विशेष रवि ने बताया कि 1972 से सर्वोदय कन्या विद्यालय पोर्टा केबिन से चल रहा था। पहले की सरकारों ने शिक्षा की अनदेखी की।

नए स्कूल में गणित लैब, विज्ञान लैब और आधुनिक क्रीड़ा मैदान जैसी सभी सुविधाएं हैं। करोल बाग स्थित आराम बाग के इलाके में 50 वर्षों से पोर्टा केबिन से चल रहे स्कूल के लिए केजरीवाल सरकार ने नई आलीशान इमारत बनवायी है। विधायक विशेष रवि ने उद्घाटन कर स्कूल बच्चों को समर्पित किया है।

विधायक विशेष रवि ने कहा कि 2019 में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री ने इस स्कूल को पक्का बनवाने का निर्णय लिया। कोरोना से आयी बाधा के बावजूद इसे रिकॉर्ड वक्त में बनवा कर अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की है।

विशेष रवि ने कहा कि पहले की सरकारों ने शिक्षा की हमेशा से ही अनदेखी की थी। इसी कारण से यह स्कूल कभी पक्का नहीं बन पाया था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार बनते ही तेजी से स्कूलों के निर्माण का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में गणित लैब, विज्ञान लैब और आधुनिक क्रीड़ा मैदान जैसी सभी सुविधाए उपलब्ध हैं। 2022-23 सत्र से इस स्कूल में कक्षाएं शुरू होंगी । सरकारी स्कूल के आसपास अभिभावक और छात्र भटकते नहीं थे, आज वहां दाखिले की होड़ लगी हुई है।

### आरामबाग स्थित स्कूल में गणित लैब, विज्ञान लैब और आधुनिक मैदान जैसी सभी सुविधाएं

## शर्जील इमाम की जमानत अर्जी पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित भड़काऊ भाषण देने के मामले में गिरफ्तार जेएनयू के छात्र नेता शर्जील इमाम की जमानत अर्जी पर बुधवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की पीठ ने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को नोटिस जारी कर उसे 10 दिन के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की। इमाम कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगा है।

# बुराड़ी अस्पताल में सामान्य ओपीडी बहाल

### कोविड के घटते मरीजों को देखते हुए उठाया कदम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस की संक्रमण दर में कमी के बीच सरकारी बुराड़ी अस्पताल में गैर-कोविड सेवाएं शुरू करने की मंजूरी दे दी है। बीते 13 जनवरी को रिकॉर्ड 28,867 मामले आने के बाद दिल्ली में संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या में कमी आई है।

बुराड़ी अस्पताल का उद्घाटन जुलाई 2020 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया था। दिल्ली में 14 जनवरी को संक्रमण दर 30.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जो महामारी की चल रही लहर के दौरान सबसे अधिक थी।



आधिकारिक आदेश में कहा गया है, दिल्ली में कोविड-19 मामलों की संक्रमण दर में कमी और पर्याप्त कोविड बिस्तर की उपलब्धता को देखते हुए, सक्षम प्राधिकारी ने बुराड़ी अस्पताल में गैर-कोविड सेवाएं तत्काल प्रभाव से शुरू करने की मंजूरी दी है।

# एक हजार उद्यानों का होगा कायाकल्प

### पार्कों को बहुउद्देश्य मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगाः उपाध्यक्ष डीडीसी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



संवाद एवं विकास आयोग (डीडीसी) ने राजधानी के एक हजार पार्कों के विश्व स्तरीय कायाकल्प के उद्देश्य से बुधवार को विजन दिल्ली 2047 के तहत सामुदायिक पार्क पहल शुरू की।

डीडीसी उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक ई-कॉन्क्लेव में यह भी कहा कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में होटल, रेस्तरां और कैफे (एचओआरईसीए) और नाश्ता एवं बिस्तर (बी एंड बी) उद्योगों पर नियामक बोझ को कम करने की दिशा में काम कर रही है। शाह ने कहा, केजरीवाल सरकार दिल्ली को एक शीर्ष वैश्विक पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिल्ली सरकार के थिंक टैंक डीडीसी अगले पांच वर्षों में राजधानी के एक हजार सामुदायिक पार्कों के समग्र कायाकल्प की दिशा में काम करने के लिए पार्क्स एंड गार्डन सोसाइटी, आरडब्ल्यूए और सीएसआर या परोपकारी संगठनों के साथ सहयोग करेगा।

शाह ने कहा कि सामुदायिक पार्क पहल दिल्ली 2047 पहल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है जिसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अगस्त 2021 में 2047 तक दिल्ली को एक आधुनिक, न्यायसंगत और टिकाऊ शहर बनाने के लिए शुरू किया था। उन्होंने कहा कि उद्यान का पहल समूह आईसीआईसीआई फाउंडेशन, जेके सीमेंट और सीआईआई दिल्ली के सहयोग से स्थापित किया जाएगा।

डीडीसी के उपाध्यक्ष ने कहा कि सामुदायिक उद्यानों के पुनर्विकास के लिए एक मॉडल स्थापित करने के लिए इन पार्कों को बहुउद्देश्य स्थान के रूप में डिजाइन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदायों को इन उद्यानों के डिजाइन और विकास में शामिल किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विविध हितधारकों की जरूरतों को पूरा करें। दिल्ली में पर्यटन के भविष्य के लिए व्यापक नीतिगत पहलों को साझा करते हुए जस्मिन शाह ने कहा कि दिल्ली में स्ट्रीट फूड राजधानी बनने की क्षमता है। दिल्ली सरकार होटल, रेस्तरां, कैफे और बीएंडबी उद्योगों पर नियमों के बोझ को कम करने की दिशा में काम कर रही है। 500 से अधिक झीलों और जल निकायों को पुनर्जीवित कर रही है। पार्क विकसित कर रही है। इन स्थानों को सभी सार्वजनिक सुविधाओं के साथ डिजाइन किया जा रहा है।

## रेप मामले में खुफिया ब्यूरो के पूर्व अधिकारी पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** खुफिया ब्यूरो के एक पूर्व अधिकारी के खिलाफ करोल बाग में नाबालिग लड़की को नौकरी देने का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी पीड़िता के पिता का दोस्त है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ब्यूटीशियन का काम सीख रही थी। आरोपी सात मार्च को लड़की को एक होटल में ले गया और उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया, जिसके बाद उसने उसे घर वापस छोड़ दिया और घटना की जानकारी अपने माता-पिता को ना देने की धमकी भी दी। हालांकि, एक दिन बाद लड़की ने परिवार को बता दिया।

# प्रसव के बाद महिला की खराब हुई किडनी का सफल प्रत्यारोपण

### उज्बेक मां ने भारत आकर किया अंगदान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रसव के बाद किडनी फेल होने से पिछले एक साल से डायलिसिस पर चल रही उज्बेकिस्तान की युवती किडनी का दिल्ली के एक अस्पताल में सफल प्रत्यारोपण किया गया। युवती को किडनी उसकी मां ने भारत आकर दिया।

चिकित्सकों के अनुसार प्रसव के बाद गुर्दे और आंतों के क्षतिग्रस्त होने की घटना बहुत रेयर (बहुत कम) महज 0.5 से एक फीसदी महिलाओं में देखने को मिलती है। आकाश हेल्थकेयर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 23 वर्षीय युवती का उपचार कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर) के कारण इस महिला के गुर्दों ने काम करना बंद कर दिया था और उसे वाहिका परिगलन (ट्यूबलर नेक्रोसिस) हो गया था। अस्पताल के अनुसार युवती की हालत बिगड़ने पर उसकी मां ने ई-मेल से अस्पताल से संपर्क किया। मां ने उसे अपना एक गुर्दा देने का फैसला किया।

# बढ़ने लगी तपिश, पारा 31 डिग्री के पार

### दिन भर खिली रही धूप, घट रहा प्रदूषण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बढ़ती तपिश और चढ़ते पारे के साथ सूरज अब आंखे दिखाने लगा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस तक चला गया जो इस सीजन के औसत से दो डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में पारा 32 से 32 डिग्री तक पहुंच सकता है।

मौसम विभाग ने गुरुवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः करीब 31 एवं 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है।

बुधवार की सुबह धूप खिली रही और आसमान साफ रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, शहर में शाम साढ़े पांच बजे 24 प्रतिशत सापेक्ष आर्द्रता दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शहर में अपराह्न चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 162 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया है। अधिकतम तापमान 13 मार्च को करीब 32 तक और उसके अगले ही दिन 34 तक पहुंच जाने की संभावना है।

एक्यूआई को शून्य और 50 के बीच अच्छा , 51 और 100 के बीच संतोषजनक , 101 और 200 के बीच मध्यम , 201 और 300 के बीच खराब , 301 और 400 के बीच बेहद खराब में माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार




स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का चेकअप करते डॉक्टर व अन्य।

### ईएसआईसी स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य शिविर

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) 70 वें स्थापना दिवस पर विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उप क्षेत्रीय कार्यालय के उप निदेशक (प्रभारी) प्राणेश कुमार सिन्हा के देखरेख में 40 आयुवर्ग से अधिक आयु के बीमांकित व्यक्तियों के लिए जांच की गई। इस जांच शिविर में छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.एस. रावत के नेतृत्व में डॉ. रचना तंवर, डा. अल्का चौहान, डॉ. सोनी राठौर , डॉ. अनंत प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. रवीन्द्र कुमार, डॉ. शिल्पी, डॉ. आशीष एवं सुखपाल सिंह, पुनीत जोशी, पंकज कुमार, मनोज कुमार सिंह, मंजीत कौर, गीता (एएनएम) तथा अरुण कुमार के द्वारा 80 बीमांकित व्यक्तियों के बीपी, सुगर, ईसीजी,मधुमेह, दृष्टि आदि की जांच की गई, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक थी। चिकित्सा शिविर में पी के सिंह (उप निदेशक), हंसराज (सहायक निदेशक) ने आकर कैंप की सराहना की।

### उपचार के साथ गुर्दे को स्वस्थ रखती है नीरी केएफटी

**नई दिल्ली।** विश्व किडनी दिवस पर इस बार की थीम है, किडनी हेल्थ फॉर ऑल। जिसके तहत गुर्दों को स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया गया है। चिकित्साविदों का मानना है कि आयुर्वेद में वर्णित जड़ी-बूटियों के इस्तेमाल से न सिर्फ लंबे समय तक गुर्दों को स्वस्थ बनाए रखा जा सकता है बल्कि वे इलाज में भी प्रभावी हैं। विश्व के पांच मेडिकल जर्नल की रिपोर्टें भी इस तथ्य पर बल देती है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आयुर्वेद संकाय के डीन प्रोफेसर केएन द्विवेदी के अनुसार पुनर्नवा, गोक्षुर, वरूण, गुडुची, कासनी, तुलसी, अश्वगंधा तथा आंवला जैसी औषधियों के सेवन से गुर्दे की क्रिया प्रणाली में सुधार होता है। इससे गुर्दे से जुड़ी बीमारियों का खतरा घटने के साथ ही पहले से हुए विकार को ठीक करने में कारगर है।

# हैंडलूम एक्सपो में मुगा, मधुबनी, फुलकारी की झलक

## अलग-अलग राज्यों के हथकरघा से जुड़े 60 स्टाल लगाए, राजधानी में 19 मार्च तक चलेगा मेला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भारतीय हथकरघा उत्पादों तथा शिल्पकारों को बढ़ावा देने के लिए सैन्ट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन (सी.सी.आई.सी) द्वारा आयोजित कॉटेज हैंडलूम एक्सपो प्रदर्शनी का आयोजन सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम में किया गया।

इसका उद्घाटन कपड़ा मंत्रालय के सचिव आईएएस अधिकारी 0उपेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। हैंडलूम उत्पादों के बिक्री के लिए एक्सपो 19 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा इसमें देश के कई राज्यों के हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस हैंडलूम एक्सपो में देश के अलग अलग राज्यों के हथकरघा से जुड़े लगभग 60 स्टाल्स लगाए गए है । जिसमे मास्टरवीवर्स राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं, शिल्पगुरु और क्लस्टर द्वारा बुने गए साड़ी, शॉल, कपड़े, परिधान, सहायक उपकरण, फर्निशिंग ,होम लिनन आदि बहुत कुछ विशेष प्रदर्शित किए गए है । एक्सपो में नार्थ ईस्ट की मुगा, मध्य प्रदेश की चंदेरी, भुज की बांधनी, दिल्ली का जूट, पश्चिम बंगाल की लिनन, बिहार की मधुबनी और पंजाब की फुलकारी की झलक देखने को मिलेगी।

कपड़ा मंत्रालय के सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा की हैंडलूम से भारत के लाखो परिवारों की जीविका का साधन है और भारत की विरासत है, एक्सपो का उद्देश्य भारतीय हथकरघा बुनकरों को एक प्लेटफॉर्म देना है जिससे उनकी बिक्री और संभावित खरीदार के साथ एक रिश्ता बन सके उन्होंने कहा भारत सरकार हैंडलूम को बढ़ावा देने के लिए नए कार्यक्रम शुरू कर रही है जिसमे इकॉमर्स पोर्टल शामिल है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य भारतीय हथकरघा को ब ?ावा देने के साथ बुनकरों और शिल्पकारों द्वारा तैयार किए गए राज्यों के पारम्परिक वस्त्रों के बारे में जानकारी देना। इस तरह की पहल से भारतीय बुनकरों और कपड़ा कलाकारों को उनकी आजीविका को बनाए रखने और आत्मानिर्भर भारत बनाने के लिए बढ़ावा मिलेगा।

सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन कपड़ा मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है सीसीआईसी व्यापार हेतु बुनकरों, मास्टर बुनकरों, शिल्पियों, मास्टर शिल्पियों, शिल्पगुरु और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं के उत्पादों को प्रदर्शित करता है।

सीसीआईसी भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों को विश्व स्तर पर एक अनूठा मंच प्रदान करता है तथा सभी उत्पादों के प्रदर्शन तथा मार्केटिंग करने हेतु तत्पर है।

## समर्थकों संग कांग्रेस व भाजपा नेता आप में शामिल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक दिलीप पांडेय ने कांग्रेस नेता सुभाष चौधरी और अंकित डेढ़ा तथा भाजपा नेता दीपक कुमार बंसल समेत अन्य सैंकड़ों साथियों का पार्टी में स्वागत किया।

'आप' विधायक सहीराम पहलवान ने टोपी और पटका पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता दिलीप पांडेय ने कहा कि आम आदमी पार्टी का कुनबा न सिर्फ बड़ा बल्कि शक्तिशाली भी हो रहा है। सुभाष चौधरी राजनीति के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से एक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। अबतक वह दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सचिव थे।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
विज्ञापन विभाग
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर (25वां तल)
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002, फोन नं. 011-2322-7511
ईमेल आईडी: coadvtt.sdmc@gmail.com
ई-निविदा सूचना
आयुक्त, द.दि.न.नि. की ओर से पात्र बोलीदाताओं से निम्नलिखित तीन पृथक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
1. तीन वर्षों की प्रारम्भिक अवधि हेतु दो बोली प्रणाली (अर्थात् तकनीकी तथा वित्तीय) में मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर द.दि.न.नि. के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत यूनीपोल कलस्टर्स/विशिष्ट यूनीपोल साइट्स के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आवंटन के लिए ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञापन/ई-निविदा-19/2021-22/एसडीएमसी/एनआईटी/डी-943 दिनांक 08.03.2022
2. तीन वर्षों की प्रारम्भिक अवधि हेतु दो बोली प्रणाली (अर्थात् तकनीकी तथा वित्तीय) में मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर द.दि.न.नि. के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एलईडी कलस्टर्स/विशिष्ट एलईडी के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आवंटन के लिए ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञापन/ई-निविदा-20/2021-22/एसडीएमसी/एनआईटी/डी-944 दिनांक 08.03.2022
3. तीन वर्षों की प्रारम्भिक अवधि हेतु दो बोली प्रणाली (अर्थात् तकनीकी तथा वित्तीय) में मासिक लाइसेंस शुल्क आधार पर द.दि.न.नि. के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मार्केट कलस्टर्स में फ्लैग साइन्स/एमयूपीआई/विज्ञापन इन्स्ट्रूमेंट्स/प्रोडक्ट डिस्प्ले प्लेटफॉर्म/वेलकम गेट/एलईडी के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के आवंटन के लिए ई-निविदा सूचना सं. सीओ/विज्ञापन/ई-निविदा-21/2021-22/एसडीएमसी/एनआईटी/डी-945 दिनांक 08.03.2022
उपरोक्त सभी ई-निविदाओं में बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि: 30.03.2022 को 16.00 बजे तक। विस्तृत निविदा दस्तावेज द.दि.न.नि. की वेबसाइट अर्थात् www.mcdonline.nic.in और https://etenders.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है।
वाणिज्यिक अधिकारी, विज्ञापन विभाग
आर.ओ. नं. 81/डीपीआई/एस/2021-22

# महिला-पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं : सुनीता यादव

## कामकाजी महिला आवास में मनाया महिला दिवस

### विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित कामकाजी महिला आवास में महिला दिवस पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ सम्मानित महिलाएं।

**यहां** कामकाजी महिला आवास में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह समारोह जिला उपायुक्त निशांत कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। सचिव विकास कुमार व सह-सचिव सुभाष शर्मा ने कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं।

रेडक्रॉस सोसायटी एवं एक उड़ान संस्था के संयुक्त तत्वावधान में यह समारोह आयोजित किया गया। इसमें गुरुग्राम के डिप्टी मेयर सुनीता यादव, समाजसेविका ललिता तायल अतिथि के रूप में पहुंचीं। उन्होंने स्वास्थ्य, वकालत, मीडिया, व्यक्तिगत समाजसेवा, रेडक्रॉस आदि से जुड़ीं महिलाओं को सम्मानित किया। स्वास्थ्य विभाग से नर्सिंग ऑफिसर जपिन्द्र कौर, नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय के अलावा डॉ. जयिता, शिखा गर्ग को सम्मानित किया गया। टीम गुरुजल से अंजलि, एक उड़ान की महिला टीम से कृष्णा यादव, संगीता गुप्ता, शम्मी अहलावत, कुसुमलता, नीतू भट्ट, रेडक्रॉस से आकांक्षा, श्यामा राजपूत, सुनैना, रजनी कटारिया, सरोज, सुषमा, वनीता पीटर, संजू, कमला, मीडिया से साक्षी, प्रियंका, वकील अर्चना चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता रेखा अग्रवाल, ललिता बंसल, वीना वांचू, शिल्पा जैन, समीरा सतीजा, शालू जोहर, अन्नू यादव, गगनदीप, मीनू भारद्वाज, हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर की महिला टीम से मीनाक्षा यादव, गीता बत्रा, टीम नवकल्प को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इसके बाद डिप्टी मेयर सुनीता यादव ने कहा कि हमारी सफलताओं में किसी न किसी रूप में पुरुषों का भी साथ होता है। नर-नारी एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं ने देश-दुनिया में अपना नाम कमाया है। सामान्य जीवन से लेकर देशी की सेनाओं तक महिलाएं खुद को साबित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने खेलों में भी दुनिया में नाम रोशन किया है। प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनके लिए कई योजनाएं शुरू की हैं।

### हर महिला पर दो घरों की इज्जत का भार : कल्याणी

**एक** उड़ान संस्था की संस्थापक कल्याणी सचान ने कहा कि परिवार को परिवार बनाकर रखने में हम सब महिलाओं का अधिक हाथ होता है। हमें जीवन में अपनी अच्छाइयों को फैलाना चाहिए। ऐसी पर्सनलिटी बनाएं कि लोग आपका अनुसरण करें। आपसे कुछ सीखें। आज किसी भी क्षेत्र में महिलाएं कम नहीं हैं। जमीन से आसमान तक हम महिलाएं मजबूत हैं। यह मजबूती हमारी नहीं बल्कि हमारे पूरे परिवार की है

### हर मां अपनी बेटी को औरत होने का महत्व समझाए : कविता

कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। साथ ही अपनी बेटियों को भी सही रास्ते चुनने को प्रेरित करें। एक महिला, एक बेटी दो घरों को संवारती है। हर मां को चाहिए कि वह अपनी बेटी को ऐसे संस्कार दे, जो कि उसे औरत होने का महत्व समझाए।

# मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता में भाग लेकर जीतें नकद पुरस्कार

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 15 मार्च तक करें आवेदन

**गुरुग्राम।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों की लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके हुनर व रचनात्मकता को निखारने के उद्देश्य से माई वोट इज माई फ्यूचर-पॉवर ऑफ वन वोट थीम पर आधारित राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी उम्र के प्रतिभागी आगामी 15 मार्च 2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता की शुरूआत 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर की गई थी। इसके तहत क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता एवं पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागी अपने आवेदन ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित की जा रही प्रथम राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता पांच श्रेणियों में विभाजित है, जिसमें क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता एवं पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता शामिल हैं।

# महिला दिवस पर दिल्ली डायस क्लब का ओपन माइक प्रोग्राम

### एनसीआर मीडिया क्लब के सहयोग से आयोजित हुआ कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



महिला दिवस पर दिल्ली डायस क्लब के ओपन माइक प्रोग्राम में महिला को सम्मानित करते एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा।

**एनसीआर** मीडिया क्लब के सहयोग से दिल्ली डायस क्लब ने महिला दिवस पर ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विष्णु झा और सुधांशु झा के नेतृत्व में कई प्रतिभाशाली लड़कियों ने अपनी विविध कलाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति पर ईशिका शॉ को प्रथम स्थान मिला, साथ ही जाह्नवी जुयाल के संगीत को और भावना मेहरा की कविताओं को भी दर्शकों ने खूब सराहा। सभी प्रतिभागियों के गीत, संगीत और कविता पाठ आदि ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा, डॉ. रुचि गौतम पंत मुख्य अतिथि और विशाखा सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज की। अमित नेहरा ने सभी प्रतिभागियों को उनके सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दिल्ली डायस क्लब को आश्वासन दिया कि एनसीआर मीडिया क्लब भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में मदद करता रहेगा। नेहरा ने कहा कि विष्णु झा के नेतृत्व में दिल्ली डायस क्लब ने थोड़े से समय में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की है। उन्होंने समारोह के विजेताओं को अपनी बहुचर्चित पुस्तक किस्सागोई: रंगीला हरियाणा भी भेंट की। डॉ. रुचि गौतम पंत ने इस प्रोग्राम में हिस्सा ले रही लड़कियों को संवाद अदायगी के गुर सिखाए। विशाखा सिंह ने कविता पाठ किया।

# नगर परिषद के 13 गांव नहरी पानी और सीवर लाइन से जोड़े जाएंगे

### सभी गांवों में आबादी के अनुसार वाटर टैंक बनाए जाएंगे

एन रोहिल्ला। सोहना

**जनस्वास्थ्य** विभाग नगर परिषद के सभी 13 गांवों को नहरी पानी सप्लाई और सीवरेज लाइन से जोड़ने की योजना तैयार कर रहा है। जिसके लिए सभी 13 गांवों में सर्वे कराया जाएगा।

जनस्वास्थ्य विभाग खंड के 23 गांवों की भांति अब नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 13 गांवों को भी नहरी पानी से जोड़ा। इसके साथ-साथ सभी गांवों को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। जिससे

### घामडौज से दी जाएगी पानी की सप्लाई

**नगर** परिषद के सभी गांवों को घामडौज में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की आपूर्ति की जाएगी। घामडौज से सोहना आ रही पेयजल आपूर्ति की लाइन के दोनों तरफ सभी गांव लगते हैं। पाइप लाइन से सभी गांवों की दूरी 5 से 7 किलोमीटर की है। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा जल्द ही परिषद के सभी गांवों में पेयजल आपूर्ति व सीवर लाइन से जोड़ने का सर्वे कराया जाएगा। ताकि आने वाले वित्त वर्ष में योजना की राशि मंजूरी कराने के बाद कार्य को शुरू किया जाए।

भविष्य में नगर परिषद के 13 गांवों में पेयजल संकट की समस्या उत्पन न हो सके। साथ ही गांवों में घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते या गली में फैलने से भी रोका जाएगा। पेयजल आपूर्ति के साथ गांवों को सीवरेज लाइन भी दी जाएगी। सभी गांवों में आबादी के अनुसार वाटर टैंक बनाए जाएंगे। जिससे गांवों के प्रत्येक घर में पानी की आपूर्ति आसानी से हो सके। अभी तक इन गांवों में ट्यूबवेलों से पेयजल की आपूर्ति दी जा रही है।

### ये गांव जोड़े जाएंगे

वर्ष 2014 में नगर परिषद बनाने के दौरान जिन 13 गांवों को शामिल किया था। उनमें लोहटकी, सिरसका, खाइका, बालूदा, लाखूवास, जखोपुर, रायपुर, सोहना ढाणी, गुंडवास, मौहम्मदपुर गूर्जर, रामनगर की ढाणी, रायसीना, धुनेला और बेरका शामिल हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने की निगमायुक्त से भेंट



गुरुग्राम। पंजाबी बिरादरी महा संगठन का प्रतिनिधि मंडल प्रधान बोधराज सीकरी, ओमप्रकाश कथूरिया, वरिष्ठ उप-प्रधान की अगुवाई में निगमायुक्त मुकेश कुमार आहूजा से शिष्टाचार मुलाकात की। निगमायुक्त से नगर निगम के खाली पड़े भवन में पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा डिसपेंसरी एवं लाइब्रेरी खोलने के लिए प्रस्ताव रखा गया। जिस के लिए सारा खर्च बिरादरी वहन करेगी। इस बाबत उन्होंने एक मांगपत्र सौंपा गया। इसके अतिरिक्त गुरुग्राम में पौधारोपण करने के बारे में भी विचार किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि नगर निगम हमें ऐसे स्थान चिन्हित करके देगी, जहां पहले से पौधे लगे हुए हैं। बिरादरी को उसके रखरखाव का उत्तरदायित्व देने के विषय पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में बिरादरी के पदाधिकारी राम लाल ग्रोवर, प्रमोद सलूजा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, गजेन्द्र गोसाईं, नरेन्द्र कथूरिया, उपस्थित रहे।

### गुरुग्राम में 12 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

गुरुग्राम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 मार्च को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 मार्च को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सभी तरह के सुलहनीय मामलों का समझौता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।

### तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, कार सवार दंपति सुरक्षित



सोहना। गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर तेज रफ्तार कार सड़क किनारे डिवाइडर से टकराई। कार में सवार दंपति हादसा का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को अपने कब्जे में लिया। बुधवार सुबह दस बजे के लगभग गुरुग्राम-सोहना मार्ग के सर्विस रोड पर एक कार का संतुलन बिगड़ने से डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार दंपति बाल-बाल बच गया। दंपति कार को घटना स्थल पर ही छोड़कर चला गया। मौके पर पहुंची सिटी थाना से पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार अपने कब्जे में ले ली, लेकिन कार सवार दंपति की पहचान नहीं हो सकी है।

# एसडीएम ने नप से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पर मांगा स्पष्टीकरण

**सोहना।** एसडीएम ने नगर परिषद सीमा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र वाली सड़कों पर लगी स्ट्रीट व्यवस्था को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। परिषद को चार दिन के अंदर स्ट्रीट लाइट का जवाब देना होगा।

पिछले करीब एक साल से नगर परिषद सीमा क्षेत्र के करीब 20 अलग-अलग मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहे हैं। जिसको लेकर दिसम्बर माह में नगर परिषद ने खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के लिए 15 लाख रुपये का अलग से ठेका छोड़ा था। उसके बावजूद वर्तमान समय में नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में 7 अलग-अलग मार्ग और ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 13 मार्गों पर लगी स्ट्रीट लाइटों की खराब हालत में किसी प्रकार का सुधार नहीं देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के मार्ग तावडू, पुराना अलवर मार्ग, नूंह मार्ग, जखोपुर, पलवल, बालूदा, दमदमा, बेरका, गुरुग्राम, सोहना ढाणी, रायसीना, सांप की नंगली आदि शामिल हैं। जबकि शहरी क्षेत्र में अस्पताल मार्ग, अग्रसेन मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, चुंगी नंबर एक



नगर परिषद सीमा क्षेत्र दिन के समय में जलती स्ट्रीट लाइट।

मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें आंख मिचौली कर रही है।

**स्ट्रीट लाइट पर उठे सवाल :** एसडीएम द्वारा नगर परिषद से स्ट्रीट लाइट पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे है। कब-कब स्ट्रीट लाइटों की जांच की जाती है। खराब स्ट्रीट लाइटों को कितने दिन में ठीक किया जाता है। रात्रि के समय में कितने कर्मचारी स्ट्रीट की जांच करते हैं। दिन में जलने वाली स्ट्रीट लाइटों को कौन बंद करता है। शहर से बालूदा, दमदमा, बेरका, सांप की नंगली, सोहना ढाणी, पुराना अलवर मार्ग, नूंह मार्ग, जखोपुर और सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग की घाटी में रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटें में 50 फीसदी खराब हैं। कुछ स्थानों पर जलने वाली स्ट्रीट लाइटें 24 घंटे जलती रहती हैं। एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने बताया कि नगर परिषद को पत्र लिखकर स्ट्रीट लाइट का स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 आशा वर्कर को मिली स्कूटी

### सीएसआर फंड के तहत हीरो मोटोकॉर्प ने उपलब्ध कराई ये स्कूटी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** काल में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से इस महामारी को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली 50 आशा वर्कर को स्कूटी भेंट की गई। यह स्कूटी हीरो मोटोकॉर्प की तरफ से सीएसआर फण्ड के तहत उपलब्ध कराए गए। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हीरो सेफ्टी पार्क में आयोजित किया गया।

गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ करने उपरान्त अपने संबोधन में कहा कि आशा कार्यकर्ताओं ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में विशेष रूप से दूरदराज के कस्बों और गांवों में जाकर सराहनीय कार्य किया। इसके साथ ही स्थानीय नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क बनाते हुए इस




गुरुग्राम में कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा वर्कर्स को स्कूटी देकर सम्मानित करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

महामारी को नियंत्रित करने में अपना अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर ने कोरोना महामारी से संक्रमित किसी भी व्यक्ति की तलाश के लिए घर-घर सर्वेक्षण करके राज्य भर में लोगों की स्क्रीनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन कोरोना योद्धाओं को पुरस्कृत करने में हीरो मोटोकॉर्प का प्रयास वास्तव में सराहनीय है। इनका यह प्रयास लोगों और समाज के प्रति इस तरह के समर्पण को पहचानने के लिए और अधिक कॉरपोरेट्स को प्रेरित करेगा।

कार्यक्रम में कंपनी के सीएसआर व कॉरपोरेट कम्युनिकेशन प्रमुख भारतेंदु काबी ने आशा वर्कर्स के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से इन्होंने कोविड 19 की रोकथाम और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव, गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी, सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के वाइस चेयरमेन बोधराज सीकरी, सीएसआर के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह सहित कंपनी के अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब 25 वीं बार कन्याओं का करेगा सामुहिक विवाह

**सोहना।** सोहना लायंस क्लब सोहना टाउन 13 मार्च को वर्ष 41 कन्याओं का सामुहिक विवाह कराएगा। इस सामुहिक विवाह समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नव विवाहित जोड़ों को शुभाशिर्वाद देने आएंगे। सोहना का सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना टाउन 25वीं बार कन्याओं का सामुहिक विवाह कराएगा। इससे पहले क्लब द्वारा 24 बार कन्याओं का सामुहिक विवाह कराया गया है। क्लब के प्रवक्ता रवि मदान ने बताया कि नव विवाहित जोड़ों को क्लब द्वारा दान स्वरूप घरेलू सामान दिया जाता है। ताकि नवविवाहित जोड़ा का जीवन सुख और समृद्धि के साथ चल सके। जिन कन्याओं का सामुहिक विवाह किराया जा रहा है। स्थानीय शहर, ग्रामीण इलाका समेत जिला नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान की निवासी है। लड़का व लड़की पक्ष की सहमति से बिना दहेज विवाह कराया जाता है। क्लब प्रवक्ता ने बताया कि इस विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंच रहे हैं।

# एनआईआरसी ने महिलाओं के सम्मान में किया सेमीनार



गुरुग्राम में महिलाओं के सम्मान में मेयर मधु आजाद का स्वागत करते आयोजक।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नॉर्दर्न** इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट (एनआईआरसी) की गुड़गांव शाखा की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

(एनआईआरसी) की गुड़गांव शाखा के प्रधान मोहित सिंघल ने बताया कि इस समारोह में मेयर मधु आजाद मुख्य अतिथि रहीं। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा

### सेमीनार का विषय रहा-द पावर हाउस ऑफ अचीवमेंट्स

प्रमुख नवीन गोयल ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। मेदांता मेडिसिटी की इंटरनल मेडिसिन की सीनियर डायरेक्टर डा. सुशीला कटारिया, आबकारी एवं कराधान विभाग की उप-आयुक्त दीपिका चौधरी, सीए गौरी चड्ढा, खिलाड़ी पूजा नारा, बीजेपी की इकोनोमिक सैल राज्य प्रमुख सीए रश्मि खेतरपाल, यम ग्रुप की सीईओ यशिका चंदाना, यूनिवर्सल रनर्स मैराथन की संस्थापक सोनी राव, स्टाइल बगस की सीईओ निधि गौतम ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंची इन सभी महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किए हैं। अपने क्षेत्र में नाम कमाया है।

इस अवसर पर मेयर मधु आजाद ने कहा कि महिलाओं को मजबूत होने के लिए खुद का भरोसा करना होगा। महिलाएं किसी भी स्तर पर कमजोर नहीं हैं। प्रधान मोहित सिंहल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि महिलाएं जितना समाज में आगे आएंगी, देश के लिए उतना ही अच्छा होगा।

# अमेजन.इन के होली शॉपिंग स्टोर के साथ पाएं अपनी #KhushiyanDelivered

### पूजा से जुड़ी सामग्री होली के हर्बल रंग पिचकारी, पारंपरिक मिठाइयां, बेहद खास फैशन एंड ब्यूटी मनोरंजन से जुड़े उत्पाद और कैमरा, वाटरप्रूफ सामग्री आदि सब कुछ एक ही स्थान पर!

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** की ओर से विशेष रूप से तैयार 'होली शॉपिंग स्टोर' के साथ रंगों के इस त्योहार का जश्न मनाइए। स्टोर को हर्बल रंगों और पिचकारी, फैशन एंड ब्यूटी से जुड़े उत्पाद, सुरक्षा से जुड़े उत्पाद, पूजा से जुड़ी वस्तुओं, वाटरप्रूफ गैजेट्स, एक्सेसरीज आदि जैसी ग्राहकों की होली से जुड़ी सभी तरह की खरीदारी की जरूरतें पूरी करने के लिए एक मात्र स्थान के रूप में डिजाइन किया गया है।

ग्राहक यहां शाओमी, वनप्लस, मेबेलीन, शुगर कॉस्मेटिक्स, किंडल, गोप्रो, सैमसंग, सोनी, सोलफ्लॉवर, विकानो, अन्वेषन, पेपरबोट, डव, निविया, एरियल, बीबा, लिवाइज, बाटा, मदर डेयरी, प्रेस्टीज आदि जैसे बड़े ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। अमेजन के नवीनतम उत्पाद जैसे किंडल 10th जेन, एलेक्सा के साथ स्मार्ट स्पीकर और फायर टीवी स्टिक भी रोमांचक कीमतों पर उपलब्ध हैं।

ग्राहक एलेक्सा का उपयोग कर अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्राइड पर उपलब्ध) पर होली स्टोर तक पहुंचने के लिए वॉयस नेविगेशन का उपयोग कर सकते हैं। यूजर्स ऐप पर माइक के निशान पर टैप कर सकते हैं और कह सकते हैं - एलेक्सा, होली शॉपिंग स्टोर पर जाएं और आप सीधे स्टोर पर पहुंच जाएंगे।

होली के इस अवसर पर, ग्राहक अपने प्रियजनों को जश्न मनाने का एक और मौका देते हुए अमेजन पे गिफ्ट कार्ड उपहार में दे सकते हैं। इस गिफ्ट कार्ड की मदद से आपके दोस्त और परिवार के सदस्य फिल्मों और यात्रा टिकटों पर विशेष ऑफर के साथ-साथ अपनी पसंद के उत्पाद खरीद सकते हैं। आप ये गिफ्ट कार्ड और ऑफर तुरंत व्हाट्सएप के माध्यम से उन्हें भेज सकते हैं, जिससे वे बिना झंझट और खुशी के साथ होली का जश्न मना सकते हैं।

यहां कुछ उत्पाद दिए गए हैं जिन्हें ग्राहक Amazon.in ·O· होली शॉपिंग स्टोर से विक्रेताओं के ऑफर और डील्स के साथ खरीद सकते हैं।

# अपग्रैड ने पहली पीढ़ी की महिला शिक्षार्थियों के लिए अपने 100 प्रतिशत विद्या शक्ति छात्रवृत्ति कार्यक्रम के साथ 15 भारतीय राज्यों में प्रवेश किया

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**एडटेक** के क्षेत्र में उच्च स्थान रखने वाले अपग्रैड ने भारत की महिला शिक्षार्थियों को सर्वोत्तम शिक्षा के रास्ते में समर्थन देने के लिए एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए 100 प्रतिशत विद्या शक्ति छात्रवृत्ति (विद्या शक्ति स्कॉलरशिप) शुरू किया है। इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य पहली पीढ़ी और आदिवासी महिला शिक्षार्थियों, सशस्त्र बल और पुलिस बल की महिलाओं, महिला एनजीओ महिला कार्यकर्ताओं, टियर 2 और उससे नीचे के शहरों के पत्रकार, और रक्षा और पुलिस कर्मियों की महिला वार्डों के साथ-साथ पूरे भारत में ब्लू-कॉलर महिला उम्मीदवारों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करना तथा महिलाओं को सीखने और रोजगार के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

अपग्रैड के डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में, कंपनी ने दस से ज्यादा प्रसिद्ध एनजीओ के साथ भागीदारी की है, जिसमें सेवा भारत, विद्या पोशक, तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल डिग्री कॉलेज, अनवरत फाउंडेशन, विज्ञानशाला, युवा इंडिया, एकलव्य फाउंडेशन और वेलस्पन फाउंडेशन शामिल हैं। वंचित परिस्थितियों में महिला उम्मीदवारों के उद्घाटन बैच के लिए उनकी योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति कार्यक्रम के लिए नामांकित किया गया है। इन उम्मीदवारों को 1:1 मेंटरशिप और कोचिंग सुविधाओं के साथ डेटा साइंस और डिजिटल मार्केटिंग विषयों में अपग्रैड प्रोग्राम की पेशकश की जाएगी, जो उन्हें शून्य लागत पर आवश्यक डोमेन ज्ञान और उद्योग-संचालित कौशल सेट विकसित करने में मदद करेगा।

उसी पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. संजय कुमार, अध्यक्ष - कॉर्पोरेट अफेयर्स और सार्वजनिक नीति, अपग्रैड ने कहा, देश के भीतर एक महत्वपूर्ण लैंगिक असमानता मौजूद है, खासकर जब उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात आती है, अवसरों की कमी या यहां तक कि सामाजिक चुनौतियों के कारण भी। इसे अपनी उचित जिम्मेदारी बनाते हुए, हम चाहते हैं कि भारतीय महिलाओं को समान अवसर मिले, यदि अधिक नहीं तो वे कम से कम वह अपने पैरों पर खड़े हो और फलें-फूलें। हमारी विद्या शक्ति छात्रवृत्ति उन लाखों महिलाओं के लिए, गुणवत्तापूर्ण सीखने के अवसरों को वास्तविकता बनाने का एक ईमानदार प्रयास है, जो न तो अवसरों से अनजान हैं और न ही उन्हें अपनी इच्छा के अनुसार सीखने और बढ़ने की पर्याप्त स्वतंत्रता दी गई है। हमारा प्रयास इन महिलाओं को नवीनतम विषय ज्ञान और कौशल-सेट के साथ सशक्त बनाना है ताकि वे सूचित करियर विकल्प चुन सकें और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कर सकें।


देश भर में एनजीओ भागीदारी के माध्यम से, छात्रवृत्ति को देश के भीतर महिला रोजगार में तेजी लाने के लिए सही नौकरी के लिए तैयार कौशल और गहन विषय ज्ञान के साथ महिला शिक्षार्थियों का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये छात्रवृत्तियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि लड़कियों के कौशल और उनकी आकांक्षाओं के बीच बहुत बड़ा अंतर है। पिछले 15 वर्षों में लड़कियों के बीच माध्यमिक और उच्च शिक्षा में जबरदस्त वृद्धि हुई है और विरोधाभासी रूप से कार्यबल की भागीदारी में गिरावट आई है, इसका एक कारण यह है कि स्कूल और कॉलेज की शिक्षा उद्योग जगत की जरूरतों को पूरा नहीं करती है। अपग्रैड की विद्या शक्ति स्कॉलरशिप के साथ, ये आर्थिक रूप से असक्षम लड़कियां, पहली पीढ़ी की शिक्षार्थी, अपनी इच्छा के अनुसार नौकरी पाने में सक्षम होंगी, सेवा भारत की चेयरपर्सन रेनाना झाबवाला ने कहा।

मयंक कुमार, सह-संस्थापक और एमडी, अपग्रैड ने बताया, ढांचा तैयार हो चुका है और हमें इस आंदोलन को शुरू करने पर बेहद गर्व है, जो सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाएगा और इन शिक्षार्थियों और उनके परिवारों के लिए मूल्य जोड़ देगा।

# बीके अस्पताल: आसमान के नीचे बैठ काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मी

## हर रोज कंप्यूटर को करना पड़ता है अंदर बाहर

कविता। फरीदाबाद



फ्रीज के ऊपर पड़ा हुआ वैक्सीन स्टोर में छत से गिरा प्लास्टर। बीके अस्पताल में वैक्सीन स्टोर सेंटर के बाहर बैठे कर्मचारी व अधिकारी।

**बीके** अस्पताल में वैक्सीनेशन का डाटा एकत्रित करने, सर्टिफिकेट में करेक्शन और वैक्सीन की जिले में सप्लाई देने का काम करने वाले कर्मचारी छत का लेंटर झड़ते देखकर अपनी जान जोखिम में डालने से बचाने के लिए कमरे के बाहर बैठने को मजबूर हो गए हैं। कमरे के बाहर उन्हें कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। कमरे में छत से झड़ते लेंटर और वैक्सीन के करीब 22 रेफ्रीजरेटरों के बीच बैठे कर्मचारियों की खबर को पायनियर ने 26 फरवरी के अपने अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। लेकिन जब जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसकी सूध नहीं ली तो कर्मचारियों ने बाहर टेबल कुर्सी रखकर काम करना शुरू कर दिया है। लेकिन यहां लगातार काम नहीं हो सकता है।

**आ रही परेशानी :** कर्मचारियों का कहना है कि 25 फरवरी को उन्हें जबरन कमरा नम्बर 11 से हटाकर लेंटर गिरने वाले कमरे में बैठा दिया गया। उसी दौरान छत के लेंटर का एक हिस्सा वहां रखे फ्रीज के ऊपर गिर गया। वहीं इस कमरे में 22 छोटे और बड़े फ्रीज कोरोना से बचाव की वैक्सीन रखने के लिए मौजूद हैं। जिस कारण यहां लगातार काम करने के कारण माइग्रेन व अन्य कई तरह की बीमारियों का खतरा बना हुआ है। लेंटर गिरने के बाद से कर्मचारी यहां खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे थे। जिस पर कर्मचारियों की परेशानी को पायनियर ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। लेकिन इसके बाद अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रैंगी। जिसे देखते हुए कर्मचारी अब कक्ष के बाहर लगे डिब्बों के ढेर के निकट बैठकर काम करने को मजबूर हो गए हैं। यहां करेक्शन व समस्याओं को लेकर आ रहे लोगों का कर्मचारियों को खोज पाना काफी कठिन है। वहीं यहां काम करना भी काफी मुश्किलों से भरा है। कर्मचारियों का कहना है कि धूल मिट्टी और गर्मी के कारण यहां बैठना दुर्भर हो जाता है। वहीं रोजाना कंप्यूटर को अंदर बाहर करना पड़ रहा है। जोकि किसी भी बड़ी समस्या का कारण बन सकता है। उन्हें एक रूम अलग से दिया जाना चाहिए। ताकि वह लोगों की समस्याओं को दूर कर सके और वैक्सीन की सप्लाई जिले में सुचारू रूप से कर सके।

## परामर्श सत्र का आयोजन

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को नारी स्वास्थ्य को समर्पित करते हुए, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल सेक्टर 75 एवं सामाजिक संस्था कैनफेम, एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयास द्वारा मेट्रो कैंसर अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर सुमंत गुप्ता के तत्वावधान में विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया।

सत्र में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर कैंसर के कारण, लक्षण, उपचार और बचाव संबंधित जानकारी प्राप्त की। नारी एक योद्धा शीर्षक को सार्थक करते हुए विशेष अतिथि के रूप में कैंसर से जूझ कर जीतने वाली महिलाओं को आमंत्रित किया था। जिनमें एकता अरोड़ा और स्वाति गुप्ता कैंसर से जूझते समय के अपने अनुभव और अपनी मन:स्थिति के बारे में बताया और सिद्ध किया कि विपरीत परिस्थितियों में भी ऊंचे मनोबल से कैंसर को हराना संभव है।

# महिला दिवस : रातभर उपायुक्त कार्यालय के सामने बैठी रही आंगनबाड़ी वर्कर

## 90 दिनों से जारी है आंगनबाड़ी वर्करों की हड़ताल

## उपप्रधान की तबियत खराब होने पर पुलिस ने बीके अस्पताल में करवाया भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 लघु सचिवालय के बाहर रात को भी प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर।

**महिला** दिवस के मौके पर जहां आंगनबाड़ी वर्करों ने दोपहर को पुतला दहन कर अपना प्रदर्शन जारी रखा, वहीं सुनवाई न होने पर आगनबाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राज्य कमेटी के आह्वान पर उपायुक्त कार्यालय के सामने रात भर पड़ाव डाल के रखा। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान देवेंद्री शर्मा ने की। जबकि, संचालन जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्री ने किया।

रात भर सैकड़ों महिला कार्यकर्ता खुले आसमान के नीचे जन जागरण करते रहे। 24 घंटे में प्रशासन का कोई अधिकारी उनकी सुध लेने के लिए नहीं आया। महिला वर्करों और सहायिकाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें पीने के पानी की भी सुविधा प्रदान नहीं की गई। उनको शौचालय जाने में भी भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन ने उनके लिए बाहर शौचालय की व्यवस्था नहीं की थी। सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने राज्य सरकार पर आंगनबाड़ी वर्करों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हड़ताल को 90 दिन हो गए। हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री के द्वारा सितंबर 2018 में आंगनबाड़ी वर्कर के मानदेय में 1500 रुपए की बढ़ोतरी और हेल्पर के वेतन में साढ़े सात सौ रुपये की बढ़ोतरी को लागू नहीं कर रही। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने कुशल और अकुशल का दर्जा देने की घोषणा की थी। उसको भी अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा है।

रात्रि को लगभग 12:30 बजे वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्री आंगनबाड़ी वर्कर की तबीयत खराब हो गई। जब मीडिया ने पुलिस को सूचित किया, तो तब पुलिस की गाड़ी आई थी। उनका बादशाह खान अस्पताल में इलाज कराया गया। यदि पुलिस की गाड़ी नहीं होती तब हालात और खराब हो जाते। उनका इलाज करवाया। डंगवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जहां सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण करने की बात करती है। वहीं आंगनबाड़ी वर्करों की घोर अनदेखी हरियाणा की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि तीन महीने पूरे होने के बावजूद उनकी मांगों का समाधान नहीं हो रहा है। यूनियन ने फैसला किया है। कि जब तक मांगें लागू नहीं होती। हड़ताल लगातार जारी रहेगी।

# बीमा क्लेम हड़पने को रची थी लूट की साजिश


लूट की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार युवक आसिफ अली।

## ऑटो मालिक निकला चालबाज ऑटो बेचकर इंस्योरेन्स के पैसे क्लेम कर हड़पने के लिए रची थी साजिश

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा के द्वारा दिए आदेश पर डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र की टीम ने आरोपी ऑटो मालिक को गिरफ्तार कर लूट के मामले को सुलझाया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी आसिफ अली दिल्ली में बदरपुर के सुभाष कैंप में रहता है। आरोपी ने 26 फरवरी को रात करीब 9.00 बजे कंट्रोल रूम को ऑटो लुटने की सूचना दी। सूचना पर थाना पल्ला में स्नैचिंग की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी कि तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने जांच में पाया कि आरोपी ने खुद ही ऑटो लूट की घटना की साजिश रची थी। क्राइम ब्रांच टीम ने पूछताछ करते समय ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने पैसे के लालच में आकर अपने ऑटो को पलवल में खड़ा कर दिया। फरीदाबाद वापस आकर झूठी कहानी मनघड़त कहानी बनाई और टेंपो दो लड़की और दो लड़कों द्वारा लूट लिया है। जिसकी सूचना कंट्रोल रुम को दी। जिसका खुलासा क्राइम ब्रांच टीम ने करते हुए आरोपी के खिलाफ झूठी सूचना देने की धाराओं में कार्रवाई कर आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वालंटियर की वर्कशॉप

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद यशवीर सिंह राठौर के दिशा निर्देशानुसार एक वर्कशॉप किशोर न्याय अधिनियम 2015 को लेकर पैनल अधिवक्ता गण व पैरा लीगल वालंटियर के बीच कॉन्फ्रेंस हॉल न्यू बिल्डिंग जिला न्यायालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में आयोजित की गई।

इस वर्कशॉप में मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने महिला अधिवक्ता गण को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पैनल अधिवक्ता गण व पैरा लीगल वालंटियर को बताया कि जैसे ही आपको किसी किशोर का केस मिलता है आपने उसकी जमानत लगानी है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम में सेक्शन 12 के तहत किशोर को जमानत का अधिकार है बसर्थ है कि कोई किशोर को जमानत ना देने का कोई कारण हो साथ ही साथ सेक्शन 82, 83 इंडियन पेनल कोड वह सेक्शन 15 किशोर न्याय अधिनियम के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई।

इसी वर्कशॉप में जो आगामी अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड का मेला जो कि 19 मार्च 2022 से 4 अप्रैल 2022 तक लगाया जा रहा है। उसके बारे में भी हरियाणा स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी के स्टाल को लेकर चर्चा की और आगामी लोक अदालत जोकि 12 मार्च 2022 को लगने जा रही है उसके बारे में भी अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर से कहा कि वे अपने अपने लिटिगेंट्स से अपने केशों को लोक अदालत में लगाने के लिए प्रेरित करें। जिससे अधिक से अधिक केस लोक अदालत में लगाई जा सके और सुलझाए जा सके।

# वूमेन इंजीनियर्स प्रोग्राम के चौथे चरण की घोषणा

## फर्स्ट ईयर वुमन इंजीनियरिंग छात्रों के लिए आवेदन 8 मार्च से शुरू हो चुके हैं जो 15 मार्च तक किए जा सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**वैश्विक** एडटेक कम्पनी और डीपटेक प्रोग्राम्स में मार्केट लीडर टेलेन्टस्प्रिंट ने बुधवार को अपने महिला इंजीनियरिंग (डब्ल्यूई) प्रोग्राम के चौथे संस्करण की घोषणा की। गूगल ने इस कार्यक्रम का शुरुआत से ही समर्थन किया है, जो केन्द्रित पहलों के माध्यम से प्रौद्योगिक स्पेक्ट्रम में महिलाओं को शामिल करने, उन्हें सक्षम और सशक्त बनाने की उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

डब्लूई का प्रमुख उद्देश्य विविध सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि वाली महिला उद्यमी और महत्वाकांक्षी छात्राओं को उच्च विकास वाले तकनीकी कैरियर की तैयारी के लिए सक्षम बनाना है। कार्यक्रम का लक्ष्य प्रथम वर्ष की 250 छात्राओं की पहचान करना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनाने के लिए तैयार करना है। यह कार्यक्रम फुली फंडेड, 100 प्रतिशत ट्यूशन स्कॉलरशिप और प्रत्येक चयनित छात्रा को एक लाख रुपये स्टाइफंड प्रदान करेगा।

अगले समूह की घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, शिव वेंकटरमण, वीपी, जीएम, गूगल ने कहा, 'तकनीक के लिए खेल के मैदान को समतल करने और सार्वभौमिक रूप से प्रासंगिक समाधान बनाने के वादे को पूरा करने के लिए, तकनीकी संगठनों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है। पिछले साथियों की सफलता ने हमें कार्यक्रम को और आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है और हम इस कार्यक्रम को अगले स्तर तक ले जाने के लिए टैलेंटस्प्रिंट को समर्थन देकर बहुत खुश हैं।'

टैलेन्टस्प्रिंट के को-फाउण्डर और सीईओ डॉ. सांतनु पॉल ने कहा, 'पिछले तीन वर्षों में टैलेंटस्प्रिंट डब्ल्यूई कार्यक्रम मजबूती से बढ़ता रहा है। हम 500 से अधिक उत्साही महिला इंजीनियरिंग छात्रों की परिवर्तनकारी यात्रा को देखने के लिए प्रोत्साहित महसूस करते हैं, जिन्होंने तब से प्रमुख तकनीकी कंपनियों के साथ अपने आईटी करियर की शुरुआत की है। हमें गूगल के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने और तकनीकी उद्योग में लैंगिक अंतर को पाटने में खुशी हो रही है।

# पर्यटन कर्मचारियों ने किया गेट मीटिंग का आयोजन

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड के हरमिटेज हट्स, मोटेल सनबर्ड और बड्खल लेक में प्रधान क्रमश: राजेश यादव, रतिपाल और मनोज कुमार की अध्यक्षता में गेट मीटिंगों का आयोजन किया गया। मीटिंग में राज्य कमेटी चेअरमैन मित्रपाल राणा, महासचिव सुभाष देसवाल, वरी उप प्रधान युद्धवीर सिंह, उप प्रधान डिंगम्बर सिंह, उप प्रधान मुरारी लाल, प्रेस सचिव टीकाराम शर्मा, संगठन सचिव लच्छीराम, सचिव विरेंदर शर्मा, सदस्य सुभाष बिधूडी, अशोक कुमार और सुरेन्दर चांदना ने सम्बोधित किया। चेयरमैन मित्रपाल राणा व महासचिव सुभाष देसवाल ने 28-29 मार्च की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़ भाग लेने की अपील की। मीटिंग में पर्यटन निगम के बेस क़ीमती कैम्पलेक्शों को ख़ासकर ऐथनिक इंडिया राई को जुलाई में निजी हाथों में औने पौने दामों में बेचने की घोर शब्दों में निंदा की।

# एक ही छत के नीच दिखेंगे प्रदेश के विभिन्न उद्योगों के उत्पाद एवं उपकरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## इस उद्योग प्रदर्शन से प्रदेश के उद्योगों को मिलेगी गति

**प्रदर्शनी** में विभिन्न उद्योगों के अनेक उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। फरीदाबाद एनसीआर एक बहुत बड़ा उद्योगिक हब रहा है जिसमें अनेक छोटे बड़े उद्योग उपस्थित है। जिनके द्वारा अनेक उत्पाद निर्मित होते हैं। परन्तु यहां बनने वाली मशीनों व उपकरणों की जानकारी सभी को नहीं होती। जिस कारण शहर की अधिकतर इंडस्ट्रीज दूसरे शहर से इन्हें मंगाते हैं। इस एक्सपो के माध्यम से उद्यमी को मशीनें और उपकरण उन्हें शहर में ही आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं। जिससे उनका ट्रांसपोर्ट व्यय भी कम हो जाता है।

औद्योगिक प्रदर्शनी द्वारा औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त मात्रा एवं गुणवत्ता के उत्पात देखने व खरीदने को मिलते हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनी से फरीदाबाद के उद्योगों को गति मिलेगी और नए अवसरों का लाभ भी मिलता है। हरयाणा और देश की उत्पादन की रफ्तार को बढ़ावा देने वाले इस तरह के आयोजन हर साल आयोजित किये जाने चाहिए। जिस से इंडस्ट्री को और गति मिल सके। इस तरह की प्रदर्शनियों से हरियाणा की इंडस्ट्रीज को नयी दिशा मिल सकेगी और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को सहायता मिलेगी।

भारत में कोरोना संकट के बाद मांग बढ़ने से कम्पनियों का रुख मशीनों की खरीदारी की तरफ बढ़ा है। ऐसे में मशीन उत्पादकों ने मशीनों की श्रंखला में बढ़ोतरी की है। इन्ही में से कई इनोवेटिव मशीनों का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी में किया गया है।

उद्योग जगत में हो रहे नए बदलाव की जानकारी उद्योग प्रदर्शनी द्वारा प्राप्त होगी और देश विदेश में आई नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त होती है। प्रदर्शनी में उपकरण के सभी प्रतिस्पर्धी उपलब्ध होने से उत्पादों की तुलनात्मक जानकारी की जा सकती है। कार्यक्रम का आयोजन गत वर्षो की भांति द्रोणाचार्य इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है। फरीदाबाद में होने वाली औद्योगिक प्रदर्शनी हरयाणा की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी होगी। जिसमें देश विदेश से 38000 से अधिक दर्शकों के आने की उम्मीद है। प्रदर्शनी में रोबोटिक मशीनरी तथा कंप्यूटर चालित मशीनों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके द्वारा उद्योगों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उत्पादन की क्षमता वृद्धि की जा सकती है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र गुप्ता, राजेश नागर, स्लेजहैमर ग्रुप के सीईओ प्रदीप मोहंती, उपायुक्त जितेंद्र यादव, सुपर स्क्रू के चेयरमैन शम्मी कपूर, पीआईएल के एमडी नवदीप चावला, एसवीएस के वाइस चांसलर राज नेहरू मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लखानी अरमान ग्रुप के चेयरमैन केसी लखानी करेंगे। मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ फरीदाबाद, फरीदाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फरीदाबाद, फाउंड्री एसोसिएशन एसएसआई इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन फरीदाबाद, हार्डवेयर एसोसिएशन, डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, एचएसआईआईडीसी एस्टेट इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, नरेला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बवाना इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व अन्य मुख्य एसोसिएशन का सहयोग कार्यक्रम में मिला हुआ है।

# डीईओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन


हसला के सदस्य ज्ञापन देते हुए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हसला** जिला कार्यकारिणी फ़रीदाबाद ने जिला प्रधान संदीप चौहान के नेतृत्व में प्रवक्ता वर्ग को लगातार आ रही समस्याओं का हल न होने पर डीआईओ कार्यालय पर अध्यापकों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि समस्याओं का हल करने के लिए बार-बार मीटिंग का अनुरोध करने पर भी मीटिंग का समय ना देने के विरोध में धरना प्रदर्शन करते हुए उन्होंने डीईओ के न होने पर डीईओं के नाम का ज्ञापन डिप्टही सुप्रीटेंडेंट सुबे सिंह को सौंपा है।

समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे जिला प्रधान संदीप चौहान ने बताया की जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की अनदेखी के कारण प्रवक्ताओं को लगातार बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दिसम्बर माह के अंत तक अपार कार्यालय द्वारा विद्यालय में लौटा दी जानी चाहिए, परंतु आज तक 920 अपार में से एक भी विधालयों में नहीं भेजी गयी है। इसके कारण लगभग 150 प्रवक्ताओं के एसीपी केस लम्बित हैं। एसीपी केस भेजा जाना तो और भी दुष्कर है, कार्यालय में एसीपी केस पर अनावश्यक आब्जेक्शन लगातार बार-बार कार्यालय के चक्कर कटवाए जाते है।

# संक्षिप्त समाचार

## हॉमर्टन को मिले दो विशिष्ट पुरस्कार


गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में हामर्टन ग्राम स्कूल के प्रबंध निदेशक राजदीप सिंह को अवॉर्ड से समानित करते एकेएसएजुकेशन अवार्ड्स संगठन के सदस्य।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21 ए स्थित हॉमर्टन ग्रामर स्कूल सन 1983 से निरंतर सफलताओं की सीढ़ियों के शिखर तक चढ़ता जा रहा है। अपनी इस सफलता यात्रा के दौरान उसने अनेक पुरस्कार और सम्मान पत्र अपनी झोली में डाले और इस वर्ष भी अपने कर्तव्यनिष्ठ सहयोगियों और परिश्रमी सहकर्मियों के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप शिक्षा के क्षेत्र में दो विशिष्ट पुरस्कार शिक्षण विशिष्टता के लिए प्राप्त किए। एके एसोसिएशन एजुकेशन अवार्ड्स संगठन ने गुरुग्राम के एक प्रतिष्ठित होटल में समाज को शिक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता और निरंतर त्याग और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए हॉमर्टन ग्रामर स्कूल (सेक्टर 21ए फरीदाबाद में स्थित) को सम्मानित किया। हॉर्टन ग्रामर स्कूल प्रबंधन के लिए विशेष गर्व का क्षण उस समय आया। जब उसे 2021-22 के अत्यंत प्रभावी (योग्य) शिक्षण संगठन का पुरस्कार मिला और डिजिटल शिक्षण पद्धति (ऑनलाइन टीचिंग) एवं कक्षा में शिक्षण के लिए हॉमर्टन ग्रामर स्कूल के प्रबंध-निर्देशक राजदीप सिंह को इसके लिए मंच पर सम्मानित किया। एक अन्य पुरस्कार हॉमर्टन ग्रामर स्कूल निर्देशक (एकेडेमिक्स) सुजैन कौर को शिक्षण क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए प्राप्त हुआ। हॉमर्टन ग्रामर स्कूल फरीदाबाद के युवा प्रबन्ध निर्देशक राजदीप सिंह ने अपने सभी कर्तव्य निष्ठ सहयोगियों एवं परिश्रमी कर्मचारियों तथा उत्साही अभिभावकों को हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से स्कूल को पुरस्कार मिला।

## स्मोकिंग से व्यक्ति बनता रोगी, इम्यूनिटी भी होती क्षीण

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में नो स्मोकिंग डे पर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि धूम्रपान करना इतनी बुरी आदत है कि यह हार्ट अटैक, स्ट्रोक, लंग कैंसर जैसी कई खतरनाक बीमारियों का कारण बन सकती है। धूम्रपान की आदत छोड़ने के लिए कुछ व्यक्ति बहुत प्रयास करते हैं परंतु छोड़ नहीं पाते हैं। विद्यालय की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, गाइड्स और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि स्मोकिंग करने से केवल कैंसर जैसी घातक बीमारी ही नहीं होती है बल्कि इसके सेवन से भूख कम लगना, नींद नहीं आना जैसी बीमारी भी शुरू में होती है। स्मोकिंग से मुंह के गुड बैक्टीरिया मर जाते हैं और मुंह से बदबू आने लगती है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, कॉर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर, मौलिक मुख्याध्यापिका पूनम और अध्यापिका अंशुल ने सुंदर स्लोगन बनाने के लिए सोनम को प्रथम, सिमरन को द्वितीय, मनोज को तृतीय और केतिका को चतर्थ घोषित किया। छात्रा अनम, निशा, गिरिशा, खुशी, आयुषी, नैना और भारती ने भी पेंटिंग द्वारा समोकिंग न करने के लिए आह्वान किया। प्राचार्य ने सुंदर आयोजन के लिए अंग्रेजी अध्यापिका अंशुल का विशेष रूप से अभिनंदन किया।

## किडनी की समस्या के मरीज बढ़े



**फरीदाबाद।** किडनी समस्याओं का सबसे आम कारण डायबिटीज है। 50 फीसदी मरीज डायबिटीज के कारण किडनी की समस्या से ग्रस्त हैं। यह बात क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर नेफ्रोलॉजी एवं किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन के डॉ. श्रीराम काबरा ने कही। उन्होंने कहा कि ओपीडी में रोजाना 40-50 मरीज किडनी की समस्या लेकर आते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन 70-80 मरीज डायलिसिस के आते हैं। युवाओं में शराब का चलन बहुत अधिक है। शराब किडनी को खराब करने वाले प्रमुख कारणों में से एक है। शराब का सेवन किडनी के अलावा लीवर पर भी दुष्प्रभाव डालता है। तला-भुना एवं भारी मसालेदार खाद्य पदार्थ खाना, नमक का अधिक सेवन, और हाई प्रोटीन डाइट एवं सप्लीमेंट्स का सेवन भी किडनी के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर, दर्द की दवाओं और बार-बार यूरिन इन्फेक्शन होने के कारण भी लोगों में किडनी की समस्या बढ़ रही है। इसका मुख्य कारण लोगों द्वारा ब्लड प्रेशर पर ध्यान नही दिया जाता है। कई बार दवाइयां भी बिना डॉक्टर से पूछे ले लेते हैं। पूरी तरह से इलाज नहीं कराते हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में किडनी के समस्या के लक्षण नहीं दिखाई देते हैं लेकिन बाद में चेहरे पर सूजन आना, पेशाब की कमी, भूख न लगना और पेशाब में खून आना, सांस फूलना आदि लक्षण देखने को मिलते हैं।

## किडनी के इलाज को सुलभ बनना जरूरी : डॉ. जितेंद्र



**फरीदाबाद।** बदलती जीवनशैली के कारण किडनी के मरीज बढ़ रहे हैं। किडनी की बीमारी हो जाए तो ज्यादातर लोग जिंदगी से हताश हो जाते हैं। जबकि सच यह है अगर सही से इलाज कराया जाए और पूरी सावधानी बरती जाए तो किडनी खराब होने के बाद भी मरीज लंबी जिंदगी जी सकते हैं। विश्व किडनी दिवस पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन व वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस साल इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी ने विश्व किडनी दिवस की थीम किडनी के इलाज को सुलभ कैसे बनाया जाये रखा गया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में जितने किडनी ट्रांसप्लांट किए जा रहे हैं, उनमें से 40 पर्सेंट युवा मरीज हैं। उनका कहना है कि 30 साल से कम उम्र के युवाओं में किडनी की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। यही कारण है कि अक्सर इन बीमारियों का इलाज समय पर नहीं हो पाता। डायबीटीज और हाई बीपी खतरनाक: नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जितेंद्र ने कहा कि बढ़ती हुई जीवनशैली के कारण ज्यादातर मामले अनियंत्रित डायबीटीज या हाइपरटेंशन के होते हैं। भारत में हर तीन में से एक व्यक्ति हाई ब्लड प्रेशर यानी कि हाइपरटेंशन से पीड़ित है और 60 फीसदी से अधिक लोग इसके बारे में जानते तक नहीं हैं। यह एक चेतावनी है कि ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव किडनी की हेल्थ के लिए घातक हो सकते हैं।

## शिविर का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** एडवांस्ड इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, पलवल में तीन दिवसीय भारत स्काउट एंड गाइड शिविर का आयोजन 7 से 9 मार्च को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा अधिकारी, डीईओ पलवल, अशोक बघेल के द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से हुई। प्रथम दिन युवा स्काउट को स्काउट एंड गाइड के सिद्धांतों से परिचित कराया एवं उन्हें कैपिंग, टेन्ट लगाना और विभिन्न प्रकार की गांठें लगाने का प्रशिक्षण दिया। 8 मार्च 2022, शिविर के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्राचार्या डॉ. लक्ष्मी शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। 9 मार्च 2022, को शिविर का समापन समारोह मनाया गया। सभी छात्र छात्राओं ने फूड प्लाजा, टेन्ट पेइचिंग, नुक्कड नाटक व सांस्कृतिक नृत्यों के माध्यम से विभिन्नता में एकता को प्रदर्शित किया। संस्थान के चेयरमैन, संजीव चन्द्रा ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता, प्रिन्सिपल डॉ. लक्ष्मी शर्मा के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। सभी छात्रों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। संस्थान के सभी विशिष्ट व्यक्ति प्रिन्सिपल एआईटीएम डॉ. आरआर पांडे, प्रिन्सिपल एआईपी अर्पणा राणा, एचआर मैनेजर दिव्या वर्मा, डॉ. नेहा आर्या, डॉ. धर्मेंद्र, पंकज जैन, आशुतोष सिंह और संस्थान के सभी शिक्षक गण उपस्थिति रहे।

## वार्ड बंदी पर आपत्ति दर्ज कराने का समय बढ़ाने की मांग

**फरीदाबाद।** शहर की प्रमुख समाजसेवी संस्था सेव फरीदाबाद ने बुधवार को जिला उपयुक्त को पत्र देकर निगम की नयी वार्ड बंदी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। अपने पत्र में संस्था ने वार्डबंदी को लेकर आपत्ति दर्ज कराने में समय सीमा बढ़ाने की मांग रखी है। संस्था के अध्यक्ष पारस भारद्वाज ने वार्डबंदी के पूरे प्रकरण को राजनिती से प्रेरित बताते हुए कहा कि सत्तापक्ष ने जनभावनाओं की आहुति देने का काम किया है। फरीदाबाद की जनता के विकास को दरकिनार करते हुए इस वार्डबंदी का प्रारूप तैयार किया है जिसकी वजह से आज पूरे शहर में इस वार्डबंदी का विरोध हो रहा है।

## डॉक्टरों की चिंता

### चिकित्सा का मानवीकरण

**जीवन** के अन्य क्षेत्रों की तरह डाक्टर भी चिकित्सा के मानवीकरण की आवश्यकता के बारे में सोच रहे हैं। भारतीय समाज अपने मानवीकरण की प्रक्रिया में है। ध्यान न देने के कारण व्यवस्थागत कमियों ने लगभग सभी संस्थानों का अमानवीकरण कर दिया है। नागरिक इसके शिकार हैं क्योंकि असहाय व्यक्ति अपनी पसंद लागू करने के बारे में कुछ नहीं कह सकते हैं। किसी बलात्कार पीड़िता का उदाहरण लिया जा सकता है। घटना के बारे में पूछने पर उसे हर बार आघात का सामना करना पड़ता है। गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती किसी बच्चे के माता-पिता की भी यही स्थिति होती है। ऐसा डाक्टर तलाशना कठिन है जो धैर्यपूर्वक उनकी बात सुन सके। यही स्थिति उस कैदी की है जिसकी सजा पूरी होने वाली है। उसे पुनर्वास उपायों के बारे में बताने वाला कोई नहीं है। हालांकि, अब चीजें बदल रही हैं। कुछ वकील बार-बार खुलासा करने वाले सवालों को दुहराने की सीमा निर्धारित कर बलात्कार पीड़ितों का आघात व उत्पीड़न घटाने का प्रयास कर रहे हैं। जेल की सजा के बाद पुनर्वास प्रयासों को अपराध न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सामुदायिक सेवा जैसे सकारात्मक दंड उपायों पर भी गौर किया जा रहा है। कार्पोरेट दुनिया में भर्ती प्रक्रिया को संवेदनशील बनाया जा रहा है ताकि जेंडर, वर्ग, नस्ल व सामाजिक छवि के आधार पर भेदभाव से बचा जा सके। लेकिन स्वास्थ्यरक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां मानवीय भावना जरूरी है क्योंकि यहां वाणिज्यीकरण ने लगभग सभी मानवीय मूल्य नष्ट कर दिए हैं। भीड़ भरे अस्पताल, सीमित ढांचागत संरचना, शहरी-ग्रामीण विभाजन या चिकित्सा सेवाओं का सस्ता होना, आदि कारण चाहे जो हों एक ढांचागत




संरचना का अभाव है जो रोगियों को देखभाल करने की प्रक्रिया में समान साझीदार बनाती हो।

राष्ट्रीय राजधानी में कुछ वरिष्ठ डाक्टर 'चिकित्साविज्ञान के मानवीकरण की आवश्यकता पर आत्मावलोकन' तथा प्रक्रिया में परिवर्तन के औजार विषय पर विचारार्थ एकसाथ आए। उनका मूल दर्शन यह है कि आधुनिक चिकित्सा जटिल बीमारियों का इलाज व नियंत्रण कर सकती है, पर इसके बावजूद यह 'अवैयक्तिक, संवेदनहीन, वाणिज्यिक तथा अमानवीय' होती जा रही है। वैश्विक सहभागियों व चोटी के चिकित्सा पेशेवरों के साथ दो दिवसीय वेबिनार में उन तत्वों पर विचार हुआ जो मनुष्यों से संबंध तोड़ते हैं। शायद यह भारत में पहला समग्र प्रयास है जिसके अंतर्गत मरीजों की अवैयक्तिक होने से रक्षा तथा रोगी-केन्द्रित देखभाल पर विचार हुआ। इससे सहज रोगी-देखभाल करने वाले के बीच संबंध विकसित होकर अस्पतालों में पीड़ा घटाई जा सकती है। चिकित्साकर्मियों व डाक्टरों की संवेदनहीनता के बारे में लाखों मरीजों की कष्टों से भरी एक जैसी कथायें हैं। मरीजों को समुचित समय न देना, निन्दाजनक दृष्टिकोण, बीमारी व इलाज की प्रकृति के बारे में मरीजों को अंधेरे में रखना, सर्वोत्तम व्यवहार करने में विफल रहना, संचार की कमी, पारदर्शिता व संवेदन की कमी तथा सूचनाओं की कमी के साथ संवेदनहीन व्यवहार इनमें शामिल हैं। चिकित्सा पेशेवरों को अपनी भूमिकाओं से बाहर निकल कर कुछ कमियों की पहचान करनी चाहिए। सहज सहयोग के लिए मरीजों व उनके परिवारों से लगातार संवाद जरूरी है। इसका उद्देश्य मरीजों के संदेह दूर करना तथा उनका विश्वास बनाए रखना है। इसके साथ ही मरीजों के परिवारों को यह बताना जरूरी है कि वे सभ्यतापूर्ण व्यवहार करें तथा उत्पीड़न व हिंसा पर न उतारू हों।

# महिला सशक्तीकरण हेतु जेंडर बजटिंग

राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं का उच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व परिवारों व अर्थव्यवस्था में महिला स्वायत्तता को बढ़ाने में सहायक हो सकता है।



जोयिता राय चौधरी | आरुषि भसीन | यशोवंत परिदा




जेंडर बजटिंग दृष्टिकोण का अर्थ सरकारी खर्चों का जेंडर के दृष्टिकोण से आंकलन है ताकि राजकोषीय खर्च से पुरुषों व महिलाओं, दोनों की आवश्यकतायें पूरी हो सकें। आर्गेनाइजेशन फार इकोनोमिक कोआपरेशन एंड डेवलपमेंट-ओईसीडी इसे परिभाषित करते हुए कहता है, 'बजट की समग्र प्रक्रिया में जेडर बजटिंग का अर्थ एक स्पष्ट जेंडर दृष्टिकोण अपनाना है। इसके लिए विशेष प्रक्रियाओं व विश्लेषणात्मक औजारों की जरूरत होती है ताकि जेंडर-संवेदी नीतियां बन सकें।' अनेक विकसित व विकासशील देशों में जेंडर बजटिंग प्रयास हो रहे हैं। यह समाज में जेंडर असमानता दूर करने तथा महिलाओं का सामाजिक आर्थिक विकास सुनिश्चित करने का आवश्क औजार है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार, भारत ने जेंडर असमानताओं से निपटने के लिए जेंडर व राजकोषीय नीति को जोड़ने के प्रयास किए हैं। वर्ड डेवलपमेंट में 2021 में प्रकाशित चौधरी, परिदा व अग्रवाल गोयल के लेख से संकेत मिलते हैं कि जेंडर बजटिंग नीति से महिलाओं की समग्र बेहतरी हुई है तथा उनको मृत्यु व बाढ़ जैसी विभीषिकाओं से निपटने में आश्वासन मिला है। आंकड़ों के आधार पर अध्ययन में बताया गया है कि जेंडर बजटिंग पर ज्यादा खर्च से बाढ़ का जेंडर-आधारित जोखिम घटाने में सहायता मिल सकती है। ऐसे में आवश्यक है कि विभीषिकाओं में मृत्यु दर शून्य करने के लिए सरकार को जेंडर-संवेदी कार्रवाइयां करनी चाहिए।

राष्ट्रीय स्तर पर आठवीं पंचवर्षीय योजना 1992-97 में विभिन्न विकास क्षेत्रों में महिलाओं को सीधे लाभ और पैसा देने की आवश्यकता बताई गई थी। बाद में नवीं पंचवर्षीय योजना 1997-2002 में कहा गया कि सार्वजनिक धन व लाभों का कम से कम 30 प्रतिशत महिला विकास के लिए निर्धारित होना चाहिए। इसके परिणामस्वरूप 2001 में महिला सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई गई। अंततः 2005 में जेंडर आधारित बजट कथन शामिल किया गया जिसमें महिला-केन्द्रित सार्वजनिक हस्तक्षेपों के लिए बजटीय आबंटन की प्रतिबद्धता प्रकट की गई थी। जेंडर बजट को दो प्रमुख आयामों में विभाजित किया गया था। इसके पहले हिस्से में महिला-केन्द्रित कार्यक्रमों के लिए शत प्रतिशत खर्च का प्राविधान था तथा दूसरे हिस्से में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों में कम से कम 30 प्रतिशत आबंटन महिलाओं के प्रति निर्देशित था। 2022-23 में बजटीय अनुमानों से स्पष्ट है कि महिला केन्द्रित कार्यक्रमों के लिए 1,71,006.47 करोड़ रुपये आबंटित किए गए जिनमें जेंडर बजट के दोनों आयाम शामिल थे। इससे पता चलता है कि 2021-22 के 1,53,326.28 करोड़ के आबंटन में 11.53 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। हालांकि, विभिन्न भारतीय राज्यों में जेंडर बजटिंग का केन्द्र अलग-अलग है, पर प्रमुख लक्ष्य महिलाओं की शिक्षा, रोजगार तथा कल्याण में सुधार करना है। इसके साथ ही महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण के लिए राज्य की ढांचागत संरचना मजबूत करने का लक्ष्य भी सामने रखा गया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित एक नई महिला केन्द्रित योजना 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' केन्द्रीय बजट 2014-15 में शामिल की गई तथा इसके लिए शुरुआती आबंटन 100 करोड़ रखा गया। स्कूली शिक्षा में समतापूर्ण पहल सुनिश्चित करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए केन्द्रीय बजट 2018-19 में 'समग्र शिक्षा' के अंतर्गत तीन अतिरिक्त योजनायें सर्वशिक्षा अभियान-एसएसए, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान-आरएमएसए व शिक्षक शिक्षा-टीई शामिल की गईं। इन योजनाओं में सामान्य शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा शिक्षण कर्मचारियों में सुधार में जेंडर-समान पहुंच पर जोर दिया गया था। इन योजनाओं में बच्चियों की शिक्षा और सहभागिता बढ़ाने पर ज्यादा जोर दिया गया जो महिला सशक्तीकरण के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। लड़कियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण की कक्षाओं के साथ ही अपर प्राइमरी व हायर सेकेंड्री शिक्षा में लड़कियों को वजीफा देने तथा इसे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से जोड़ने से अतिरिक्त जेंडर-समानता प्राविधान सामने आए। महिलाओं की सामान्य व तकनीकी शिक्षा में बढ़ोत्तरी से उनके रोजगार के अवसरों में सुधार आ सकता है।

महिला शिक्षा का आयाम बढ़ाने के साथ ही कर्ज से जुड़ी सब्सिडी योजना-प्रधानमंत्री आवास योजना-पीएमएवाई को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मकानों के महिला स्वामित्व को बढ़ावा देने पर निर्देशित किया गया। मुख्यतः सामज में व्याप्त पितृसत्तात्मक मानकों के कारण जमीन व परिसंपत्तियों पर महिलाओं का स्वामित्व सीमित था क्योंकि इसके अनुसार संपत्तियों पर पुरुषों का स्वामित्व जरूरी माना जाता था। इससे महिलाओं की लेनदेन की शक्ति प्रभावित होती थी तथा उनकी पुरुष सदस्यों पर निर्भरता बढ़ती थी। पीएमएवाई ने घरों पर महिलाओं का स्वामित्व सुनिश्चित किया है और इससे केवल उसी स्थिति में छूट दी गई है जब परिवार में कोई वयस्क महिला सदस्य न हो। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय की रिपोर्ट पीएमएवाई-यू के माध्यम से 'ट्रांसफार्मिंग अर्बन लैंडस्केप इंपावरिंग वीमेन' रिपोर्ट में भारतीय राज्यों की 35 महिलाओं की केस स्टडी पेश की गई है। उन्होंने घरों के स्वामित्व के माध्यम से सामाजिक संरक्षण व निष्ठा बढ़ने का वर्णन किया है।

पीएमएवाई योजना में समुचित शौचालयों के निर्माण तथा जल सप्लाई सुनिश्चित करने से महिलाओं का स्वाभिमान और आत्मविश्वास व सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

ये नई महिला केन्द्रित योजनायें कुछ जेंडर-आधारित हस्तक्षेप हैं जिनसे महिलाओं की शिक्षा में सहभागिता बढ़ सकती है, संपत्तियों पर महिलाओं का स्वामित्व अधिकार सुरक्षित होता है तथा महिला श्रमशक्ति सहभागिता दर-एफएलएफपीआर बढ़ती है। पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस तथा ग्रामीण एफएलएफपीआर 2017-18 में 18.2 प्रतिशत था वह 2018-19 में बढ़ कर 19.7 हो गया। ग्रामीण एफएलएफपीआर 2019-20 में बढ़ कर 24.7 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार शहरी एफएलएफपीआर में भी लगातार वृद्धि देखने को मिली है जो 2017-18 में 15.9 से बढ़ कर 2018-19 में 16.1 प्रतिशत तथा 2019-20 में 18.5 प्रतिशत हो गया। हालांकि, 2017-20 में एफएलएफपीआर में वृद्धि के बावजूद रोजगारों में अब भी काफी जेंडर अंतर है। परंपरागत ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून-मनरेगा को कुछ जेंडर संवेदी प्राविधानों के साथ लागू किया गया था। इनमें कुल सहभागियों में कम से एक तिहाई महिलाओं की उपस्थिति, कार्यस्थल पर बच्चों की देखभाल की सुविधा तथा पुरुष व महिला कामगारों के लिए समान मजदूरी शामिल हैं। लेकिन यह योजना महिलाओं के अवागमन व रोजगार को सीमित रखने की रूढ़िवादी सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं को संबोधित करने में विफल रही। इसके अलावा मनरेगा का बजटीय आबंटन 25.5 प्रतिशत घटाया गया जो वित्तीय वर्ष 2021-22 में 98,000 करोड़ तथा 2022-23 में 73,000 करोड़ रुपये है। वित्तीय आबंटन में कमी से अपनी आजीविका के लिए मनरेगा पर निर्भर ग्रामीण कामगार प्रभावित होंगे। संसाधनों में कमी जेंडर समानता व समावेशी विकास प्राप्त करने में भी बाधा बनेगी।

इसके साथ ही पुरुषों व महिलाओं की शिक्षा में काफी जेंडर अंतर है। 2017-18 पीएलएफएस के अनुसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में साक्षरता अंतर अधिक था। शिक्षा में जेंडर अंतर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक है। 2017-18 में ग्रामीण महिलाओं में साक्षरता दर 64.5 प्रतिशत थी, जबकि ग्रामीण पुरुषों में यह 80.7 प्रतिशत थी। 2019-20 में ग्रामीण महिलाओं में साक्षरता बढ़ कर 66.3 प्रतिशत हो गई, जबकि ग्रामीण पुरुष साक्षरता 82.2 प्रतिशत थी। पुरुष व महिला साक्षरता दरों तथा रोजगार स्तर में अंतर से भारतीय समाज में महिलाओं की दयनीय स्थिति और बढ़ती है। इसके अलावा एक अन्य आयाम महिलाओं के जीवन को गहराई से प्रभावित करता है। यह भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में विभिन्न स्तरों पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व में जेंडर अंतर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के अनुसार, 1967 में भारतीय संसद में महिलायें केवल 6 प्रतिशत थीं। 2019 में राजनीतिक निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ा क्योंकि संसद में उनकी संख्या 14.4 प्रतिशत हो गई थी।

राजनीतिक निर्णय लेने वाले पदों पर महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व से परिवारों और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की स्वायत्तता बढ़ने में सहायता मिलती है। इसके कारण ज्यादा परिवार उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रवेश प्रोत्साहित करेंगे और इस प्रकार महिलाओं के आर्थिक अवसरों का विस्तार होगा। महिला राजनेताओं की उपस्थिति से जेंडर-संवेदी नीतियां बनेंगी जिससे सामाजिक नतीजों में सुधार होगा। इससे महिलाओं की आवश्यकतायें पूरी होंगी और वे अपने सरोकार उठा सकेंगी।

# संयुक्त राष्ट्र के लिए स्वयं को सुधारने का समय



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

24 फरवरी को रूस के अपने पड़ोसी यूक्रेन पर आक्रमण ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुधार की तत्काल आवश्यकता और अपनी उचित भूमिका निभाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय निकाय की आवश्यकता को सामने लाया है। दुनिया आज एक संभावित परमाणु संघर्ष का सामना कर रही है। जो भी कारण हो, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पश्चिम के समन्वित प्रतिबंधों के बावजूद, 600 अरब डॉलर के युद्ध संदूक की अध्यक्षता कर रहे हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 19 फरवरी को निष्कर्ष निकाला कि संघर्ष ''सोवियत के बाद की राजनीति, नाटो के विस्तार, रूस और यूरोप और रूस और पश्चिम के बीच की गतिशीलता से उत्पन्न होता है।'' विडंबना यह है कि रूसी दूत वासिली नेबेंजियास 24 फरवरी को न्यूयॉर्क में सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जब पुतिन ने यूक्रेन पर रूस के हमले की घोषणा की। उन्होंने इसे 'एक विशेष सैन्य अभियान' कहा। जैसा कि अपेक्षित था, रूस ने अपनी आक्रामकता की निंदा करने के लिए प्रस्ताव को अवरुद्ध कर दिया। संयुक्त राष्ट्र ने सुरक्षा परिषद के सदस्यों पर शायद ही कभी प्रतिबंध लगाए हों। एक स्थायी सदस्य के रूप में, रूस को 1999 में चेचन्या, 2008 में जॉर्जिया और 2014 में क्रीमिया में संयुक्त राष्ट्र के किसी भी प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ा। दो अन्य स्थायी सदस्यों, अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम को 2003 में इराक पर आक्रमण करने पर प्रतिबंधों का सामना नहीं करना पड़ा। अन्य उदाहरण भी रहे हैं।

यूक्रेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस की सदस्यता की वैधता पर सवाल उठाया है। 1991 में, अधिकांश सोवियत गणराज्यों ने अल्मा अता प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए, इस बात पर सहमत हुए कि रूस एक स्थायी सदस्य के रूप में यूएसएसआर की सीट ले लेगा। अब यूक्रेन का कहना है कि यह यूएसएसआर था न कि रूस, जो एक सदस्य था, और यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड मांग रहा है कि आज रूस कैसे सदस्य है। चीन भी इस सवाल को उठाना नहीं चाहेगा। चीन गणराज्य की राष्ट्रवादी सरकार ने शुरू में एससी सीट पर कब्जा कर लिया था। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्य भूमि चीन को नियंत्रित



किया और पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की, जबकि आरओसी 1949 में ताइवान से पीछे हट गया। 1971 में संयुक्त राष्ट्र ने पीआरसी को मान्यता दी और इसे सुरक्षा परिषद की सीट दी। रूस के प्रस्ताव को अवरुद्ध करने के बाद, संयुक्त राष्ट्र ने 1950 से ''यूनाइटिंग फॉर पीस'' संकल्प मॉडल को अपनाया, जिसे पहले केवल दस बार लागू किया गया था। पिछले बुधवार को, अधिकांश सदस्यों (141) ने पक्ष में मतदान किया, जिसमें मांग की गई कि रूस ''तुरंत, पूरी तरह से और बिना शर्त'' यूक्रेन से अपने सैन्य बलों को वापस ले। पुतिन को नियंत्रित करने में असमर्थ, निराश संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने हथियार फेंक दिए और एक बयान में कहा, ''यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करें - अब। बंदूकों को चुप कराओ।'' समस्या यह है कि रूस को हटाने के लिए पी-5 के बीच एकमत नहीं है। अमेरिकी कांग्रेस के कुछ सदस्य जहां इसके पक्ष में हैं, वहीं व्हाइट हाउस इस तरह के कदम पर विचार नहीं कर रहा है। यूक्रेन के रूस को हटाने के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता जेन साकी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम ऐसा होते नहीं देख रहे हैं।'' उसने स्पष्ट किया कि ''हम ऐसे कदम उठाने पर विचार नहीं कर रहे हैं जो हमें रूस के साथ सीधे संघर्ष में डाल दें।''

ऐसी स्थिति में, सदस्य देशों, विशेष रूप से एससी विस्तार के लिए प्लगिंग करने वाले, ने सुधारों को तेज करने की अपनी मांग तेज कर दी है। वर्तमान यूक्रेन संकट जैसे संघर्ष फिर से जीवित हो गए हैं कि संयुक्त राष्ट्र प्रासंगिक रहा है या नहीं। सुधार समर्थक लॉबी का तर्क है कि आज का संयुक्त राष्ट्र 77 साल पहले के संयुक्त राष्ट्र से बहुत अलग है। 1945 में सिर्फ 51 देशों से, संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता आज बढ़कर 193 हो गई है। उनका तर्क है कि 21वीं सदी की दुनिया की वास्तविकताओं से मेल खाने के लिए यूएनएससी तेजी से अप्रासंगिक होता जा रहा है। सदस्य अधिक प्रतिनिधि और समावेशी होने के लिए एससी के विस्तार की मांग करते हैं। कई कारणों से संयुक्त राष्ट्र बहुपक्षीय प्रणाली की देखरेख में प्रभावी नहीं रहा है। उदाहरण के लिए, क्ष्क देश अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने पर भी किसी भी प्रतिबंध से बच जाते हैं। संघर्षों और युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र अस्तित्व में आया, फिर भी इसकी स्थापना के बाद से 80 से अधिक संघर्ष सामने आए हैं। इसकी निगरानी में, कई सत्तावादी शासकों ने निर्दोष नागरिकों के खिलाफ पारंपरिक हथियारों का इस्तेमाल किया है। संयुक्त राष्ट्र को भी संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अमेरिका सहित सदस्य समय पर अपने योगदान का भुगतान नहीं करते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के समर्थकों का मानना है कि विश्व निकाय ने कुल मिलाकर अपने उद्देश्य की पूर्ति की है। तथ्य यह है कि यह उतार-चढ़ाव के बावजूद बच गया है, यह दर्शाता है कि उसने संयम के भीतर प्रदर्शन किया है। सबसे बढ़कर, पिछले 77 वर्षों में कोई परमाणु युद्ध नहीं हुआ है। हालांकि, यूक्रेन संघर्ष इसे खतरनाक बना देता है क्योंकि पुतिन रूस की परमाणु शक्ति का उपयोग करने की धमकी दे रहे हैं। शायद अब समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र अपनी सुधार प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसे तेज करे। एक प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय निकाय के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए इसे और अधिक दांतों और पर्याप्त धन की आवश्यकता है।

## आप की बात

### युद्ध के दुष्प्रभाव

**रूस-यूक्रेन** युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ने लगे हैं। देसी व्यापारियों के तीन से चार हज़ार करोड़ रुपए बैंकिंग प्रणाली पर प्रतिबंधों के कारण रूस में फंस चुके हैं। प्रतिबंधों के कारण रूस के लिए लदान बंद होने से रूस को निर्यात रुक गया है। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आग लगी हुई है देश में कभी भी पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ सकते हैं। वित्त मंत्री जी ने भी कह दिया है कि कुछ भर जनता पर डाला जायेगा। इसके अतिरिक्त भारत यूक्रेन से बड़ी मात्रा में खाद्य तेल खरीदता है। आपूर्ति बाधित होने के डर के कारण रिफाइंड तेलों की कीमतें हफ्ते भर में 25 से 30 रुपए प्रति लीटर बढ़ चुकी हैं। रूस और यूक्रेन सेमीकंडक्टर के निर्माण में प्रयुक्त किए जाने वाले कच्चे माल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। कच्चे माल की आपूर्ति प्रभावित होने से पहले से ही चिप की कमी से जूझ रहे देसी उत्पादकों की परेशानियाँ बढ़ेंगी और कार-मोबाइल आदि का उत्पादन एवं निर्यात प्रभावित होगा। युद्ध में अमेरिका और यूरोप का साथ न देने के कारण भविष्य में इन देशों के बाज़ारों में भी भारत को दिक्कत आ सकती है। कुल मिला आयात-निर्यात का संतुलन बिगड़ेगा, व्यापार घाटे में विस्फोटक वृद्धि होगी जो अन्ततोगत्वा महंगाई और बढ़ाएगी।

– **बृजेश माथुर**, गाज़ियाबाद

### न्यायसंगत निर्णय

**हरियाणा** में निजी क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय प्रत्याशियों के लिए 75 फीसदी सीटें आरक्षित करने के फैसले को राज्य का मामला बताने की केंद्र सरकार कोशिश को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने ठीक ही खारिज कर दिया। केंद्र सरकार ने इस मामले में अदालत को बताया था कि चूंकि यह राज्य का कानून है, इसलिए केंद्र सरकार इस पर कोई स्टैंड लेना जरूरी नहीं समझती। आपकी इस बात से 100 प्रतिशत सहमत होना ही पड़ेगा। इस कानून का सीधा प्रभाव देश भर के उन पढ़े-लिखे युवाओं की संभावनाओं पर भी पड़ेगा जो अपनी काबिलियत पर देश के किसी भी हिस्से में जाने और काम करने की आकांक्षा रखते हैं। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि केंद्र सरकार इस कानून को एक राज्य का मामला आखिर कैसे करार दे सकती है। ऐसे मामलों को राज्य की मर्जी पर नहीं छोड़ा जा सकता अन्यथा यह देश के संघीय ढांचे पर प्रहार करेगा। जब भारत के हर नागरिक को हर कहीं आने-जाने विचरण करने संपत्ति खरीदने बेचने का संपूर्ण अधिकार प्राप्त है, तो फिर रोजगार के मामले में हर राज्य अपने राज्य के युवाओं को रोजगार देने का प्रयास करेगा तो यह विलक्षण प्रतिभाओं के लिए बेड़ियों का काम करेगा।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### एग्जिट पोल की विश्वसनीयता

**विदेशों** में एग्जिट पोल को काफी गंभीरता से लिया जाता है, उनकी सफलता और सटीकता की दर भी शानदार है, लेकिन भारत में एग्जिट पोल आज भी सवालिया है, इनकी विश्वासनिय्ता को लेकर यह विवादों मे रहते हैं। पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होने के बाद एग्जिट पोल-2022 सामने है। पंजाब मे तो बदलाव की जबरजस्त लहर नज़र आरही हैं और इस लहर के चलते पंजाब मे %आप% पर मुहर लगती दिखाई दे रही हैं। मणिपुर मे बीजेपी की सम्भावना अधिक है। उत्तराखंड और गोवा मे कांटेदार मुकाबला दिख रहा। उप्र की बात करें तो योगीजी की प्रचंड बहुमत हासिल करने की खबरों से विपक्ष के सीने पर सांप लोटने लगे हैं। उप्र मे योगीजी की वापसी अगर हुई तो फिर 2024 मे होने वाली जीत के लिए श्री नरेंद्र मोदी को अग्रिम बधाई। कुछ नेता एग्जिट पोल की तारीफों के पुल बांध रहे है तो कुछ को उन पर भरोसा ही नहीं है, और कुछ का तो 10 मार्च की शाम को एविएम पर से भी भरोसा उठ जाएगा! देखते है यह नतीजे किस ओर करवट लेते है!

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारत** ने जो भी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, मैं उन्हें एक चुनौती के रूप में नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में देखता हूं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**यूक्रेन** के नेतृत्व की कार्रवाइयां उसके राज्य के दर्जे के भविष्य पर सवालिया निशान लगाती हैं।

– **व्लादिमीर पुतिन**
रूस के राष्ट्रपति



**हमारा** मुख्य फोकस अब सूमी से छात्रों को निकालने पर है।

– **अरिंदम बागची**
विदेश मंत्रालय प्रवक्ता

# धनशोधन पूर्व नियोजित अपराध, देश की वित्तीय स्थिति के लिए खतरा

● केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्र ने** बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि धनशोधन एक पूर्व नियोजित अपराध होता है और सार्वजनिक धन की भारी हानि वाले आर्थिक अपराधों को गंभीरता से देखने की जरूरत है क्योंकि ए देश की वित्तीय स्थिति के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कुछ प्रावधानों की व्याख्या के संबंध में दायर याचिकाओं के आलोक में दलीलों पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने अधिनियम की धारा 45 के साथ ही दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436-ए और आरोपी के अधिकार को संतुलित करने पर भी विचार किया।

पीएमएलए की धारा 45 संज्ञेय और गैर-जमानती अपराधों के पहलू से संबंधित है, वहीं सीआरपीसी की धारा 436-ए किसी विचाराधीन कैदी को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि से संबंधित है। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सीटी रवि कुमार की पीठ ने कहा, अनुभव यह है कि मुकदमे आगे नहीं बढ़ रहे हैं। मुकदमे लंबित रहते हैं, जांच रिपोर्ट समय पर दाखिल नहीं की जाती है। पीठ ने कहा कि हाल ही में यह सामने आया था कि सात साल कैद की सजा वाले अपराध के आरोपी पहले ही मुकदमे के दौरान छह साल की सजा से गुजर चुके हैं। इसने कहा, अब, अगर यह स्थिति है तो कुछ संतुलन होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि यदि किसी प्रावधान की वैधता के बारे में अनुमान है तो आरोपी के अधिकारों को भी बनाए रखने के बारे में एक अनुमान होना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पीठ ने धारा 436-ए के बारे में सवाल किया था। उन्होंने कहा कि पीएमएलए एक अजीब अपराध है जो उन अन्य गंभीर अपराधों से अलग है जिन्हें अलग से वर्गीकृत किया गया है जैसे कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका)। मेहता ने कहा कि धनशोधन आम तौर पर सीमा पार से होता है, न कि केवल देश की सीमा के भीतर और कर चोरी को सुरक्षा प्रदान करने वाले कुछ देश हैं जहां अपराधी आसानी से अवैध धन जमा कर सकते हैं। उन्होंने पीठ से कहा कि कुछ ऐसे देश हैं जो किसी व्यक्ति को नागरिकता देकर एक तरह का आश्रय देते हैं जिनके साथ भारत की प्रत्यर्पण के लिए कोई पारस्परिक संधि नहीं है। जनरल ने कहा, इस अपराध की इस अंतरराष्ट्रीय प्रकृति के कारण, आरोपी, विशेष रूप से मुख्य आरोपी के पास अपना बुनियादी ढांचा, साधन और उस संबंधित देश में हर बुनियादी ढांचा होता है जहां वह अपना पैसा जमा करता है या उसने नागरिकता प्राप्त करना सुनिश्चित किया है...। उन्होंने कहा, यह एक अपराध है जो एक पूर्व नियोजित अपराध है। मेहता ने कहा कि यह अपराध करते हुए कोई व्यक्ति यह सुनिश्चित करता है कि उसका पैसा कहां जाएगा, कैसे छिपाया जाएगा, किस देश में उसकी मदद कौन करेगा, भागने और भगोड़ा बनने के लिए उसका बुनियादी ढांचा क्या है तथा उसके पास सब कुछ तैयार होगा। पीएमएलए की धारा 45 का जिक्र करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि यह अपराधों के संज्ञेय और गैर-जमानती होने से संबंधित है तथा दंड प्रक्रिया संहिता में निहित चीजों के बावजूद होता है। उन्होंने कहा, मेरा पहला सम्मानजनक कानूनी अभिवेदन यह है कि यह धारा 436-ए को हटा देता है। सॉलिसिटर जनरल ने अपने एक नोट का भी जिक्र किया जो उन्होंने अदालत के सामने रखा है। मेहता ने अपने नोट में कहा है कि आर्थिक अपराधों का एक अलग वर्ग में वर्गीकरण अपने आप में एक स्पष्ट न्यायिक मान्यता है कि अपराध की गंभीरता को न्यायिक रूप से जमानत से संबंधित मामलों पर विचार करते समय एक अत्यंत प्रासंगिक कारक के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन की भारी हानि वाले आर्थिक अपराधों को गंभीरता से देखने की जरूरत है क्योंकि ए देश की वित्तीय स्थिति के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इस मामले में बृहस्पतिवार को भी दलीलें जारी रहेंगी। केंद्र ने पिछले हफ्ते पीएमएलए के प्रावधानों का बचाव करते हुए कहा था कि अगर कोई व्यक्ति जानबूझकरै एक पक्ष बन जाता है या वास्तव में अपराध की आय से जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होता है तो ऐसा व्यक्ति धनशोधन के अपराध का प्रथम दृष्टया दोषी है। केंद्र ने पहले शीर्ष अदालत को बताया था कि पिछले 17 वर्षों में पीएमएलए के तहत जांच के लिए 4,850 मामले लिए गए हैं और कानून के प्रावधान के तहत 98,368 करोड़ रुपए के अपराध की पहचान की गई और कुर्की की गई। सरकार ने पीठ को बताया था कि इन अपराधों की जांच पीएमएलए के तहत की गई जिसमें 2,883 छापेमारी भी शामिल हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि जिस 98,368 करोड़ रुपए की पहचान की गई और कुर्क किया गया, उनमें से 55,899 करोड़ रुपए संबंधी अपराध की आय की पुष्टि न्याय निर्णयन प्राधिकारी ने कर दी है।

## 2008 श्रृंखलाबद्ध विस्फोट मामला: गुजरात उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों को नोटिस भेजे

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने बुधवार को 2008 के अहमदाबाद श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट मामले में 38 दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि के लिए उन्हें नोटिस भेजे। न्यायमूर्ति सोनिया गोकणी और न्यायमूर्ति मौना एम भट्ट की खंडपीठ ने सभी 38 दोषियों को नोटिस जारी किया जिन्हें एक विशेष अदालत ने 18 फरवरी को मृत्युदंड सुनाया था। विशेष अदालत ने विस्फोटों के मामले में 38 दोषियों को फांसी और 11 अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। विस्फोटों में 59 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक घायल हो गए थे। राज्य सरकार ने मौत के सजायाफ्ता दोषियों के लिए अपराध प्रक्रिया संहिता के तहत उच्च न्यायालय में एक आपराधिक पुष्टि वाद दायर किया था। सीआरपीसी की धारा 366 के अनुसार यदि किसी सत्र अदालत ने मौत की सजा सुनाई है तो दोषी को तब तक फांसी नहीं दी जाती जब तक कोई उच्च न्यायालय उसकी पुष्टि नहीं कर देता।



अमृतसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर खालसा कॉलेज की छात्राएं परंपरागत वेशभूषा में नृत्य करते हुए

## इंडियन एअरलाइंस विमान के अपहरणकर्ता की पाकिस्तान में गोली मार कर हत्या

भाषा। नई दिल्ली

**अज्ञात बंदूकधारियों** ने पाकिस्तान के कराची में एक कारोबारी की गोली मार कर हत्या कर दी है। भारतीय खुफिया अधिकारियों ने कहा है कि मारा गया व्यक्ति जैश-ए- मोहम्मद का आतंकवादी मिस्त्री जहूर इब्राहिम था, जो 1999 में इंडियन एअरलाइंस के विमान आईसी-814 के अपहरण और रूपिन कात्याल नाम के यात्री की चाकू मार कर हत्या करने में संलिप्त था। डिजिटिल समाचार एजेंसी चिप्पा के मुताबिक, अख्तर कॉलोनी सेक्टर , गली नंबर-4 में स्थित एक दुकान के पास गोलीबारी में एक व्यक्ति मारा गया है। शव को जिन्ना अस्पताल भेज दिया गया।

समाचार एजेंसी ने मृतक की पहचान जाहिद (44) के रूप में की थी और बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कराची पूर्व) को उद्धृत करते हुए कहा कि शुरूआती जांच से संकेत मिला है कि यह एक व्यक्तिगत दुश्मनी का मामला है। एसएसपी ने कहा कि चार लोग दुकान पर आए थे, जहां कारोबारी को चार से पांच गोली मारी गई। हालांकि, भारत में अधिकारियों ने कहा है कि मारा गया कारोबारी इब्राहिम था, जो कई वर्षों से जाहिद अखुंद नाम की झूठी पहचान के साथ रह रहा था।

कंधार विमान अपहरण कांड के दौरान डॉक्टर कूट भाषा नाम वाला इब्राहिम कराची की अख्तर कॉलोनी में क्रीसेंट फर्नीचर (दुकान) का मालिक था। खबरों के मुताबिक, आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मसूद अजहर का भाई राउफ असगर कराची में इस कारोबारी के जनाजे में शामिल हुआ। राऊ आतंकी संगठन का मौजूदा सरगना है। उल्लेखनीय है कि इंडियन एअरलाइंस के आईसी-814 का नेपाल से 24 दिसंबर 1999 को अपहरण कर लिया गया था। विमान में पांच अपहरणकर्ता और चालक दल के 15 सदस्य सहित 176 लोग सवार थे।

विमान को अमृतसर, लाहौर और दुबाई में कुछ देर के लिए उतारने के बाद आखिरकार अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया, जो उस वक्त तालिबान के नियंत्रण में था। इब्राहिम पहले हरकत उल मुजाहिदीन का आतंकी था और वह आईसी 814 के पांच अपहरणकर्ताओं में एक था। अपहरणकर्ताओं ने रूपिन कात्याल (25) नाम के एक यात्री की हत्या कर दी थी जो काठमांडू से अपनी पत्नी के साथ लौट रहा था।

## अब राज्यसभा नहीं जाएंगे एंटनी, केरल की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी ने कहा कि वह अब संसदीय राजनीति से विदा लेंगे और राज्यसभा नहीं जाएंगे, लेकिन केरल में पार्टी के लिए अपना योगदान देते रहेंगे। पूर्व रक्षा मंत्री एंटनी का राज्यसभा का कार्यकाल आगामी दो अप्रैल को खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि पार्टी के नौजवान सदस्यों को मौका मिले और अब वह 81 साल के हो गए हैं तथा उनकी सेहत भी अच्छी नहीं है। एंटनी के अनुसार, वह अब अपना कार्यक्षेत्र अपने गृह राज्य केरल में केंद्रित रखेंगे। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं संसद में फिर से नहीं जाना चाहता, क्योंकि मेरी उम्र हो चुकी है। मैं संसदीय राजनीति से विदा लेना चाहता हूं,लेकिन केरल में दलीय राजनीति में योगदान देता रहूंगा। एंटनी लंबे समय से कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक बने हुए हैं और गांधी परिवार के भरोसेमंद माने जाते हैं। वह पार्टी में सुधार और चुनावी हार से संबंधित कई समितियों की अगुवाई भी कर चुके हैं।

## कर्नाटक से दोबारा रास की सदस्यता क्यों नहीं : सीतारमण

भाषा। बेंगलुरू

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस साल जून में समाप्त हो रहा है। उन्होंने बुधवार को संकेत दिया कि वह एक और कार्यकाल के लिए इस दक्षिणी राज्य से उच्च सदन की सदस्य बनना पसंद करेंगी। जब यहां संवाददाताओं ने पूछा कि क्या वह राज्य से एक बार और राज्यसभा में जाना पसंद करेंगी, तो वित्त मंत्री ने कहा, मुझे नहीं पता।

मैं इसे पार्टी पर छोड़ूंगी और पार्टी जहां भी मुझे भेजेगी, मुझे वहां जाना होगा। राज्यसभा में कर्नाटक से चुने जाने के संबंध में अपनी निजी इच्छा के सवाल पर सीतारमण ने कहा, क्यों नहीं? कर्नाटक एक शानदार राज्य है। राज्य की सेवा करने का मुझे सम्मान प्राप्त हुआ है, केवल इसलिए नहीं कि मैं सांसद हूं।

## क्विक न्यूज

### पीडीपी नेता ताहिर सईद ने पार्टी के अतिरिक्त प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दिया

**श्रीनगर।** पीडीपी के अतिरिक्त प्रवक्ता ताहिर सईद ने बुधवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए पार्टी के इस पद से इस्तीफा दे दिया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के सत्ता में रहने के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में मीडिया विश्लेषक के रूप में भी सेवाएं दे चुके सईद ने एक ट्वीट में कहा कि वह पार्टी की सेवा का अवसर देने के लिए पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के प्रति शुक्रगुजार है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नही है कि वह पार्टी छोड़ेंगे या नही। पीडीपी महासचिव गुलाम नबी हंजुरा ने भी पिछले महीने पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### आतंकियों ने सरपंच की गोली मारकर हत्या की

**श्रीनगर।** श्रीनगर के बाहरी इलाके में बुधवार को आतंकवादियों ने एक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। सरपंच की पहचान समीर भट के रूप में हुई है। प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भट को सुरक्षा मुहैया कराई गई थी और उन्हे श्रीनगर के एक होटल में ठहराया गया था, लेकिन बुधवार को वह बिना बताए बाहर निकले तभी शहर के बाहरी इलाके खानमोह में आतंकवादियों ने उन पर हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि भट को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

### पश्चिम बंगाल ने जल जीवन मिशन के केवल 19 प्रतिशत लक्षित कवरेज को प्राप्त किया

**कोलकाता।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने जल जीवन मिशन के केवल 19 प्रतिशत लक्षित कवरेज को हासिल किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राज्य कार्यक्रम का नाम बदलने का कोई प्रयास करते है तो केंद्र सरकार योजना के तहत धन जारी करना बंद कर देगी। शेखावत ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के जल जीवन मिशन में खराब प्रदर्शन के पीछे कारण राजनीति के बजाय जनता को स्वच्छ जल की आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता की कमी है। जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा के लिए यहां एक बैठक में शामिल होने आए केंद्रीय मंत्री ने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार ने केवल 19 प्रतिशत लक्षित कवरेज हासिल किया है जबकि राष्ट्रीय औसत 48 प्रतिशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार उसे आवंटित धन का इस्तेमाल नही कर सकी है। शेखावत ने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार ने चालू वित्त वर्ष में उसे आवंटित 2160 करोड़ रुपए में से केवल 1060 करोड़ रुपए का उपयोग किया है। पिछले सालों में भी राज्य धन का इस्तेमाल नही कर पाया।

### सुखबीर बादल ने एग्जिट पोल पर रोक लगाने की मांग की

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग से एग्ज़िट पोल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। कई एग्ज़िट पोल में पंजाब में आम आदमी पार्टी की अगली सरकार बनने की संभावना जताए जाने के बाद बादल की यह मांग सामने आई है। राज्य में गत 20 फरवरी को मतदान हुआ था। मतों की गिनती बृहस्पतिवार को होगी। बादल ने ट्वीट करके कहा, ओपिनियन एवं एग्ज़िट पोल अब एक घोटाला है, जिसमें बड़े पैमाने पर सरकारी धन के जरिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित किया जाता है, जो चुनावी कदाचार के समान है। मै चुनाव आयोग से आग्रह करता हूं कि वह धनबल के जरिए लोकतंत्र को पलटने की इस गतिविधि को रोके। उन्होंने विश्वास जताया कि शिरोमणि अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी का गठबंधन पंजाब में अगली सरकार बनाएगा और सत्ता में आने के तुरंत बाद उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता राज्य के स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्रों को दुरुस्त करने की होगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, शिअद-बसपा गठबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता के तौर पर शिक्षा और स्वास्थ्य को ठीक करेगा। हमारे पास पंजाब में सामाजिक तथा भौतिक आधारभूत संरचना तथा मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में विश्वस्तरीय ढांचा स्थापित करने का दृष्टिकोण है। पंजाबियों को स्वच्छ, संवेदनशील और दृष्टिकोण वाली सरकार चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा बकरी से दूध निकालने को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि चन्नी को नौटंकी मोड से बाहर आना चाहिए।

### गिरीश महाजन की याचिका खारिज होना भाजपा के लिए एक झटका: पटोले

**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली भाजपा विधायक गिरीश महाजन की याचिका को बंबई उच्च न्यायालय द्वारा खारिज करना विपक्षी दल के लिए एक बड़ा झटका है, जो प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश कर रही है। पटोले ने यहां पत्रकारों से कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर विचार करते हुए राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को राज्यपाल कोटे के तहत विधान परिषद में 12 सदस्यों की नियुक्ति करनी चाहिए और अध्यक्ष का चुनाव कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत का कहना है कि सुनवाई की शुरुआत में महाजन द्वारा जमा किए गए 10 लाख रुपए और नागरिक जनक व्यास द्वारा जमा किए गए दो लाख रुपए यानी कुल 12 लाख रुपए की राशि को जब्त ही रखा जाए। पटोले ने कहा, यह भाजपा के लिए बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्यपाल जल्द ही अध्यक्ष के चुनाव और विधान परिषद के लिए 12 सदस्यों के लंबित नामांकन के बारे में फैसला करेंगे। बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तथा राज्यपाल कोश्यारी के बीच विभिन्न मुद्दों पर मतभेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य के दो सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारियों को एक-दूसरे पर विश्वास नही है। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की एक पीठ ने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए एक साथ बैठना और मतभेदों को दूर करना उचित होगा।



बंगलुरु में बस यात्रियों के बीच तंबाकू और गुटखा के खिलाफ जागरूकता फैलाने का प्रयास करते विश्व भारती के कलाकार

## महाराष्ट्र आरोग्य विज्ञान विद्यापीठ यूक्रेन से आए मेडिकल छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा देने को तैयार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आरोग्य विज्ञान विद्यापीठ युद्धग्रस्त यूक्रेन से लौट रहे मेडिकल छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए तैयार है और उनमें से कुछ को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की भी अनुमति दी जा सकती है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के मेडिकल शिक्षा मंत्री अमित देशमुख ने यहां इस विषय पर एक बैठक की कि यूक्रेन में रूस के आक्रमण के चलते इन छात्रों की किस तरह से मदद की जा सकती है। बैठक में उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उदय सामंत, विद्यापीठ की उप कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) माधुरी कानितकर और विधानपरिषद में शिवसेना की सदस्य मनीषा कायंदे भी शरीक हुईं। कायंदे ने बाद में संवाददाताओं से कहा, विद्यापीठ ने यूक्रेन से लौटे छात्रों के लिए मेडिकल पाठ्यक्रम संचालित करने की इच्छा जताई है क्योंकि (यूक्रेन में) रूस की सैन्य कार्वाई के चलते उनकी पढ़ाई रूक गई है।

## आने वाले समय में गहलोत सरकार का जाना तय: अरुण सिंह

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि आने वाले समय में गहलोत सरकार का जाना तय है और उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता राजस्थान की जनता की आवाज को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और सरकार की विफलता को उजागर करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि राजस्थान में सरकार विरोधी लहर चल रही है और यह लहर बृहस्पतिवार को पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद और तेज होगी। सिंह ने भाजपा मुख्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आने वाले समय में गहलोत सरकार का जाना तय है और उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस के नेता गायब रहे, उन राज्यों का रूख नहीं किया जहां चुनाव हो रहे थे। उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान में महिलाओं पर अत्याचार होता है। उनके साथ बलात्कार होता है, लेकिन वह घटनास्थल पर नहीं जाती हैं... उत्तर प्रदेश में लोगों ने यह महसूस किया और यही कारण है कि चुनावों के नतीजों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सिंह ने दावा किया, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को पांच सीटें भी नहीं मिलेंगी... क्योंकि जब आप केवल राजनीति के लिए काम करते हैं और मन में समाज सेवा की बात नहीं होती तो नतीजे ऐसे ही आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की गहलोत सरकार झूठी घोषणाओं के आधार पर बनी थी और उसने अभी तक अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। यह पूछने पर कि क्या पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का जन्म दिवस शक्तिप्रदर्शन के रूप में मनाया जाना पार्टीलाइन के अनुरूप था या नहीं, सिंह ने कहा, कोई भी जन्मदिन मनाए उस पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि पार्टी सर्वोपरी है। व्यक्ति बाद में आता है और सभी को इसका ध्यान रखना चाहिए।

## बोर्ड परीक्षा के दौरान इंटरनेट बंद करने के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रिपोर्ट तलब की

भाषा। कोलकाता

**कलकत्ता उच्च** न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के दौरान कुछ जगहों पर इंटरनेट कनेक्टिविटी पर प्रतिबंध लगाने के बारे में समीक्षा समिति के फैसले से उसे बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजे तक अवगत कराने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। अदालत को बुधवार को यह बताया गया कि समीक्षा समिति की बैठक कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे होगी।

मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आर भारद्वाज की पीठ ने राज्य सरकार द्वारा इस तरह की रोक लगाने को चुनौती देने वाली जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह समीक्षा समिति की बैठक में हुए विचार विमर्श और इसके निर्णयों से उसे बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजे तक अवगत कराए। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई भी बृहस्पतिवार को तीन बजे होगी। पश्चिम बंगाल के गृह विभाग ने तीन मार्च को जारी एक आदेश में राज्य में माध्यमिक परीक्षा के दौरान कुछ चुनिंदा ब्लॉक और पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में खास तारीख को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न सवा तीन बजे तक इंटरनेट डाटा से जुड़े संदेश के प्रसारण पर रोक लगा दी है। गृह विभाग का कहना है कि उसे खुफिया रिपोर्ट मिली है कि अगले कुछ दिनों तक कुछ निश्चित इलाकों में इंटरनेट ट्रांसमिशन और वॉयस ओवर इंटरनेट टेलीफोनी का इस्तेमाल गैर-कानूनी गतिविधियों के लिए किया जा सकता है।

## कांग्रेस ने विस अध्यक्ष का आदेश बरकरार रखने के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की गोवा इकाई के अध्यक्ष गिरीश चूडांकर ने 12 विधायकों को अयोग्य ठहराने का आग्रह करने वाली दो याचिकाएं खारिज करने के विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को बरकरार रखने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। मामला 2019 में अपने-अपने दल छोड़कर भाजपा में शमिल हुए विधायकों से जुड़ा है। बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ ने 24 फरवरी को चूडांकर और महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के एक विधायक द्वारा दायर अलग-अलग याचिकाओं पर फैसला सुनाया था।

कांग्रेस की गोवा इकाई के अध्यक्ष ने पार्टी के 10 विधायकों से संबंधित मामले में याचिका दायर की थी जो जुलाई 2019 में भाजपा में शामिल हो गए थे। एमजीपी के विधायक ने भी अपने दो विधायकों से संबंधित मामले में इसी तरह की याचिका दायर की थी जो उसी वर्ष क्षेत्रीय दल से भाजपा में शामिल हो गए थे।

## सीईएल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**साहिबाबाद।** सीईएल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें स्कूली बच्चों और सीईएल की महिलाकर्मियों की भागीदारी के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गरिमा जैन सीईएल के महिला कल्याण प्रकोष्ठ की पदेन अध्यक्षा, प्रो. अरुण लता, एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद, डॉ. विभा चौहान प्राचार्य राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज विजयनगर, गाजियाबाद ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और सीईएल की महिला कर्मियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता और नेतृत्व करने के लिए उत्साहित किया। इस उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। चेतन प्रकाश जैन सीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बताया कि सीईएल में महिलाएं तकनीकी के साथ साथ प्रशासनिक पदों पर भी काम कर रही हैं और संगठन के विकास में बड़े पैमाने पर योगदान दे रही हैं। उन्होंने बताया कि सीईएल रणनीतिक और रक्षा अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण उत्पादों का निर्माता है जिसमें मिसाइलों के लिए सिरेमिक रेडोम, रडार के लिए फेज कण्ट्रोल माड्यूल, हवाई जहाजों की सुरक्षित लैंडिंग के लिए हवाई अड्डों पर स्थापित दृष्टि उपकरण आदि शामिल हैं।

## कोविड मरीजों से इलाज की अधिक कीमत वसूलने की 68 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं : टोपे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अस्पतालों द्वारा कोविड-19 के मरीजों से इलाज की अधिक कीमत वसूलने और उपचार से मना करने की 68 हजार से अधिक शिकायतें मिली हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। राजेश टोपे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार और अन्य विधायकों के सवाल का लिखित जवाब देते हुए कहा कि इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अस्पतालों के बिल में 35.72 करोड़ रुपए की कटौती की गई और मरीजों तथा उनके परिवारों को यह राशि लौटाई गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अत्यधिक बिल और अस्पतालों द्वारा इलाज से इनकार करने के बारे में कोविड-19 मरीजों की ओर से कुल 68,651 शिकायतें मिलीं हैं और सरकार ने ऐसी 58,631 शिकायतों का निपटारा कर दिया है।

# यूक्रेन संकट के दौरान भी कांग्रेस ने राजनीति कर ओछेपन की सारी हदें पार कीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने युद्धग्रस्त देश यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों, खासकर छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने बहुत सूझबूझ व समझदारी से निर्णय लिए तथा तमाम संकटों व समस्याओं के बावजूद जिस प्रकार देश का नेतृत्व किया, वैसा कोई अन्य उदाहरण नहीं है।पार्टी ने यूक्रेन से छात्रों को स्वदेश लाने के अभियान के दौरान कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों के रवैए की जमकर आलोचना की और आरोप लगाया कि संकट की घड़ी में भी उन्होंने ओछेपेन की सारी हदें पार कर दीं। भाजपा मुख्यालय में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कहा, संकट की घड़ी में इतनी समस्याओं के बीच जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निकासी अभियान का नेतृत्व किया, ऐसा कोई अन्य उदाहरण नहीं है।

उन्होंने कहा, ऐसा कोई और उदाहरण नहीं है किसी देश का, जिसने इतनी गंभीरता से अपने नागरिकों को सुरक्षित घर लाने का काम किया हो। यहां तक कि बड़े-बड़े देश भी इसमें विफल रहे। चीन तो शायद पहली बार आठ फरवरी को कुछ लोगों को निकाल पाया। अमेरिका ने तो पहले ही परामर्श जारी कर दिया था कि आप अपने आप निकल जाओ नहीं तो हम जिम्मेदार नहीं हैं।

गोयल ने कहा कि भारत ना सिर्फ अपने नागरिकों को निकालने में सफल रहा बल्कि उसने अपने नागरिकों की इच्छाओं को भी हरसंभव पूरा किया और यही वजह रही कि कई

**● गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारतीयों को सुरक्षित निकालने के विषय को खुद गंभीरता से लिया**

सारे छात्र अपने पालतू जानवरों को भी साथ लेकर आए।उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के दौरान देश ने तिरंगे की अहमियत को भी देखा जब कई दूसरे देशों के बच्चे भी सुरक्षित निकलने के लिए भारत का तिरंगा लेकर निकलने में सफल हो पाए।उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस अभियान के दौरान नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश के भी कुछ विद्यार्थियों को सुरक्षित निकालने में सफल रही।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साढे सात सालों में विश्व में भारत की जो साख



भाजपा मुख्यालय में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता पीयूष गोयल

बनाई है, उसका लाभ इस अभियान के दौरान लगातार मिलता रहा।

गोयल ने इस दौरान आरोप लगाया कि एक तरफ जहां पूरी सरकार अपने नागरिकों को यूक्रेन से सुरक्षित निकालने में लगी हुई थी, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दलों ने तथा विपक्ष शासित राज्यों के कुछ मुख्यमंत्रियों ने इस पर भी राजनीति करने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि संकट के समय में तो सभी लोग एकजुट होते हैं लेकिन इस संकट में लोगों को सांत्वना देने के बदले विपक्ष के नेता दुष्प्रचार करने में लगे रहे।उन्होंने कहा, यह उदाहरण है कि कैसे कुछ राजनीतिक दल ओछी राजनीति में पड़े रहते हैं... कोविड महामारी और गलवान घाटी की घटना के दौरान भी कांग्रेस का रवैया देखिए। यह दर्शाता है कि कांग्रेस किस निचली स्तर तक गिर चुकी है।

यूक्रेन से लाए गए छात्रों का केंद्रीय मंत्रियों द्वारा हवाईअड्डों पर स्वागत किए जाने की आलोचना के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में गोयल ने कहा, यह ओछेपन की हद है। ओछेपन की हद पार कर रही है कांग्रेस पार्टी। एक तरफ भारतीय छात्र मदद की गुहार कर रहे थे और प्रधानमंत्री चुनावी रेलियों में व्यस्थ थे के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भले ही प्रधानमंत्री रैली कर रहे थे लेकिन उनक मन, दिल और उनकी चिंता बच्चों में लगी रहती थी।उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हरसंभव कोशिश की गई वहां फंसे बच्चे समय पर निकलें लेकिन कुछ विश्वविद्यालयों के चलते कुछ छात्र गुमराह हो गए ओर वे फंस गए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बहुत सूझबूझ और समझदारी से हर पहलू को मद्देनजर रखते हुए हर निर्णय लिया है ओर इसी का नतीजा है कि विद्यार्थियों का आखिरी समूह भी अब युद्ध के इलाके से निकल कर पश्चिमी यूक्रेन की तरफ तेजी से बढ़ रहा है।

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारतीयों को सुरक्षित निकालने के विषय को खुद गंभीरता से लिया और इसके मद्देनजर आठ उच्च स्तरीय बैठकें की और रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और यूक्रेन राष्ट्रपति वोलोदिमीर सहित करीब 11 बार विश्व के बड़े-बड़े नेताओं से बात की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने कूटनीति का हरसंभव प्रयोग किया गया, जिससे हमारे नागरिक सकुशल वापस आ सकें।

## छत्तीसगढ़ का बजट पेश, पुरानी पेंशन योजना होगी लागू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 202223 का बजट पेश किया। बघेल के पास वित्त विभाग का भी प्रभार है। बघेल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एक लाख चार हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में पुरानी पेंशन योजना को लागू करने तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल और छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में राज्य के स्थानीय प्रतिभागियों का परीक्षा शुल्क माफ करने समेत कई अन्य घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि मेरा सौभाग्य है कि भारत की आजादी की 75वीं सालगिरह के वर्ष में मैं अपनी सरकार का यह बजट प्रस्तुत कर रहा हूं। मुझे संतोष है कि बीते तीन वर्षां के दौरान हमारी सरकार ने आजादी के नायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को पूरा करने की दिशा में सार्थक कदम उठाए हैं।

## देश पर शासन कर रहे लोग नफरत फैला रहे, लोगों को बांट रहेः राहुल गांधी



वायनाड में लोगों से मिलते राहुल गांधी

**भाषा।** कोझीकोड (केरल)

**कांग्रेस नेता राहुल** गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में शासन कर रहे लोग नफरत फैला रहे हैं और देश को बांट रहे हैं। यहां मुक्कम मुस्लिम अनाथालय की एक इमारत के उद्घाटन के मौके पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा फैलाए नफरत और गुस्से का असर अर्थव्यवस्था पर, बेरोजगारी के बढ़ते स्तर पर और जरूरी वस्तुओं के आसमान छूते दामों पर पड़ता है। केरल की दो दिन की यात्रा पर आए राहुल ने कहा, आज, यह साफ है कि हमारे देश में शासन कर रहे लोग गुस्सा और नफरत फैला रहे हैं तथा देश को बांट रहे हैं। आप सरकार के फैलाए गुस्से का नतीजा देख सकते हैं। आप देख सकते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था को क्या हुआ, बेरोजगारी, महंगाई का स्तर देखिए। उन्होंने कहा कि लोगों को बांटा जा रहा है और वे मिलकर काम नहीं कर रहे, इसलिए यह हो रहा है।

## उच्चतम न्यायालय ने विजय माल्या के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई स्थगित की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने 9,000 करोड़ रुपए के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में आरोपी भगोड़े कारोबारी विजय माल्या की पेशी से संबंधित याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार तक स्थगित कर दी। पेशी से जुड़ी यह याचिका अवमानना के मामले से संबद्ध है जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा ने बुधवार को अवमानना मामले पर सुनवाई के लिए बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे का समय दिया। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता और न्याय मित्र जयदीप गुप्ता ने इस आधार पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया था कि वह एक अन्य मामले में व्यस्त



होंगे। शीर्ष न्यायालय ने 10 फरवरी को माल्या के खिलाफ अवमानना मामले पर सुनवाई के लिए बुधवार की तारीख तय की थी और भगोड़े कारोबारी को उसके समक्ष निजी तौर पर या वकील के जरिए पेश होने का आखिरी मौका दिया था। पीठ ने कहा था कि उसने माल्या को निजी तौर पर या किसी वकील के जरिए पेश होने के कई मौके दिए तथा 30 नवंबर 2021 के अपने आखिरी आदेश में विशेष दिशा निर्देश भी दिए थे। न्याय मित्र गुप्ता ने कहा था कि अदालत ने माल्या को अदालत की अवमानना का दोषी पाया है और उसे सजा सुनाई जाएगी। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि अवमानना मामलों में अदालत का अधिकार क्षेत्र निहित है और उसने माल्या को पर्याप्त मौके दिए हैं, जिसका उसने फायदा नहीं उठाया। पिछले साल 30 नवंबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह और इंतजार नहीं कर सकती और माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में सजा के पहलू पर अंतिम रूप से विचार करना होगा। माल्या को 2017 में अवमानना का दोषी ठहराया गया था और उसकी सजा पर सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध किया गया।गौरतलब है कि माल्या मार्च 2016 से ब्रिटेन में है। वह 18 अप्रैल 2017 को स्कॉटलैंड यार्ड द्वारा तीन साल पहले जारी प्रत्यर्पण वारंट में जमानत पर है।

## सीबीआई ने पुरातात्विक उद्यानो के रखरखाव को लेकर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों द्वारा एक निजी ठेकेदार की मिलीभगत से उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक स्थलों जैसे द रेजीडेंसी और ताजमहल में पुरातात्विक उद्यानों के रखरखाव में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।ऐसा आरोप है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के मैसूर, दिल्ली और कोटा मंडलों में लगे अकुशल श्रमिकों को लखनऊ में ऐतिहासिक स्थलों के उद्यानों का रखरखाव करते हुए दिखाकर फर्जी बिल जमा कर ठेकेदार ने सरकारी धन की हेराफेरी की।उन्होंने बताया कि कुशीनगर, आगरा, कानपुर आदि शहरों में भी उद्यानों के रखरखाव के लिए इसी तरह के फर्जी बिल जमा किए गए थे, जिसके आधार पर ठेकेदार कुलदीप सिंह द्वारा भारी धनराशि का गबन किया गया।

## क्विक न्यूज

### स्टालिन ने सांसदों से की स्वाभिमान विवाह को अखिल भारतीय कानूनी वैधता दिलाएं जाने की मांग

**चेन्नई।** द्रमुक अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बुधवार को यहां कहा कि देशभर में स्वाभिमान विवाहों को कानूनी वैधता दिलाने के लिए संसद सदस्यों को कदम उठाने चाहिए।यहां एक विवाह समारोह में शामिल हुए स्टालिन ने कहा कि इस विवाह को सुधारवादी विवाह (सीरतिरुत्ता तिरुमणम) कहने के बजाय इसे द्रविड़ विवाह के रूप में वर्णित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि द्रमुक सरकार द्रविड़ मॉडल पर चल रही है।स्वाभिमान विवाह का सार है, बिना पुरोहित के विवाह करवाना और सभी रीति-रिवाजो को समाप्त कर देना। द्रविड़ मॉडल मोटे तौर पर सामाजिक न्याय से प्रेरित, सर्व-समावेशी विकास है।उन्होंने याद किया कि वह द्रमुक संस्थापक एवं दिवंगत मुख्यमंत्री सी एन अन्नादुरई थे जिन्होंने राज्य मे स्वाभिमान विवाह को वैध बनाने के लिए 1967 मे तमिलनाडु मे हिंदू विवाह अधिनियम के लागू होने के संबंध में संशोधन किया था। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में द्रमुक की सरकार बनने के बाद अन्नादुरई की यह पहली विधाई पहल थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जानते है कि कैसे यह पहल लोगो के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय हुई। उन्होंने कहा कि दिवंगत पार्टी संरक्षक एम करुणानिधि ने भी इस बात पर जोर दिया था कि स्वाभिमान विवाहो को पूरे देश में कानूनी मान्यता दी जानी चाहिए।

### महाराष्ट्र सरकार फडणवीस की ओर से सौंपे गए वीडियो की जांच कराएगी : शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस द्वारा सौंपी गई वीडियो फुटेज की सत्यता की जांच कराएगी। फडणवीस ने एक दिन पहले विधानसभा में एक वीडियो जमा करते हुए आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र का सत्तारूढ़ गठबंधन अपने राजनीतिक विरोधियो के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा है। पवार ने यहां पत्रकारो से बातचीत मे यह भी कहा कि उनके नाम का कथित षड्यंत्र के संबंध मे प्रत्यक्षापरोक्ष तौर पर जिक्र किया गया है लेकिन उनका इससे कोई लेना-देना नही है। भाजपा का नाम लिए बिना पवार ने कहा कि राज्य मे महाराष्ट्र विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को अस्थिर करने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होने जोर देते हुए कहा कि गठबंधन को संकट मे नही डाला जा सकता क्योंकि उसके पास स्पष्ट बहुमत है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय एजेंसियो के कथित दुरुपयोग के संबंध मे शिवसेना सांसद संजय राउत द्वारा उठाई गई शिकायत के मामले मे जांच का आदेश देंगे। राज्य विधानसभा मे कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बोलते हुए फडणवीस ने मंगलवार को सदन के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल को एक पेन ड्राइव सौपा था।

### गुजरात में 11 मार्च से आरएसएस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई की तीन दिवसीय बैठक

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक यहां 11 मार्च से शुरू होगी जिसमे संगठन के आधार का विस्तार करने सहित विभिन्न मुद्दो पर चर्चा होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेडकर ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक अहमदाबाद स्थित प्रेरणापीठ मे होगी जिसमे सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान अन्य मुद्दो के साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष 2025 तक संगठन का आधार दोगुना करने की आरएसएस की योजना पर भी चर्चा की जाएगी। आंबेडकर ने बताया कि तीन दिवसीय बैठक के दौरान एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जो स्वतंत्रता संग्राम में गुजरात के योगदान, राज्य मे 1938 से संघ की गतिविधियो और अन्य क्षेत्रो में इसके विस्तार पर आधारित होगी। उन्होंने कहा कि नागपुर के बाहर 1988 में राजकोट इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन करने वाला पहला शहर था। आंबेडकर ने बताया कि बैठक मे भारतीय मजदूर संघ, विद्यार्थी परिषद, वनवासी कल्याण आश्रम, राष्ट्र सेविका समिति, विद्या भारती और विश्व हिंदू परिषद जैसे 36 संबद्ध संगठन भी शामिल होंगे। यह बैठक 13 मार्च तक चलेगी।

### उधमपुर शहर में अदालत परिसर के पास विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत, 15 अन्य घायल

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के उधमपुर शहर मे बुधवार को जिला अदालत परिसर के पास हुए एक आईईडी विस्फोट मे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियो ने दी। अधिकारियो ने बताया कि विस्फोट अपराह्न करीब एक बजे सलाथिया चौक मे हुआ, जहां फल और सब्जी विक्रेता अपने ठेले लगाते है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू) मुकेश सिंह ने संवाददाताओ से कहा कि प्रारंभिक जांच मे आईईडी के इस्तेमाल का संकेत मिला है।प्रत्यक्षदर्शियो ने कहा कि धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसके प्रभाव से पास की कुछ लोहे की जाली क्षतिग्रस्त हो गई। इससे इलाके मे अफरा-तफरी उत्पन्न हो गई।उधमपुर की उपायुक्त इंदु कंवल चिब ने कहा कि विस्फोट मे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। उन्होने कहा कि घायलो को अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, यह एक विस्फोट है। अभी तक, यह आतंक से जुड़ा हुआ नही लगता है। जांच जारी है। घायलों मे एक महिला, आठ महीने का शिशु और राजस्थान का एक निवासी शामिल है।मामले की जांच के लिए एडीजीपी मुकेश सिंह समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मौजूद थे। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे है कि क्या जिला अदालत परिसर के पास विस्फोट मे किसी रासायनिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था।उन्होने कहा कि विस्फोटक की प्रकृति और विस्तृत जानकारी विशेषज्ञो की जांच के बाद ही पता चलेगी।

### मलिक के इस्तीफे की मांग पर प्रदर्शन के दौरान फडणवीस, अन्य भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओ को बुधवार को पुलिस ने यहां उस समय हिरासत मे ले लिया जब वे राज्य के मंत्री नवाब मलिक के इस्तीफे की मांग को लेकर एक प्रदर्शन मार्च निकालने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हे बाद मे रिहा कर दिया गया। भाजपा नेताओ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मलिक के इस्तीफा देने या उन्हे बर्खास्त करने की मांग को लेकर दक्षिण मुंबई मे आजाद मैदान से एक प्रदर्शन मार्च निकालने की कोशिश की। मलिक को प्रवर्तन निर्देशालय ने गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस, भाजपा की राज्य ईकाई के प्रमुख चंद्रकांत पाटिल, आशीष शेलार, मंगल प्रभात लोढ़ा और अन्य को मेट्रो सिनेमा के पास हिरासत मे लिया गया और एलो गेट पुलिस थाने ले जाया गया। उन्होंने बताया कि उन्हे बाद मे कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रिहा कर दिया गया। प्रदर्शन के कारण इलाके मे यातायात बाधित हो गया और जाम लग गया। प्रदर्शन के मद्देनजर इलाके मे अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। इस संबंध मे कोई प्राथमिकी दर्ज नही की गई है। अल्पसंख्यक विकास मंत्री मलिक को ईडी ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहायकों की गतिविधियो से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत मे है।



अटारी सीमा पर बीटिंग रिट्रीट परेड में भाग लेते बीएसफ के जवान व पाकिस्तानी रेंजर्स

## मोदी का गुजरात दौरा 11 मार्च से, करेंगे रोड शो और रैली

**भाषा।** अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी 11 और 12 मार्च को अपनी दो दिवसीय गुजरात यात्रा के तहत शुक्रवार को अहमदाबाद में एक रोड शो करेंगे तथा पंचायती राज संस्थाओं के एक लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों की एक रैली को भी संबोधित करेंगे। राज्य के एक भाजपा नेता ने यह जानकारी दी।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव नतीजों की घोषणा 10 मार्च को होने के एक दिन बाद मोदी अपने गृह राज्य की यह यात्रा करने वाले हैं। गुजरात में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री अहमदाबाद में एक खेल महाकुंभ का भी उद्घाटन करेंगे और गांधीनगर जिले में स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 मार्च की सुबह अहमदाबाद हवाई अड्डा पहुंचेंगे। वहां से कमलम (गांधीनगर स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय) तक वह एक रोड शो करेंगे। मार्ग में चार लाख लोग उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न गैर सरकारी संस्थाएं (एनजीओ), संगठन, भाजपा कार्यकर्ता और मोदी के शुभचिंतक रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के पूर्व निर्धारित स्थानों पर मौजूद रहेंगे।

पाटिल ने बताया कि कमलम में मोदी भाजपा के सांसदों, विधायकों, पदाधिकारियों और राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम को मोदी अहमदाबाद के जीएमडीसी मैदान में महा पंचायत सम्मेलन- मारु गाम, मारु गुजरात - को संबोधित करेंगे। तालुका और जिला पंचायत के सदस्यों तथा नगर निगम पार्षदों सहित 1.38 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि इसमें भाग लेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह मोदी राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। वह दीक्षांत भाषण देंगे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मंच साझा करेंगे, जो अध्यक्षीय भाषण देंगे।

पाटिल ने बताया कि इसके बाद, मोदी शाम में खेल महाकुंभ कार्यक्रम में का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए 47 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। इसके तहत पूरे राज्य में 500 से अधिक स्थानों पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। गुजरात सरकार के परिपत्र के मुताबिक, खेल महाकुंभ को केंद्र के आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक ऐतिहासिक कार्यक्रम घोषित किया गया है।

स्कूल और कॉलेज के छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए इस महाकुंभ के तहत विभिन्न खेल कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। खेल महाकुंभ के दौरान पांच विभिन्न श्रेणियों में खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं लेकिन सुरक्षा की कीमत पर नहीं : विदेश सचिव

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश सचिव** हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने पड़ोस प्रथम को भारत की विदेश नीति की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए बुधवार को कहा कि हम पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध की इच्छा रखते हैं लेकिन यह हमारी सुरक्षा की कीमत पर नहीं हो सकता है।

श्रृंगला ने लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में भारत के पड़ोस पर प्रशिक्षण प्रकल्प के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, सरकार के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की तरह पड़ोस प्रथम पहल महत्वपूर्ण प्रयास है। पड़ोस प्रथम भारत की विदेश नीति की सभी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पड़ोस प्रथम नीति में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव, म्यामां, पाकिस्तान, श्रीलंका के साथ हमारे संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि इन देशों में पाकिस्तान के अपवाद को छोड़कर अन्य के साथ सभी पक्ष काफी निकटता से काम कर रहे हैं। श्रृंगला ने कहा, हम पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहते हैं लेकिन ए हमारी सुरक्षा की कीमत पर नहीं हो सकते। चीन के साथ संबंधों को लेकर विदेश सचिव ने कहा कि भारत ने चीन को स्पष्ट कर दिया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता दोनों देशों के संबंधों के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंधों का विकास तीन साझी बातों... आपसी सम्मान, साझी संवेदनशीलता और आपसी हित पर आधारित होना चाहिए। विदेश सचिव ने कहा कि एक नीति के तौर पर पड़ोस प्रथम को पड़ोसियों की क्षमता निर्माण और परियोजनाओं के अनुपालन के आधार पर सहयोग को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय होने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जहां भी संभव हो, हमें राष्ट्रीय विकास योजनाओं को अपने सहयोगियों की चिंताओं एवं संप्रभुता का हनन किए बिना आगे बढ़ाने एवं जोड़ने के रास्ते तलाशने चाहिए। विदेश सचिव ने कहा कि इसके साथ ही भू राजनीतिक वास्तविकताओं तथा सीमापार आतंकवाद एवं अपराध जैसे वास्तविक खतरों का भी मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा, हम इनसे दृढ़ता से निपटेंगे। इसके लिए हम अपनी क्षमताओं को बढ़ाना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्यवाही कार्य बल (एफएटीएफ), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे मंचों पर बहुस्तरीय एवं बहुआयामी सहयोग के माध्यम से गठबंधन एवं नेटवर्क बनाएगा तथा बिम्स्टेक, आईआआरए आदि के माध्यम से करीब आएगा। श्रृंगला ने अफगानिस्तान के मित्रवत लोगों के साथ भारत के विशेष संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की मानवीय स्थिति को देखते हुए भारत ने वहां के लोगों के लिए 50 हजार मिट्रिक टन गेहूं तोहफे में देने का निर्णय किया है और इसकी पहली खेप भेजी जा चुकी है।

उन्होंने अफगानिस्तान को कोविड-19 रोधी टीके, जीवन रक्षक दवाओं एवं सर्दी में उपयोग किए जाने वाले कपड़ों की आपूर्ति का भी जिक्र किया। म्यामां का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हम म्यामां के साथ जुड़े हुए हैं जिसके साथ हमारी 1700 किलोमीटर लम्बी सीमा है। विदेश सचिव ने कहा, हमारे संपर्कों में हम भारत के हित में म्यामां में जल्द से जल्द लोकतंत्र की बहाली पर जोर दे रहे हैं। श्रृंगला ने कहा, पड़ोस में भारत का विकास गठजोड़ के तहत पड़ोसियों की कुशलता और उनकी क्षमताओं के विस्तार में निवेश किया जाता है। हम संस्थानों के निर्माण क समर्थन करते हैं। हमारा मकसद लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों के लिए भारत की ओर से दी जाने वाली रिण सुविधा वर्ष 2014 के 3.27 अरब डालर से बढ़कर वर्ष 2020 में 14.7 अरब डालर हो गई। विदेश सचिव ने कहा कि पड़ोस में भारत समर्थित परियोजनाओं को दूसरों से अलग करने वाली खूबी उनकी लोक केंद्रित प्रकृति है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, मालदीव, नेपाल और अफगानिस्तान में अस्पतालों का निर्माण हो, श्रीलंका में एम्बुलेंस परियोजना, म्यामां में उच्च शिक्षण संस्थान बनाना, श्रीलंका में सुनामी एवं नेपाल में भूकंप के बाद हजारों की संख्या में घरों का निर्माण, मारिशस में उच्च न्यायालय भवन शामिल है।

उन्होंने कहा कि पड़ोस में कौशल एवं क्षमता उन्नयन तथा भारत द्वारा पोषित परियोजनाओं की प्रकृति मूल रूप से लोक केंद्रित है।

### चीन के साथ संबंध आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और हितों पर आधारित होना चाहिए : श्रृंगला

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने बुधवार को कहा कि भारत ने चीन को स्पष्ट कर दिया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता दोनों देशों के सम्पूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए जरूरी है और ए संबंध आपसी सम्मान, साझी संवेदनशीलता और आपसी हित के तीन साझे बिन्दुओं पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध की इच्छा रखता है लेकिन यह देश की सुरक्षा की कीमत पर नहीं हो सकता है। श्रृंगला ने लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में भारत के पड़ोस पर प्रशिक्षण प्रकल्प के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, पड़ोस प्रथम भारत की विदेश नीति की सभी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। चीन के साथ संबंधों को लेकर विदेश सचिव ने कहा, हमने चीन को स्पष्ट कर दिया है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता हमारे संबंधों (द्विपक्षीय) के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंधों का विकास तीन साझी बातों... आपसी सम्मान, साझी संवेदनशीलता और आपसी हित पर आधारित होना चाहिए। विदेश सचिव की यह टिप्पणी ऐसे समय में आ रही है जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख गतिरोध के मुद्दे पर दो दिन बाद ही शीर्ष कमांडर स्तर की बातचीत होने वाली है। गौरतलब है कि पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई 2020 को भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध शुरू हुआ। दोनों देशों के बीच राजनयिक एवं सैन्य स्तर पर कई दौर की वार्ता हो चुकी है। अब तक की बातचीत के परिणामस्वरूप पैगोंग सो (झील) के उत्तरी और दक्षिणी किनारे, गलवान क्षेत्र में मुद्दों का समाधान निकला है। भारत अब तनाव के शेष बिन्दुओं के समाधान पर जोर दे रहा है। वहीं, विदेश सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पड़ोस प्रथम नीति में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, मालदीव, म्यामां, पाकिस्तान, श्रीलंका के साथ हमारे संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

# सेंसेक्स 1,223 अंक चढ़ा, निफ्टी 332 अंक मजबूत

**भाषा।** मुंबई

**यूक्रेन** संकट दूर करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों से उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों के अनुकूल रुख से घरेलू शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। पेट्रोलियम एवं ऊर्जा, वित्तीय और आईटी कंपनियों को मिले समर्थन से दोनों मानक सूचकांक दो प्रतिशत से भी ज्यादा चढ़ गए। बीएसई के तीस शेयरों वाले मानक सूचकांक सेंसेक्स की शुरुआत सकारात्मक हुई और निवेशकों के समर्थन से एक समय यह 1,469.64 अंक तक की बढ़त लेने में सफल रहा। हालांकि, बाद में मुनाफावसूली से इसका लाभ कुछ कम हुआ। कारोबार के अंत में यह 1,223.24 अंक यानी 2.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,647.33 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 331.90 अंक यानी 2.07 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की

● **बाजार में लगातार दूसरे दिन दिखी तेजी**

गई। कारोबार के अंत में यह 16,345.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट फायदे में रहीं। एशियन पेंट्स सर्वाधिक 5.56 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 5.24 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा। बजाज फिनसर्व में पांच प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 3.29 प्रतिशत का लाभ रहा। आईटी क्षेत्र की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 2.85 प्रतिशत, इन्फोसिस 1.97 प्रतिशत और टीसीएस एक प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज करने में सफल रहे। वहीं बैंकिंग क्षेत्र में इंडसइंड बैंक के




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| एशियन पेन्ट्स | 5.56 | पावर ग्रिड कॉर्प | -1.89 |
| रिलायंस | 5.24 | एनटीपीसी | -1.57 |
| बजाज फाइनेंस | 5.13 | टाटा स्टील | -1.15 |
| महिन्द्रा-महिन्द्रा | 4.94 | नेस्ले | -0.88 |
| इंडसइंड | 4.18 | विप्रो | -0.31 |

पीटीआई ग्राफिक

शेयर चार प्रतिशत तक उछल गए। इसकी तुलना में पावरग्रिड कॉर्पोरेशन, एनटीपीसी, टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया और विप्रो के शेयर




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| एशियन पेन्ट्स | 6.12 | श्री सीमेंट | -2.63 |
| रिलायंस | 5.49 | ओएनजीसी | -2.51 |
| बजाज फाइनेंस | 5.24 | पावर ग्रिड कॉर्प | -2.12 |
| इंडसइंड | 4.59 | एनटीपीसी | -1.38 |
| महिन्द्रा-महिन्द्रा | 4.33 | कोल इंडिया | -1.24 |

नुकसान में रहे। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, यूक्रेन की राष्ट्रपति के नाटो की सदस्यता से पीछे हटने वाले बयान से दलाल स्ट्रीट के तेजड़ियों को समर्थन मिला और वे कारोबार पर हावी हो गए। इस मसले पर यूक्रेन और रूस के शीर्ष राजनयिकों के बीच बृहस्पतिवार को मुलाकात होने वाली है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू सूचकांकों ने मंगलवार को बाजार में आई तेजी का सिलसिला आज भी कायम रखा। यूरोपीय बाजारों और अमेरिकी वायदा कारोबार में सुस्ती के बीच निवेशकों को भारतीय बाजार अपना मौजूदा मूल्यांकन बेहतर लग रहा है। नायर ने कहा कि घरेलू बाजार विधानसभा चुनावों पर आए एग्जिट पोल पर सकारात्मक रुख दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के सकारात्मक या नकारात्मक रहने के आधार पर बाजार का अगला रुख निर्भर करेगा। बुधवार के कारोबार में एक खास बात यह रही कि विमानन क्षेत्र की कंपनियों को तगड़ा समर्थन मिला। दो साल के लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने की सरकार की घोषणा से विमानन क्षेत्र के शेयरों की मांग बढ़ गई। इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 6.94 प्रतिशत और स्पाइसजेट का शेयर 6.05 प्रतिशत चढ़ गया। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा का मानना है कि घरेलू बाजार में अगले एक-दिन तक विधानसभा चुनावों के नतीजों का असर देखने को मिल सकता है। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग, शंघाई और तोक्यो में गिरावट रही। अमेरिका के शेयर बाजार मंगलवार को नकारात्मक स्तर पर बंद हुए थे। वहीं यूरोपीय बाजारों में कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 126.4 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला कायम है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 8,142.60 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# किसी बाहरी एजेंसी को नहीं सौंपी गई शिकायत निपटान व्यवस्था: रिजर्व बैंक

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को यह साफ किया कि उसने किसी भी बाहरी एजेंसी को विनियमित इकाइयों के खिलाफ आने वाली सार्वजनिक शिकायतों के निपटारे का जिम्मा नहीं सौंपा है। आरबीआई ने सोशल मीडिया पर आई कुछ टिप्पणियों को देखते हुए अपने एक बयान में स्थिति साफ करने की कोशिश की है।

रिजर्व बैंक- समेकित ओम्बड्समैन योजना 2021 (आरबी-आईओएस) के तहत शिकायतों के निपटान की व्यवस्था पहले से की गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित इस संदेशों में लोगों से कहा जा रहा था कि वे रिजर्व बैंक की निगरानी में आने वाली इकाइयों के खिलाफ शिकायत शुल्क देकर तीसरे पक्षों से



कर सकते हैं और जल्द सुनवाई भी करवा सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, यह साफ किया जाता है कि आरबीआई का विनियमित इकाइयों के खिलाफ शिकायतों के निपटान के लिए किसी भी एजेंसी के साथ कोई प्रावधान नहीं है। आरबीआई ने आरबी-आईओएस के तहत नि:शुल्क शिकायत निपटान व्यवस्था लागू की हुई है जिसमें किसी भी शुल्क भुगतान का प्रावधान नहीं है। रिजर्व बैंक ने कहा कि विनियमित इकाइयों के खिलाफ किसी भी तरह की शिकायत को ग्राहक संतोषजनक कार्वाई न होने पर सीधे केंद्रीय बैंक के पोर्टल या ई-मेल के जरिए दर्ज करवा सकते हैं। आरबीआई ने कहा कि शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) पोर्टल पर की गई शिकायत की प्रगति को भी देखा जा सकता है।

# मंत्रिमंडल ने कुछ खनिजों की रॉयल्टी से जुड़े कानून में संशोधन को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को कुछ खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर स्पष्ट करने के लिए खान और खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इससे इन खनिजों के भंडार की नीलामी का रास्ता साफ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ग्लूकोनाइट, पोटाश, एमराल्ड, प्लैटिनम समूह की धातुओं (पीजीएम), एंडेलूसाइट, सिलिमाइट और मॉलिब्डेनम जैसे कुछ खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर स्पष्ट करने के लिए खान और खनिज (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दी गई। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मंत्रिमंडल की इस मंजूरी से इन खनिजों के भंडार की नीलामी हो पाएगी। इससे इन खनिजों का आयात घटेगा और साथ ही खनन क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इस मंजूरी से अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी इन खनिजों के आयात का घरेलू विकल्प भी तैयार होगा। इस तरह मूल्यवान विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इन खनिजों के स्थानीय उत्पादन से दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी। खनिज रियायतों के नए दौर में आगे बढ़ने के लिए इस अधिनियम में वर्ष 2015 में संशोधन किया गया था। देश की खनिज संपदा के आवंटन में पारदर्शिता और भेदभाव-रहित प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए नीलामी का तरीका अपनाया गया था। खनिज क्षेत्र में और तेजी लाने के लिए इस अधिनियम को वर्ष 2021 में फिर संशोधित किया गया। इस दौरान सरकार ने खनिज भंडार की नीलामी को बढ़ावा दिया, उत्पादन में बढ़ोतरी की, देश में व्यापार सुगमता में सुधार किया और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में खनिज उत्पादन का योगदान बढ़ाया। ग्लूकोनाइट, पोटाश, एमराल्ड, प्लैटिनम समूह की धातुओं (पीजीएम), एंडेलूसाइट, सिलिमाइट और मॉलिब्डेनम के मामले में देश अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए पूरी तरह आयात पर निर्भर है। खनिज आत्मनिर्भरता के लिए कई राज्य सरकारों ने नीलामी के लिए ऐसे खनिज ब्लॉकों की पहचान की है। खान मंत्रालय ने नीलामी में भागीदारी बढ़ाने के लिए रॉयल्टी की तर्कसंगत दर का प्रस्ताव रखा था जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयोंाविभागों के साथ विस्तृत परामर्श करने के बाद इन दरों को तय किया गया है। खान मंत्रालय इन खनिजों के औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) की गणना की पद्धति प्रदान करेगा, जो इन खनिज ब्लॉकों

## परिधान विक्रेताओं की आय 2021-22 में बढ़ सकती है 25 प्रतिशत

**मुंबई।** खुदरा परिधान विक्रेताओं की आय वित्त वर्ष 2021-22 में 25 प्रतिशत बढ़ सकती है। कोविड-19 महामारी से प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान क्षेत्र के विक्रेताओं की आय 40 प्रतिशत घट गई थी। एक रेटिंग एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्रिसिल रेटिंग की रिपोर्ट के अनुसार, लाभ के लिहाज से मार्जिन चालू वित्त वर्ष में पांच से सात प्रतिशत रह सकता है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में अधिक है लेकिन महामारी-पूर्व के नौ प्रतिशत के स्तर से कम है। एजेंसी के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, चालू वित्त वर्ष की दूसरी और तीसरी तिमाही में मजबूत भरपाई और चौथी तिमाही में अपेक्षित स्वस्थ प्रदर्शन खुदरा विक्रेतों की आय को महामारी-पूर्व के 75 से 80 प्रतिशत के करीब पंहुचा देगा।

# जीएसटी अधिकारियों ने भारतपे के खिलाफ कर चोरी की जांच का दायरा बढ़ाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**माल** एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे के खिलाफ जीएसटी की कथित चारी के मामले में चल रही अपनी जांच के दायरे को बढ़ाया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जीएसटी अधिकारी अब कंपनी से हटाए जा चुके सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के नजदीकी लोगों द्वारा फर्जी बिलों या चालान की भी जांच करेंगे। जीएसटी अधिकारी कंपनी के पिछले चार साल के बही-खातों की जांच कर रहे हैं। इसके जरिए वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या सेवाओं के लिए भी फर्जी बिल जारी किए गए हैं।




भारतपे के निदेशक मंडल ने पूर्व प्रबंध निदेशक ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन को कथित अनियमितताओं का दोषी पाए जाने के बाद कंपनी में सभी पदों से हटा दिया था। जीएसटी अधिकारी पिछले साल से भारतपे के खिलाफ बिना किसी माल की आपूर्ति के बिल जारी करने के आरोपों की जांच कर रहे हैं। जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने पिछले साल अक्टूबर में वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी के मुख्य कार्यालय में तलाशी अभियान चलाया था। एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कंपनी के खिलाफ बिना माल की आपूर्ति किए चालान जारी कर जीएसटी की कथित चोरी करने को लेकर जांच चल रही है। माधुरी जैन के खिलाफ हाल में आरोपों के बाद हम अब बिना कोई सेवा दिए फर्जी बिल जारी जरने के मामले की भी जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जीएसटी कानून विभाग को पिछले पांच वर्षों से किसी भी कंपनी के खातों की जांच करने की अनुमति देता है। भारतपे के निदेशक मंडल ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बाद अधिक विस्तृत जांच करने के लिए एक विधि कंपनी और जोखिम सलाहकारों को नियुक्त किया है।

# सार्वजनिक उपक्रमों की अधिशेष भूमि के मौद्रीकरण के लिए विशेष इकाई के गठन को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने सरकारी एजेंसियों और उन सार्वजनिक उपक्रमों की अधिशेष भूमि और इमारतों के मौद्रीकरण तथा देखरेख के लिए राष्ट्रीय भूमि मौद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) की स्थापना को मंजूरी दी है, जिन्हें या तो बेचा जा रहा है या जो बंद होने के कगार पर हैं।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि विशेष इकाई एनएलएमसी को 5,000 करोड़ रुपए की शुरुआती अधिकृत शेयर पूंजी और 150 करोड़ रुपए की चुकता शेयर पूंजी के साथ भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसमें कहा गया, एनएलएमसी सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उपक्रमों (सीपीएसई) तथा अन्य सरकारी एजेंसियों की अधिशेष भूमि और इमारत-भवन जैसी संपत्तियों को बाजार में चढ़ाने का काम करेगी। बयान के मुताबिक, गैर-प्रमुख संपत्तियों के मौद्रीकरण के साथ निगम ऐसी संपत्तियों को भी बाजार में चढ़ाएगा जिनका या तो इस्तेमाल नहीं हो रहा या समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसके जरिए उल्लेखनीय राजस्व जुटाया जाएगा। इसमें कहा गया, वर्तमान में सीपीएसई के पास भूमि और इमारतों के रूप में काफी सारी अधिशेष, उपयोग में नहीं आ रही या कम उपयोग में ली जा रही गैर-प्रमुख संपत्तियां हैं।

## क्विक न्यूज

### बीएमडब्ल्यू के चेन्नई प्लांटा ने 100,000 वीं कार बनाई

**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई से एक लाखवीं मेड इन इंडिया कार बनकर तैयार हुई। भारत में अपनी मौजूदगी में नई उपलब्धि हासिल करते हुए बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई ने देश में स्थानीय रूप से बनाई जाने वाली 100,000 वीं कार का उत्पादन किया। बीएमडब्ल्यू इंडिविजुअल 740एलआई एम स्पोर्ट एडिशन को यह खास बैज हासिल हुआ है। थॉमस डोसए मैनेजिंग डायरेक्टर बीएमडब्ल्यू प्लांट चेन्नई ने कहा, यह हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व का दिन है कि हमने भारत में 1ए00ए000 वीं मेड इन इंडिया कार का उत्पादन किया है। यह उपलब्धि हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और क्षमता का नतीजा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्थानीय स्तर पर बनाई गई हर बीएमडब्ल्यू या मिनी कार दुनिया भर के किसी भी बीएमडब्ल्यू प्लांट पर बनाई गई कार के अंतरराष्ट्रीय मानकों की कसौटी के बराबर हो।

### भारत में 2021 में रूफटॉप सौर क्षमता रिकॉर्ड 1,700 मेगावॉट बढ़ी: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत ने वर्ष 2021 के दौरान अपनी रूफटॉप (छत) सौर क्षमता में रिकॉर्ड।,700 मेगावॉट की वृद्धि की है जो सालाना आधार पर 136 प्रतिशत अधिक है। मरकॉम इंडिया रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। अनुसंधान कंपनी मरकॉम ने बुधवार को जारी अपनी रिपोर्ट मे बताया कि वर्ष 2020 के दौरान देश की रूफटॉप सौर क्षमता मे 719 मेगावॉट की वृद्धि हुई थी। मरकॉम इंडिया की 2021 भारत रूफटॉप सौर बाजार वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 2021 मे।,700 मेगावॉट की रूफटॉप सौर क्षमता बढ़ाई, जो एक साल में सर्वाधिक है। इस तरह 2021 में रूफटॉप सौर पैनल की स्थापना 136 प्रतिशत बढ़ गई। रिपोर्ट मे कहा गया कि 2021 में आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों का कुल स्थापित रूफटॉप सौर क्षमता में हिस्सा क्रमश: 35 प्रतिशत और 33 प्रतिशत था। वही औद्योगिक क्षेत्र मे रूफटॉप सौर क्षमता का कुल स्थापना मे 26 प्रतिशत का योगदान रहा जबकि शेष छह प्रतिशत का हिस्सा सरकार की तरफ से था।

### अशनीर ग्रोवर, उनकी पत्नी ने 8.2 करोड़ रुपए के अग्रिम कर का किया भुगतान

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान कंपनी भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर ने आकलन वर्ष 2022-23 के लिए 7.1 करोड़ रुपए के अग्रिम कर का भुगतान किया है। ग्रोवर की पत्नी माधुरी जैन ने भी अग्रिम कर के रूप मे 1.1 करोड़ रुपए जमा किए हैं। एक सूत्र ने बताया, अशनीर ग्रोवर ने आठ मार्च को 7.1 करोड़ रुपए के अग्रिम कर का भुगतान किया और माधुरी जैन ने भी आकलन वर्ष 2022-23 के लिए अग्रिम कर के रूप मे 1.1 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। इसके साथ ही ग्रोवर लगातार दूसरे वर्ष सर्वाधिक कर अदा करने वाले स्टार्टअप संस्थापकों में से एक बन गए है। ग्रोवर, भारतपे में धन की कथित अनियमितता और कर चोरी के मामले को लेकर कर अधिकारियों की जांच के घेरे मे है। जीएसटी अधिकारी भारतपे का बीते चार साल का लेखाजोखा जांच रहे है। बाहरी लेखा कंपनी की जांच में कथित वित्तीय अनियमितता में लिप्त पाए जाने के कारण भारतपे ने हाल में अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी को सभी पदों से हटा दिया था।

### आईआईएफएल वेल्थ में हिस्सेदारी घटाएंगी फेयरफैक्स, जनरल अटलांटिक

**नई दिल्ली।** जनरल अटलांटिक सिंगापुर और फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स संपत्ति प्रबंधन कंपनी आईआईएफएल वेल्थ एंड एसेट मैनेजमेंट में अपनी हिस्सेदारी को घटाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों आईआईएफएल के शेयर के मौजूदा मूल्य पर 40 प्रतिशत प्रीमियम की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि आईआईएफएल वेल्थ में फेयरफैक्स की एफआईएच मॉरीशस इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के जरिए 13.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी है और वह शेयर बिक्री से बड़े लाभ की उम्मीद कर रही है। एक सूत्र ने कहा, दोनों ही कंपनियां ही 2,100 रुपए प्रति शेयर के ऊंचे प्रीमियम की उम्मीद कर रही है, क्योंकि निजी इक्विटी (पीई) कोष और उच्च संपदा वाले लोग (एचएनआई) इसमे विशेष रुचि दिखा रहे है। निजी इक्विटी कोष द कैपिटल फंड भी आईआईएफएल वेल्थ मे हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जता सकता है। दोनो निवेशक कितने इक्विटी शेयर की बिक्री करना चाह रहे है, अभी इसकी कोई जानकारी नही है।

### इस साल 40 अरब डॉलर के निर्यात का आंकड़ा पार करेंगे: कपड़ा सचिव

**नई दिल्ली।** देश का कपड़ा निर्यात चालू वित्त वर्ष में 40 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। कपड़ा सचिव यू बी सिंह ने बुधवार को एक समारोह मे यह संभावना जताई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर निर्यात मे अधिकतम वृद्धि सूती धागे के माध्यम से होती है तो वह अधिक संतोषजनक स्थिति नही होगी। सिंह ने कहा, इस साल हम न केवल 40 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करेंगे, बल्कि इसको पार भी करेंगे। उन्होने कपड़ा उद्योग से इस पर ध्यान रखने को कहा कि निर्यात आंकड़े में वृद्धि मात्रा के आधार पर आ रही है या दाम बढ़ने की वजह से। उन्होंने कहा, यदि यह वृद्धि मात्रा की वजह से हासिल होगी तो मुझे खुशी होगी। सचिव ने कहा कि परिधान उद्योग के कुछ घटकों ने सूती धागे या कच्ची कपास के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया है, लेकिन सरकार ने जानबूझकर इस पर निर्णय नही लिया क्योंकि वह बाजार ताकतों मे अधिक हस्तक्षेप नही करना चाहती है। व्यापक एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम-मित्र) पार्क को लेकर उन्होने उम्मीद जताई कि 12 राज्य इसका हिस्सा बनने के लिए आगे आएंगे।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर ने प्रबंधन समिति में अहम बदलाव किए

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के सामान बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने मधुसूदन राव और दीपक सुब्रमण्यम को अपनी प्रबंधन समिति में शामिल किया है। राव को कार्यकारी निदेशक (सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल) बनाया गया है। वही सुब्रमण्यम को कार्यकारी निदेशक (होमकेयर) नियुक्त किया गया है। राव, प्रिया नायर का स्थान लेंगे जिन्हें इसी खंड के लिए मुख्य विपणन अधिकारी बनाया गया है। सुब्रमण्यम, प्रभा नरसिंम्हन की जगह लेंगे। एचयूएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव मेहता ने एक बयान मे भरोसा जताया कि राव और सुब्रमण्यम कारोबार को नए स्तर पर ले जाएंगे।

### ग्राहकों की मंजूरी के बगैर कर्ज वितरण की वजह तकनीकी खामी: इंडसइंड बैंक

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक ने कहा है कि मार्च, 2020 से अक्टूबर, 2021 के बीच उसकी सूक्ष्म वित्त अनुषंगी बीएफआईएल द्वारा ग्राहकों की मंजूरी के बगैर उनको ऋण का वितरण किया जाना तकनीकी खामी की वजह से हुआ था और यह तथ्य ऑडिट कंपनी डेलॉयट की जांच मे सामने आया है। बैंक ने अपने कर्मचारियों की जवाबदेही का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन भी किया है। इंडसइंड बैंक ने मंगलवार देर रात को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। बैंक ने कहा कि डेलॉयट ने अपनी रिपोर्ट सौपी है जिसके मुताबिक ग्राहकों की मंजूरी के बगैर ऋण वितरण होने का कारण तकनीकी खामी है। यह मामला इंडसइंड बैंक की अनुषंगी भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल) द्वारा मार्च, 2020 से अक्टूबर, 2021 के बीच ग्राहकों की मंजूरी लिए बगैर उन्हे सूक्ष्म वित्त ऋण के वितरण के आरोपो से जुड़ा है। बैंक ने कहा कि आईटी परिवर्तन प्रबंधन और प्रक्रिया मे अंतर के परिणामस्वरूप यह दिक्कत आई थी।

## पेज एक का शेष

### ईवीएम संबंधी...

कड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि आयोग से अनुमति मिलने के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी। अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) वीके सिंह को चुनाव प्रक्रिया से हटा दिया गया है और यह जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी वित्ताराजस्व सन्तोष बहादुर सिंह को सौंपी गई है। इसके साथ ही बहेड़ी की पीठासीन अधिकारी/उपजिलाधिकारी पारुल तरार को भी पद से हटाकर उनके स्थान पर उपजिलाधिकारी सदर राजेश चंद्र को तैनात किया गया है।

### आज चुनावी...

के प्रमुख सुखबीर बादल ने दावा किया था कि उनकी पार्टी, जिसने बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था, 80 से अधिक सीट जीतेगी। भाजपा ने कहा है कि उसे बहुत लाभ होगा जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कहा है कि उनकी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस और भाजपा ने चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया है। एग्जिट पोल में मणिपुर में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी के साथ इंफाल में पार्टी के राज्य कार्यालय में उत्साह का माहौल है और कार्यकर्ता परिसर की सफाई करने तथा चारदीवारी पर पार्टी के नए झंडे लगाने में व्यस्त हैं। पार्टी ने सभी 60 सीट पर चुनाव लड़ा है।

### सूमी से...

लगाते दिखाई देते हैं। सूमी में दो सप्ताह तक भारी कष्ट में रहे छात्रों को यूक्रेन में सैकड़ों मील की दूरी तय करते हुए परिवहन के कई साधनों से निकाला गया है। भारत सरकार यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा के तहत सबसे चुनौतीपूर्ण निकासी कवायद को अंजाम दे रही है। सूमी में निकासी अभियान मंगलवार सुबह शुरू हुआ जिसमें 600 भारतीयों के आखिरी बड़े समूह को शहर से निकाला गया। छात्र समन्वयक अनशद अली ने बताया कि भारतीय नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस समिति द्वारा 13 बसों के काफिले में सूमी से पोल्तावा ले जाया गया। छात्र युद्ध प्रभावित क्षेत्र से बचने के लिए एक कठिन यात्रा कर रहे हैं। सूमी से उन्हें निकालने का यह दूसरा प्रयास है, जो पिछले महीने यूक्रेन पर रूस का आक्रमण शुरू होने के बाद से भारी गोलाबारी का सामना कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पोल्तावा और ल्वीव के बीच की दूरी लगभग 888 किलोमीटर की है। ट्रेन में सवार 25 वर्षीय मेडिकल छात्रा जिसना जिजी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उन्हें और अन्य छात्रों को सूमी से बाहर आने के बाद राहत मिली है। उन्होंने कहा, हम थके हुए हैं लेकिन खुश हैं। हम मंगलवार सुबह से यात्रा कर रहे हैं और कई घंटों की यात्रा करनी है, लेकिन अब हमें उम्मीद है कि हम सुरक्षित घर पहुंच जाएंगे। अली ने पोल्तावा से पीटीआई-भाषा से कहा कि ल्वीव की लगभग 12 घंटे की ट्रेन यात्रा है जहां से छात्रों को पोलैंड ले जाया जाएगा। अली ने कहा कि शहर से लगभग 600 भारतीयों को निकाला गया और समूह में कुछ बांग्लादेशी तथा नेपाली नागरिक भी हैं। उन्होंने कहा, भारतीय छात्रों के बाद, अन्य देशों के छात्रों को भी निकाला गया। सूमी से लगभग 95 प्रतिशत छात्रों की निकासी हो चुकी है। भारतीय छात्रों को दो सप्ताह तक सूमी में भारी गोलाबारी के दौरान कड़ाके की ठंड के बीच अपने हॉस्टल के तहखानों में भोजन-पानी और अन्य आवश्यक चीजों के अभाव में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। परेशान छात्रों द्वारा एक वीडियो साझा किए जाने के बाद उन्हें निकालने का पहला प्रयास सात मार्च को किया गया था। वीडियो में इन छात्रों ने कहा था कि उन्होंने रूस की सीमा तक पैदल यात्रा का फैसला किया है। उनका प्रयास विफल रहा क्योंकि संघर्षविराम लागू नहीं हुआ और उन्हें अपने हॉस्टल लौटना पड़ा। यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास ने एक परामर्श जारी कर सभी फंसे भारतीय नागरिकों से मानवीय कॉरिडोर का इस्तेमाल करने और अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखकर ट्रेन या परिवहन के किसी अन्य माध्यम से देश छोड़ने का आग्रह किया है। परामर्श में कहा गया, सभी फंसे हुए भारतीय नागरिकों से आग्रह किया जाता है कि वे इस अवसर का उपयोग करें और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन या वाहनों या परिवहन के किसी अन्य उपलब्ध साधन का उपयोग कर बाहर निकलें।

### नीट-यूजी...

कहा गया, मैं सूचित करना चाहता हूं कि 21 अक्टूबर, 2021 को आयोजित चौथी एनएमसी बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नीट-यूजी परीक्षा में बैठने के लिए कोई निश्चित ऊपरी आयु सीमा नहीं होनी चाहिए। इसलिए, सूचना बुलेटिन को इसके मुताबिक संशोधित किया जा सकता है। पत्र में कहा गया, इसके अलावा, इस आशय के लिए स्नातक चिकित्सा शिक्षा, 1997 पर विनियमों में उपयुक्त रूप से संशोधन करने के लिए आधिकारिक अधिसूचना की प्रक्रिया शुरू की गई है। उम्र के मानदंड पर अक्सर देश के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में सवाल उठाए जाते रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि आयु सीमा मानदंड हटा दिए जाने के साथ, उम्मीदवार अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कई बार और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के बाद भी बैठ सकते हैं। यह कदम विदेश में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए भी मददगार होगा।

### ओडिशा में...

करने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से स्वास्थ्य सुविधा के अधिकारी एक अभियान चलाएंगे। राज्य सरकार कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और कैपिटल अस्पताल में ऐसी सुविधाएं खोलने पर विचार कर रही थी। कैपिटल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. धनंजय दास ने कहा कि सुविधा के संचालन के पहले दिन कम से कम दो महिलाएं आंचल का दूध दान करने के लिए आगे आईं।

### असम नगर...

नगर निकाय चुनावों में भाजपा की असम इकाई और उसके सहयोगियों को शानदार जीत दिलाने के लिए राज्य के लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने निकाय चुनावों में जीत के लिए केंद्र की एक्ट ईस्ट नीति में जनता के विश्वास को श्रेय दिया। कांग्रेस को मिली करारी शिकस्त के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने कहा कि राजनीति में उतार-चढ़ाव एक निरंतर प्रक्रिया है और हर पार्टी को अच्छे-बुरे दौर से गुजरना पड़ता है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, हमें अच्छे समय के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और अवसर के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार करना होगा। मैं नगर निगम बोर्ड के परिणामों की जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। राज्य के 80 नगर बोर्ड के लिए छह मार्च को पहली बार ईवीएम के जरिए मतदान हुआ था। इन चुनावों में करीब 70 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### राजीव गांधी...

रखकर कि याचिकाकर्ता ने 30 साल से अधिक जेल में बिता लिए हैं, हमारा सुविचारित मत है कि केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के पुरजोर विरोध के बावजूद वह (याचिकाकर्ता) जमानत पर रिहा होने का हकदार है, जो विशेष अनुमति याचिकाओं के अंतिम निपटारे पर निर्भर करेगा। शीर्ष अदालत 47-वर्षीय पेरारिवलन की उस याचिका पर सुनाई कर रही थी, जिसमें उसने एमडीएमए जांच पूरी होने तक उम्रकैद की सजा निलंबित करने का अनुरोध किया है। सीबीआई ने 20 नवम्बर 2020 को दिए अपने हलफनामे में शीर्ष अदालत से कहा था कि तमिलनाडु के राज्यपाल को पेरारिवलन की सजा माफी पर निर्णय लेना है। बाद में, राज्यपाल ने दया याचिका यह कहते हुए राष्ट्रपति को भेज दी थी कि उन्हें इस मामले में निर्णय करने का हक नहीं है। तब से लेकर अभी तक दया याचिका लंबित है तथा शीर्ष अदालत ने कहा है कि सजा में छूट संबंधी अधिकारों के कानूनी विषय के निर्धारण तक दोषी पेरारिवलन को जमानत मंजूर करेगी। राजीव गांधी की हत्या 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरुम्बदुर में एक चुनावी रैली के दौरान महिला आत्मघाती विस्फोट के जरिए कर दी गई थी। आत्मघाती महिला की पहचान धनु के रूप में की गई थी। धनु सहित 14 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। गांधी की हत्या देश में संभवत: पहली ऐसी घटना थी जिसमें किसी शीर्षस्थ नेता की हत्या के लिए आत्मघाती बम का इस्तेमाल किया गया था। न्यायालय ने मई 1999 के आदेश में चारों दोषियों - पेरारिवलन, मुरुगन, संथन और नलिनी- को मौत की सजा बरकरार रखी थी। शीर्ष अदालत ने 18 फरवरी 2014 को पेरारिवलन, संथन और मुरुगन के मृत्युदंड को कम करके उम्रकैद में तब्दील कर दी थी। न्यायालय ने केंद्र सरकार द्वारा उनकी दया याचिकाओं के निपटारे में 11 साल की देरी के आधार पर फांसी की सजा को उम्रकैद में बदलने का निर्णय लिया था।

### श्रीनगर में...

ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आतंकवादी सरपंच के घर में घुस गए और उन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच जारी है और अधिकारी उन परिस्थितियों का पता लगा रहे हैं जिसके कारण यह घटना हुई। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और इलाके में तलाश जारी है। भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा, घटना में शामिल आतंकवादी मानवता और शांति के दुश्मन हैं, जो निहत्थे नागरिकों को मारकर बहादुरी का दावा करते हैं, लेकिन वास्तव में वे कायर हैं जो कश्मीर में तैयार हो रहे जमीनी लोकतंत्र से निराश महसूस करते हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने ट्वीट किया, हम खोनमोह में सरपंच समीर अहमद भट पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस मूर्खतापूर्ण रक्तपात का अंत होना चाहिए। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना।

### 12 से...

सशर्त मंजूरी दी गई है। भारत में 15-18 साल के किशोरों का टीकाकरण करने के लिए भारत बायोटेक के टीके कोवैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है। डीजीसीआई ने सबसे पहले जाइकोव-डी टीके को 12 साल से अधिक उम्र के बच्चों के लिए आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी दी थी।

# यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका के शीर्ष सांसदों में बनी सहमति

## ● हिंसा व दमन के खिलाफ अमेरिका करेगा यूक्रेन की मददः बाइडन



एपी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** कांग्रेस के सदस्य बुधवार को एक द्विदलीय प्रस्ताव के मसौदे पर सहमत हुए, जिसमें यूक्रेन और यूरोपीय सहयोगियों की मदद के लिए 13.6 अरब डॉलर की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। सांसदों ने महामारी से निपटने के लिए घोषित 15 खरब डॉलर के बजट के बाकी हिस्से के रूप में संघीय एजेंसियों को अरबों डॉलर की अतिरिक्त मदद देने पर भी सहमति जताई। राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले हफ्ते यूक्रेन को सैन्य, मानवीय और आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिए 10 अरब डॉलर के बजट का अनुरोध किया था। हालांकि, डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सांसदों का पुख्ता समर्थन मिलने से यह राशि बढ़कर 13.6 अरब डॉलर पर पहुंच गई। व्हाइट हाउस में बाइडन ने कहा, हम अत्याचार, दमन और हिंसक कार्वाई के खिलाफ यूक्रेन का समर्थन करने जा रहे हैं। 2,741 पन्नों के इस प्रस्ताव पर प्रतिनिधि सभा में बुधवार तक, जबकि सीनेट में सप्ताह के अंत तक मुहर लगने की उम्मीद है। रूसी आक्रमण से निपटने में यूक्रेन की मदद को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सदस्य एकजुट नजर आ रहे हैं।

उनके सामने सरकार के व्यापक खर्च के उपायों को मंजूरी देने के लिए शुक्रवार तक की समयसीमा थी, जिसके बाद चुनावी वर्ष के मद्देनजर सप्ताहांत संघीय बंदी लागू हो जाती। समय की किल्लत को देखते हुए सदन ने एजेंसियों को 15 मार्च तक प्रभावी बनाए रखने के लिए बुधवार को ही एक विधेयक पारित करने की योजना बनाई। यूक्रेन के लिए प्रस्तावित चार अरब डॉलर से अधिक की सहायता राशि उन 20 लाख से ज्यादा शरणार्थियों से निपटने में कीव और पूर्वी यूरोपीय देशों की मदद के लिए थी, जो पहले ही युद्धग्रस्त देश को छोड़ चुके हैं। वहीं, 6.7 डॉलर की अतिरिक्त मदद क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों और उपकरणों की तैनाती के अलावा यूक्रेन और अमेरिकी सहयोगियों को अमेरिकी सैन्य साजो-सामान के हस्तांतरण के लिए थी। इसके अलावा प्रस्ताव में रूस के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लागू करने के लिए भी वित्तीय मदद की व्यवस्था की गई है। सीनेट में सत्ता पक्ष के नेता चक शूमर ने कहा, यूरोप में युद्ध ने कांग्रेस की सारी ऊर्जा तेजी से कुछ करने की दिशा में केंद्रित कर दी है। वहीं, विपक्ष के नेता मिच मैककॉनेल ने उम्मीद जताई कि यह प्रस्ताव पोलैंड को उन विमानों को बदलने के लिए ऋण गारंटी देगा, जिन्हें वह यूक्रेन भेज रहा है।



सियोल के एक मतदान केंद्र पर राष्ट्रपति के चुनाव में वोट डालने के लिए लगी लोगों की लाइन

## चीन ने यूक्रेन को मदद भेजी, लेकिन रूस पर प्रतिबंधों के खिलाफ

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि वह 50 लाख युआन (करीब 7.91 लाख डॉलर) मूल्य का खाद्यान्न और दैनिक जरूरत का अन्य सामान यूक्रेन को भेज रहा है। हालांकि, उसने इस पूर्वी यूरोपीय देश के खिलाफ सैन्य कार्वाई को लेकर रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का विरोध जारी रखा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने संवाददाताओं से कहा कि बुधवार को मदद की पहली खेप यूक्रेन को सौंपी गई और अन्य खेप यथा शीघ्र भेजी जाएगी। चीन मोटे तौर पर रूस का समर्थन कर रहा है और झाओ ने दोहराया कि बीजिंग, मॉस्को के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध का विरोध करता है। झाओ ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रतिबंध का डंडा हर बार शांति और सुरक्षा नहीं लाएगा बल्कि संबंधित देश की अर्थव्यवस्था और जीविकोपार्जन के लिए गंभीर मुश्किल पैदा करता है। उन्होंने कहा कि चीन और रूस आपसी सम्मान, समानता और आपसी लाभ की भावना से तेल और गैस सहित सामान्य कारोबार सहयोग जारी रखेंगे। चीन ने कहा कि संघर्ष पैदा करने के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराना चाहिए क्योंकि वाशिंगटन नाटो के विस्तार के चलते रूस की वैध सुरक्षा चिंता पर पर्याप्त विचार करने में असफल रहा।

# कीव से हजारों लोगों को निकालने के प्रयास जारी: जेलेंस्की

एपी। कीव

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि राजधानी कीव और इसके आसपास के शहरों से करीब 18,000 लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि यह कवायद यूक्रेन के भीतर कई मानवीय गलियारों से व्यापक निकासी प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने संघर्षविराम के वादे का उल्लंघन करने को लेकर खिलाफ रूस के सशस्त्र बलों को चेतावनी दी। जेलेंस्की ने फिर से विदेशी हवाई मदद की अपील करते हुए कहा, "हमें विमान भेजें। पश्चिमी देशों ने सैन्य उपकरण भेजे हैं और यूक्रेन के पूर्वी मोर्चे पर सेना की मौजूदगी बढ़ा दी है, लेकिन वे हवाई सहायता प्रदान करने और रूस के साथ सीधे युद्ध में शामिल होने को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। जेलेंस्की ने असमान्य रूप से रूसी भाषा में रूस के सैनिकों से यूक्रेन छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा, लगभग दो सप्ताह से जारी हमारे प्रतिरोध ने आपको दिखा दिया है कि हम समर्पण नहीं करेंगे क्योंकि यह हमारा घर है। यहां हमारे परिवार और बच्चे हैं। हम अपनी भूमि को वापस जीतने तक लड़ेंगे। यदि आप घर चले जाते हो तो आप अब भी स्वयं को बचा सकते हो।

### यूक्रेन ने निकासी मार्ग पर संघर्षविराम की घोषणा की

**लवीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन प्रशासन ने रूसी सैनिकों की घेरेबंदी या कब्जे में आए शहरों में से नागरिकों को निकालने के विभिन्न मार्गों पर सुबह नौ बजे से रात के नौ बजे तक के लिए संघर्षविराम की घोषणा की है लेकिन यह अस्पष्ट है कि रूसी सैन्यबल उसका सम्मान करेंगे या नहीं। उपप्रधानमंत्री इरयना वरेस्चुक ने कहा कि रूसी अधिकारियों ने बुधवार को यूक्रेन के अपने समकक्ष एवं रेडक्रॉस के सामने इन निकासी मार्गों पर संघर्षविराम की हामी भरी। उन्होंने कहा कि ए मार्ग उत्तरपूर्व में सूमी , अजोव समुद्र तट पर मारियुपोल , दक्षिण में इनेरहोदार, दक्षिणपूर्व में वोलनोवाखा, पूरब में इजियम और कीव क्षेत्र के शहरों से बाहर जाते हैं। रूस की सीमा के करीब स्थित सूमी से निकलने वाला एकमात्र ऐसा मार्ग है जिसका अब तक सफल उपयोग किया गया है और मंगलवार को 5000 लोगों को वहां से निकाला गया। यूक्रेन के अधिकारियों ने बुधवार को वीडियो जारी किए जिनमें घिरे शहरों की ओर रेडक्रॉस के निशान वाले ट्रक और बसें जाते हुए दिख रही हैं।

### चेर्नोबिल में बिजली आपूर्ति करने वाला ग्रिड क्षतिग्रस्त

**ल्वीव( यूक्रेन)।** यूक्रेन के बंद पड़े चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र में बिजली आपूर्ति करने वाला ग्रिड क्षतिग्रस्त हो गया है और आपातकालीन जेनरेटर के जरिए बिजली की आपूर्ति की गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चेर्नोबिल परमाणु संयंत्र में ही दुनिया की सबसे भीषण परमाणु त्रासदी हुई थी। सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा है कि बिजली गुल होने से परमाणु संयंत्र की कूलिंग सामग्री को खतरा हो सकता है। चेर्नोबिल को बिजली आपूर्ति करने वाली लाइन के नुकसान का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पिछले सप्ताह से यह स्थल रूसी सैनिकों के नियंत्रण में है। यूक्रेन के ग्रिड ऑपरेटर यूक्रेनरहो ने कहा है कि राष्ट्रीय परमाणु नियामक के अनुसार चेर्नोबिल के सभी संयंत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और डीजल जनरेटर में 48 घंटे के लिए ईंधन है। नियामक ने कहा कि बिजली के बिना परमाणु और विकिरण सुरक्षा के मापदंडों को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि बिजली की आपूर्ति करने वाला ग्रिड क्षतिग्रस्त हो गया है और मरम्मत की अनुमति देने के लिए संघर्ष विराम का आह्वान किया।

## न्यूजीलैंड ने पारित किया रूस के खिलाफ प्रतिबंध विधेयक

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सांसदों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिए सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया है। रूस पर पहले ही प्रतिबंध लगा चुके कई देशों के विपरीत न्यूजीलैंड ने पहले इस तरह के कदम नहीं उठाए थे और कहा था कि ऐसे कदम संयुक्त राष्ट्र के व्यापक प्रयास का हिस्सा होने चाहिए। प्रतिबंध विधेयक में उन कुलीन वर्गों पर कार्वाई की बात कही गई है जो यूक्रेन पर रूस के हमले से जुड़े हैं। इससे न्यूजीलैंड संबंधित संपत्तियों को जब्त कर पाएगा और रूस के विमानों को न्यूजीलैंड में आने से रोक पाएगा। न्यूजीलैंड के सांसदों ने कहा कि अब उनका देश रूस के कुलीन वर्गों के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बन पाएगा जो अन्यत्र स्थानों पर प्रतिबंधों से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

## इजराइली राष्ट्रपति पहुंचे तुर्की

**अंकारा।** अपने संकटग्रस्त रिश्तों की कड़वाहट मिटाने की कोशिश के तहत इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्गोज बुधवार को तुर्की की यात्रा पर पहुंचे जो 14 साल में किसी इजराइली राष्ट्रपति की इस देश की पहली यात्रा है।

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Gyan Chandacquired the Residential free hold built up property, Built on plot no. C-1/12, Area measuring 173.33 Sq. yds., Block -C- 1, situated at DLF Dilshad Extn. II, in the area of village Brahmpura Alias Bhopura, Tehsil and Distt. Ghaziabad, U.P.by way of Sale Deed dated 31.10.1991 vide Doc. 4737.Unfortunately, Gyan Chand expired and his wife Prem Wati also died on 29.07.2008and now, their legal heirs namely Mrs. Geeta Devi D/o Late Sh. Gyan Chand & Mrs. Poonam Devi D/o Late Sh. Gyan Chand, Mr. Narender Kumar S/o Late Sh. Gyan Chand & Mr. Virender Kumar S/o Late Sh. Gyan Chandare intending to sell the said property to Mrs. Babita Kumari vide Sale Deed. Further Mrs. Babita Kumari is mortgaging the above said property with Aditya Birla Housing Finance Limited& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Lal Singh, Mrs. Sukhi Devi, Mrs. Prakasho, Mrs Geeta Devi, Mr Deepak, Mr Tain Singh, Mr Nitesh and Mrs. Laxmi are the owners of Land area measuring 19 Kanal, 4 Marla, out of Khewat No 11, Khatoni No - 11 Mustatil No. 42, Killa No. 25(8-0), Must No. 41, Killa No. 20/2(2-12), Khebat No 457, Khatoni No 482, Mustil No 42, Killa No 16/1 (4-16), Khebat No 95, Khatoni No 96, Mustil No 41, Killa No 21/1 (1-0), 21/2/1 (1-12), Khebat No 435, Khatoni No 457/458, Mustil No 42, Killa No 24/2 (4-0), 16/2 (4-6), situated at Bisarakhabarpur, Tawadu, Distt. Nuh, Haryana. Above said owner shave misplaced the Original SPA dated 31.12.2012executed by Mr. Fateh Singh in favour of Mrs. Sukhi Devi in respect of the Land area measuring 1 kanal and Original Sale Deed dated 21.11.2006executed by Mr. Prem Singh Ambawat in favour of Mrs. Sukhi in respect of the Land area measuring 9 kanal, 19.5 Marlaas Doc. No. 2625 and Original Sale Deed dated 10.03.2014executed by Mr. Surajmal in favour of Mrs. Sukhi in respect of the Land area measuring 2 kanal, 4 Marlaas Doc. No. 3329. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of M/s. Avanse Financial Services Ltdhaving its Building No. 7E, 5th Floor,Deen Dayal Upadhaya Building, Jhandewalan Extension, Delhi-110055. Above said owners are availing loan on above said property from M/s. Avanse Financial Services Ltd by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public that Mr. Vinod Kumar is owner of Entire Ground floor without roof rights "said floor" of Property bearing No. IX/2360, area measuring 48 sq., Yds., out of Khasra No. 128, Situated in the area of Village Seelam Pur, in the abadi of Gali No. 12, Kailash Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi. vide partition deed dated 05.12.2021, registration No. 10883, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to take a Loan from Fullerton India Credit company Ltd. against the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Vinod Kumar in respect of the said floor, its sale /Mortgage /litigation, and any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आवासीय प्लॉट नं. 18, ब्लॉक-'ए' सैक्टर-72, नौएडा श्री ब्रह्म सिंह कां ट्रांसफर मेमोरेंडम नंबर नौएडा/रेस-प्लॉट्स/3007 दिनांक 31.03.2006 के माध्यम से आवंटित है और श्री ब्रह्म सिंह ने अपनी पंजीकृत जनरल पॉवर ऑफ अटॉर्नी श्रीमती सरोज अग्रवाल पत्नी श्री ओंकार नाथ अग्रवाल निवासी बी-5, सैक्टर-30, नौएडा, को नियुक्त किया है। जीपीए धारक श्रीमती सरोज अग्रवाल ने उक्त संपत्ति प्लॉट नं. 17, ब्लॉक-'ए' सैक्टर-72, नौएडा के हस्तांतरण के लिए आवेदन मैसर्स नाथ रियल एस्टेट एलएलपी, पंजीकृत कार्यालयः बी-5, सैक्टर-30, नौएडा-201301 किया है। उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो उसे इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर सभी दस्तावेजों एवं प्रमाण के साथ ओएसडी-आवासीय, नौएडा प्राधिकरण से संपर्क करना होगा। उसके बाद नौएडा प्राधिकरण द्वारा किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

नाथ रियल एस्टेट एलएलपी

**PUBLIC NOTICE**

The Rosemary Apartment Co-op. G.H.S. Ltd. H. No. WZ-551A, Top Floor,Sri Nagar, Shakur Basti, Rani Bagh, Delhi-34 In Pursuance to rule 19[2] of DCS rules 2007 applications are invited from general public of Delhi who fulfill the conditions laid down in rule-19 & 20 of DCS Rules, 2007 for filling up Six vacancies in Rosemary Apartment CGHS Ltd [Regd No 1174-GH] Which has arisen due to resignation of members.Interested persons can collect the application form in person from society office i.e.H.No. WZ-551A,Top Floor, Sri Nagar Shakur Basti Rani Bagh Delhi-110034 between 10.00am to 1.00pm free of cost and the Same have to deposited along With the amount of Rs. 6,57,110/- towards share money land money admission fee and towards administrative charges through Pay order of Demand Draft within 15 days from the date of publication of this public notice to the president/Secretary at H.No. WZ-551A Top floor Sri Nagar Shakur Basti Rani Bagh Delhi-110034 Equalization Will be charges as per DCS Act & Rules [This is a CBI scanner society]

-sd- Secretary Rosemary Apartment CGHS Ltd

## ब्रिटेन के हवाई क्षेत्र में रूसी विमानों के परिचालन को माना जाएगा अपराध

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने बुधवार को नए कानून की घोषणा की जिसके तहत किसी भी रूसी विमान के लिए ब्रिटेन में उड़ान भरने या उतरने को अपराध माना गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई का आदेश देने के जवाब में ब्रिटेन के हवाई क्षेत्र में रूसी विमानों के उड़ान भरने और उतरने पर पहले से ही प्रतिबंध लागू हैं। विस्तारित प्रतिबंध के दायरे में रूस या वहां की कंपनियों या लोगों से संबंधित विमान आएंगे और ब्रिटेन के पास रूस से संबंधित किसी भी व्यक्ति के विमान को रोककर रखने की भी शक्ति होगी। ब्रिटेन सरकार को रूसी नागरिकों और कंपनियों के विमानों को ब्रिटेन विमानन पंजी सूची से बाहर करने का भी अधिकार होगा। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रूस ने कहा, ब्रिटेन से रूसी विमानों के परिचालन पर प्रतिबंध और उड़ान को आपराधिक श्रेणी में रखने से रूस और क्रेमलिन के करीबी लोगों को अब और अधिक आर्थिक कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा, हम पुतिन के अवैध आक्रमण का सामना करने के लिए कूटनीतिक, आर्थिक और रक्षात्मक रूप से यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेंगे और अंतरराष्ट्रीय मंच पर रूस को अलग-थलग करने के लिए काम करेंगे। बुधवार को कुछ और पाबंदियों की घोषणा के तहत ब्रिटेन के विमानन या अंतरिक्ष से संबंधित वस्तुओं और प्रौद्योगिकी के रूस को निर्यात पर रोक लग जाएगी।



कीव के बाहरी क्षेत्र में एक क्षतिग्रस्त पुल को पार करते हुए लोग

## रूस ने डोनबास पर हमले की साजिश नाकाम करने का दावा किया

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों के कब्जे वाले क्षेत्रों पर बड़े पैमाने पर हमले की साजिश नाकाम करने का दावा किया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इगोर कोनाशेनकोव ने बुधवार को यूक्रेनी नेशनल गार्ड के कथित खुफिया दस्तावेज के हवाले से बताया कि डोनबास क्षेत्र को निशाना बनाने के लिए हफ्ते भर की व्यापक योजना तैयार की गई थी। टीवी पर प्रसारित बयान में कोनाशेनकोव ने कहा, 24 फरवरी से जारी रूसी सेना के विशेष सैन्य अभियान ने इस साल मार्च में लुहान्स्क और दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक पर यूक्रेनी सेना के लड़ाकू समूहों द्वारा बड़े पैमाने पर हमले की साजिश का पता लगाकर उसे नाकाम कर दिया। हालांकि, उन्होंने रूसी अभियान के दौरान यूक्रेनी शहरों और नागरिकों पर की जाने वाली गोलीबारी व हवाई हमलों के अलावा रूसी सेना में होने वाली मौतों या अभियान के किसी अन्य पहलु पर कोई जानकारी नहीं दी।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स श्री श्याम ओवरसीज एलएलपी/ मनोज लोहिया/ दुर्गा राम/ सोनम लोहिया/ खाता संख्या- 629851001090/ 629855009125 | 1. हाउस नंबर 4, फर्स्ट फ्लोर, हर्ष विहार, पीतमपुरा, नॉर्थ वेस्ट, नई दिल्ली-110034/ 2. यूनिट नंबर 406, चौथी मंजिल, प्लॉट नंबर बी-5, केएलजे टावर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर, नई दिल्ली-110034/मार्च 07,2022 | दिसम्बर 06, 2021 ₹ 4,19,59,581.12/- | नई दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 10, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# सामान्य जिंदगी और दोस्तों को छोड़ने को मजबूर हुए 10 लाख यूक्रेनी बच्चे

एपी। जाहोनी

**अपने** गृह नगर खारकीव पर बमबारी शुरू होने पर अन्नामारिया मसलोवस्का दोस्तों, खिलौनों और यूक्रेनी जीवन को छोड़कर अपनी मां के साथ पलायन के लिए कई दिन लंबे पथ पर चल पड़ी ताकि पश्चिमी देशों में सुरक्षित ठिकाना मिल सके। अंततः सैकड़ों अन्य यूक्रेनी शरणार्थियों के साथ ट्रेन से हंगरी की सीमा पार करने के बाद 10 वर्षीय अन्नामारिया ने कहा कि वह खारकीव के अपने दोस्तों को लेकर चिंतित है। सीमावर्ती शहर जाहोनी में उसने स्पष्ट अंग्रेजी भाषा में कहा, मैं उन्हें वाकई बहुत याद करती हूं, क्योंकि मैं उनसे संपर्क नहीं कर सकती। वे सिर्फ मेरे संदेश पढ़ते हैं। मुझे नहीं पता कि वे कहां हैं, मुझे उनकी चिंता है। अन्नामारिया अपनी मां की इकलौती संतान है, जो रूस के हमला करने के बाद दो हफ्ते में यूक्रेन से पलायन करने वाले 10 लाख बच्चों में शामिल है। इसका मतलब है कि युद्ध के चलते पलायन करने वाले 20 लाख से अधिक लोगों में लगभग आधी संख्या बच्चों की हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इसे यूरोप में सबसे तेजी से बढ़ता शरणार्थी संकट करार दिया है। देश छोड़कर जाने वालों में से अधिकांश यूक्रेन की पश्चिमी सीमा पर हंगरी, पोलैंड, स्लोवाकिया, रोमानिया और मोल्दोवा जैसे देशों में दाखिल हो रहे हैं। अधिकांश पोलैंड में चले गए, जहां पोलिश सीमा रक्षक एजेंसी के अनुसार 13.3 लाख शरणार्थियों ने सीमा पार की है। मोल्दोवा की प्रधानमंत्री नतालिया गवरिलिता ने रविवार को सीएनएन को बताया कि उनके देश में हर आठ में से एक बच्चा शरणार्थी है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर बमबारी के बाद इमरात के भूतल में शरण लेने को मजबूर हुई नौ वर्षीय वेलेरिया वारेंको अपनी मां जूलिया और छोटे भाई के साथ पलायन करने को मजबूर हुईं। दो दिन तक दिन-रात गाड़ी चलाने के बाद परिवार हंगरी के बरबास स्थित एक अस्थाई शरणार्थी स्वागत केंद्र तक पहुंचने में सफल रहा। वेलेरिया ने कहा कि वह यूक्रेन में छूट गए बच्चों को सावधान करना चाहती हैं कि वह सतर्क रहें और सड़क पर पड़ी किसी भी वस्तु को नहीं छूएं, क्योंकि वह बम हो सकता है। उसने कहा कि उसके पिता कीव की तरफ बढ़ रहे रूसी सैनिकों से शहर की रक्षा करने में मदद करने के लिए यूक्रेन में रुक गए। उसने कहा कि उसे अपने पिता पर बहुत गर्व है और वह उन्हें बहुत याद करती है। वारेंको ने कहा कि यदि उसके पिता भी उसके पास आ जाएं तो उसे अच्छा लगेगा, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें आने की अनुमति नहीं मिली। वारेंको की 30 वर्षीय मां जूलिया ने कहा कि उन्होंने खुद डरने के बावजूद बेटी को मजबूत और बहादुर बनने के लिए कहा। जूलिया कहती हैं कि उनके लिए सबसे अहम चीज पूरे परिवार को साथ रखना है। जूलिया प्रार्थना करती हैं कि युद्ध जल्द खत्म हो और वह अपने घर लौट सकें।

मां और दादी बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए यूक्रेन की सीमा पार कर रही हैं, क्योंकि 18 से 60 वर्ष के यूक्रेनी पुरुषों को देश छोड़ने की अनुमति नहीं है। इस नीति का मकसद रूसी बलों के खिलाफ लड़ने के लिए पुरुषों की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। खारकीव 15 लाख आबादी के साथ यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जिस पर रूस ने जबरदस्त बमबारी की है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को स्पष्ट और निर्विवाद आतंक कहा है। अन्नामारिया भले ही केवल नौ वर्ष की है, लेकिन बहुत समझदार है।

एक शरणार्थी का जीवन जी रही अन्नामारिया अमेरिका में एक अभिनेत्री बनना चाहती है और उसे इस बात पर गर्व है कि वह अच्छी अंग्रेजी बोल लेती है। उसकी मां विक्टोरिया ने अब हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट की यात्रा करने की योजना बनाई है, लेकिन यह नहीं पता कि इसके बाद कहां जाएंगी। लेकिन अन्नामारिया पेरिस में डिज्नीलैंड की सैर करने की उम्मीद कर रही हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sushmita Kumari Poudel D/o Ramji Kumar Poudel R/o 2002, Village - Pilanji Kotla Mubarakpur Delhi-110003, have changed my name from Sushmita Kumari to Sushmita Kumari Poudel for all Future purposes.

PD(9159)C

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमन सैनी, रमन सैनी (स्वामी), रमन सैनी, सुनीता सैनी, सुनीता सैनी, 33, सेक्टर-10ए, निकट हुडा मार्किट, गुरूग्राम खाता नंबर :- 057505500381 | मकान नंबर 33, सेक्टर-120ए, निकट हुडा मार्किट, गुरूग्राम-122001 | 14-02-2022 रू. 71,02,096/- | 29/12/2021 |
| 2. | लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी, सुरेन्द्र कुमार, अल्का, सुरेन्द्र कुमार, हुकमराम, हुकमराम, 9/6339 सावित्री गली नंबर 3, गांधी नगर, दिल्ली खाता नंबर :- 102405000649 | खसरा नंबर 437, राजल देसार, वार्ड नंबर 8, थाना रोड, चुरू बाबत शाश्वत राजलदेसार, तहसील रतनगढ़, चुरू, राजस्थान | 31-01-2022 रू. 15,57,771.96/- | 29/12/2021 |
| 3. | इन्फ्यूजन ट्रैवल ऐंड होलीडे बुटीक पी एच, रीना जसवाल, रीना वर्मा, रीना जसवाल, रीना जसवाल, प्रतिनिधित्व द्वारा निदेशक रीना जसवाल एवं रीना वर्मा, यूजी एसआर 01 ए अंसल प्लाजा, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- 125405000097 | अपार्टमेंट नंबर 707, गौड़ हाइट्स, 7वां तल, वैशाली सेक्टर-4, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 31-01-2022 रू. 11,53,066.59/- | 30/06/2021 |
| 4. | ब्रिटिश सर्टिफिकेशन इन्क. अनिल कुमार तोमर, अनिल कुमार तोमर, मीना तोमर, अनिल कुमार तोमर, कार्यालय सं. 4, सी-4/7, प्रथम तल, आचार्य निकेतन, मयूर विहार फेज-1, निकट टीएनजी एवं रिलेक्सो शो रूम, दिल्ली खाता नंबर :- 629705015777 | एमआईजी फ्लैट नंबर 156-बी, भू तल, पाकेट-1, मयूर विहार, दिल्ली-110091 | 31-01-2022 रू. 30,84,199.0/- | 12/10/2021 |
| 5. | महालक्ष्मी एजेन्सीज, मोहित सिंघल, मोहित सिंघल, सुमन सिंघल, जैक कम्पाउंड घूकना मोड़, मेरठ रोड, त्यागी डेरी के पीछे, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- 695505600328 | प्लॉट नंबर 3 एफ, 1/21, नेहरू नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 31-01-2022 रू. 36,48,654.56/- | 04/10/2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 10 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# कलाकारी का बेहतरीन प्रदर्शन



**उमा नायर** का कहना है कि न्यूयॉर्क के वार्षिक एशियाई कला सप्ताह में महिंदर और शरद टाक के विजनरी संग्रह से 40 से अधिक काम क्रिस्टी की प्रस्तुति होगी।





मार्च में न्यूयॉर्क के वार्षिक एशियाई कला सप्ताह के दौरान, क्रिस्टीज़ लाइव नीलामी के हिस्से के रूप में महिंदर के विजनरी संग्रह और शरद टाक से 40 से अधिक कार्यों को प्रस्तुत कर रहा है। संग्रह के मुख्य आकर्षण फरवरी में क्रिस्टीज लंदन में देखे गए, इसके बाद मुंबई में निजी तौर पर देखा गया। नीलामी के सभी लॉट 18 से 22 मार्च तक न्यूयॉर्क में क्रिस्टी के एशियन आर्ट वीक पूर्वावलोकन के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किए जाएंगे।

## मुंबई में पूर्वावलोकन

क्रिस्टीज इंडिया की प्रबंध निदेशक, सोनल सिंह ने टिप्पणी की, ''इस सीजन का संग्रह अविश्वसनीय है और हम अपने संग्रहकर्ताओं, कला प्रेमियों और दर्शकों का समान रूप से एक प्रदर्शनी के साथ स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं जो संग्रह करने के जुनून का प्रतीक है।''

निषाद अवारी, हेड ऑफ सेल, साउथ एशियन मॉडर्न + कंटेम्परेरी आर्ट, क्रिस्टीज ने टिप्पणी की, ''पिछले 50 वर्षों में, महिंदर और शरद टाक ने उत्तरी अमेरिका में दक्षिण एशियाई आधुनिक और समकालीन कला के सबसे महत्वपूर्ण संग्रहों में से एक को एक साथ रखा है। अग्रणी संग्राहकों के अलावा, वे कला के समर्पित संरक्षक और सम्मानित परोपकारी हैं। हाइलाइट्स में भूपेन खाखर, मंजीत बावा, अर्पिता सिंह और सैयद हैदर रज़ा की प्रमुख पेंटिंग शामिल हैं, जिनमें प्रभावशाली प्रदर्शनी इतिहास हैं, जो पहली बार नीलामी में दिखाई दे रहे हैं। इसमें मकबूल फ़िदा हुसैन, रामेश्वर ब्रूटा, जोगेन चौधरी और जगदीश स्वामीनाथन, जो कलेक्टरों के सभी करीबी दोस्त हैं, की असाधारण रचनाएं भी शामिल हैं।''

## पांच तारकीय कार्य

कार्यों में से एक सूक्ष्म और नरम-रंग वाले वीएस गायतोंडे, बरगद के पेड़ की एक शानदार भूपेन खाखर पेंटिंग, एफएन सूजा द्वारा एक आकर्षक स्टिल लाइफ और राम कुमार द्वारा एक मूडी सिटीस्केप हैं। गायतोंडे धीरे-धीरे बजने वाले भजन या राग की अभिव्यक्ति है जिसमें आवर्ती शांत चरणों की मेजबानी होती है जो इसके आलाप को परिभाषित करते हैं। ध्यान के मास्टर गायतोंडे ने अपने द्वारा चित्रित कार्यों में अपनी लिंगुआ फ़्रैंका बनाई। 2-3 मिलियन डॉलर की कीमत वाला 1970 से यह काम गैवेल की आवाज पर सिर घुमाने के लिए बाध्य है। अगली कृति राम कुमार की 1958 की कृति है जिसे गायतोंडे का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। मूडी और स्मृति और अनुभव के अंगारे से भरा और घरों और वास्तुकला के स्वरों का एक गुंजयमान संकेत यह एक ऐसा काम है जो कलाकार के मस्तिष्क सौंदर्य को घर लाता है।

सूजा की स्टिल लाइफ ऑफ ए यूचरिस्ट टेबल, सभी प्रतीकों से परिपूर्ण, क्यूबिस्ट वैभव का एक अध्ययन है। जबकि सूजा एक आस्तिक नहीं थे, लेकिन इसकी पूरी कर्मकांड की ललक उनकी स्मृति में बनी रही। एक बच्चे के रूप में, सूजा अपनी दादी के साथ मास में शामिल होते थे और उनकी अवलोकन की आदतों में एक महाकाव्य नजर थी। इस काम की भव्यता मोज़ेक पृष्ठभूमि है जिसमें बीजान्टिन गूंज के साथ-साथ यूचरिस्ट तत्वों की आकृति भी है जो एक आध्यात्मिक प्रतिध्वनि बनाने के लिए ठोस रेखाओं के साथ बनाई गई हैं। भूपेन खाखर का बरगद का पेड़ एक ऐसा काम है जो चरित्र और करिश्मे में इसकी कोरियोग्राफी बनाता है। अंतिम, लेकिन कम से कम, अर्पिता सिंह की वुमन प्लकिंग फ्लावर्स है, एक ऐसा काम जो जोखिमों और खतरों के विरोधाभासों को दर्शाता है और एक ऐसा जीवन जो सुंदर या सुंदर से बहुत दूर है क्योंकि यह खतरे से भरा है।

दशकों से, महिंदर और शरद टाक अमेरिका में अपने पड़ोसियों और दोस्तों के समुदाय को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन कर रहे हैं, अपने अतीत और वर्तमान को जोड़ रहे हैं और भविष्य के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण कर रहे हैं। तक संग्रह का दायरा और गहराई उन दोस्ती की बात करती है जो दोनों ने कई कलाकारों के साथ बनाई है और उनकी दक्षिण एशियाई विरासत में उनके लंबे समय से निवेश है।

# कला यात्राओं का चित्रण

**गेटे-इंस्टीट्यूट/मैक्स यूएलर भवन नई दिल्ली ने कला, यात्रा और सार्वजनिक स्थानों पर उनके एक साथ आने की कहानियों को बताने के लिए दो कलाकारों के साथ सहयोग किया।**





गेटे-इंस्टीट्यूट/मैक्स म्यूएलर भवन नई दिल्ली ने भारत और जर्मनी के बीच सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ कला, यात्रा और सार्वजनिक स्थानों पर उनके एक साथ आने की कहानियों को बताने के लिए शहर की दीवारों को अपने कैनवास में बदल दिया है।

ग्राफिक यात्रा वृत्तांत कला को अधिक सुलभ और लोकतांत्रिक बनाने के लिए एक अनूठा सहयोग है, और दो युवा महिला कलाकारों के बीच क्रॉस-सांस्कृतिक सहयोग को उजागर करता है, जो अपने पहले भित्ति चित्र को चित्रित करते हैं। गोएथे-इंस्टीट्यूट ने परियोजना की दृष्टि को साकार करने और दिल्ली और चेन्नई में सार्वजनिक स्थानों पर कला को ले जाने के लिए सेंट + आर्ट इंडिया के साथ भागीदारी की, जबकि यात्रा के विषय पर विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान और महामारी के दौरान इसके विकास को बढ़ावा दिया।

दुनिया भर के कलाकार 2019 से यात्रा के विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कॉमिक्स को समर्पित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्राफिक ट्रैवेलॉग बनाने के लिए लगे हुए थे। इस यात्रा को एक और आयाम पर ले जाते हुए, गोएथे-इंस्टीट्यूट और

एसटी आर्ट ने एक जर्मन और एक भारतीय कलाकार को दो भित्ति चित्रों पर सहयोगात्मक रूप से काम करने के लिए आमंत्रित करने के लिए एक खुला आह्वान शुरू किया - एक दिल्ली के लोधी कला जिले में और दूसरा जिला कन्नगी कला, चेन्नई में।

चयनित कलाकारों, ग्रेटा वॉन रिचथोफेन और आष्टी मिलर को व्यापक दृष्टि से यात्रा के अर्थ के बारे में विचारोत्तेजक विचारों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महामारी के अभूतपूर्व समय के दौरान, जब शारीरिक यात्रा और किसी भी तरह की मुक्त आवाजाही को रोक दिया गया था, तो उन्होंने खुद को अपने विचारों से जकड़ा हुआ पाया, और कल्पना के सागर में ले जाया गया। इस प्रकार, कलाकार इन भित्ति चित्रों के माध्यम से 'मन में यात्रा' के विचार का पता लगाते हैं - एक यात्रा के रूप में देखा जाता है जिसे कोई भी कर सकता है, चाहे संस्कृति, पृष्ठभूमि या स्थानिक सीमाओं की परवाह किए बिना।

उड़ती और दौड़ती मछलियां, और पक्षी यात्रा के विभिन्न तरीकों का वर्णन करते हैं : पानी के ऊपर, हवा में और जमीन पर। यह यात्रा खोज की भावना पर जोर देने का प्रयास करती है जो यात्रा पर जोर देती है, यह बताती है कि जीवन के समृद्ध और सार्थक अनुभव के लिए समावेशी और विविध दृष्टिकोणों को विकसित करना कितना महत्वपूर्ण है। इसलिए, एक विस्तृत लेंस से लेकर साइट-विशिष्ट तक, कलाकारों में अति-स्थानीयकृत तत्व शामिल होते हैं जो इस यात्रा के प्रतीक बन जाते हैं।

मुगल वास्तुकला और काल्पनिक जीवों से प्रेरित स्थानीय वनस्पतियों और जीवों, पारंपरिक और ऐतिहासिक तत्वों को चित्रित करते हुए, काम एक साझा उदासीनता के माध्यम से, किसी के अतीत की यात्रा की पड़ताल करता है। इसी तरह, चेन्नई में, कलाकार स्थानीय और आकर्षक शब्दावली के माध्यम से शहर का संदर्भ देते हैं।

भित्ति चित्र रंग और रूपांकनों में भिन्न हैं, लेकिन सकारात्मक शक्ति और कल्पना और रचनात्मकता की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित करके एक दूसरे से जुड़ते हैं, जो चेन्नई में मन में प्रवेश करती है और दिल्ली में हाथों से निकलती है। यह वैचारिक संबंध इस प्रकार दो विविध शहरों में यात्रा करता है।

जैसा कि हम सभी ठीक हो जाते हैं और नए सामान्य में लौट आते हैं, हम पानी से बाहर मछली हो सकते हैं, लेकिन मिलर और रिचथोफेन का मानना है कि उनके अन्वेषणों ने उन्हें इस असुविधा को गले लगाने और इसे जादुई यात्रा में अनुवाद करने के लिए सिखाया है।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: जडेजा दुनिया के नंबर एक हरफनमौला क्रिकेटर बने

**भाषा।** दुबई




**भारत के** रविंद्र जडेजा श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टेस्ट हरफनमौलाओं की रैंकिंग में नंबर एक पायदान पर पहुंच गए। आईसीसी ने एक बयान में कहा , रविंद्र जडेजा का श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में टेस्ट श्रृंखला में प्रदर्शन शानदार रहा। इसकी बदौलत वह एमआरएफ टायर्स आईसीसी पुरूष खिलाड़ियों की टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच गए।

जडेजा ने नाबाद 175 रन बनाए थे जिसकी वजह से वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 17 पायदान की छलांग लगाकर 54वें से 37वें स्थान पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने नौ विकेट भी लिए जिससे गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर पहुंचे। इससे वह जैसन होल्डर को हटाकर एक बार फिर शीर्ष हरफनमौला बन गए। होल्डर फरवरी 2021 से नंबर वन पायदान पर बने हुए थे। जडेजा अगस्त 2017 में भी शीर्ष पर पहुंचे थे और एक सप्ताह तक रहे थे। भारत ने पहला टेस्ट एक पारी और 222 रन से जीता। जडेजा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया था। इसी सूची में भारत के रविचंद्रन अश्विन एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर हैं जबकि अक्षर पटेल 14वें स्थान पर है। अक्षर ने चोट के कारण मोहाली टेस्ट नहीं खेला। बल्लेबाजों में विराट कोहली दो पायदान चढकर पांचवें स्थान पर हैं जबकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा छठे स्थान पर हैं ।मोहाली में 96 रन बनाने वाले ऋषभ पंत दसवें स्थान पर हैं ।आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर हैं। गेंदबाजों की सूची में अश्विन दूसरे स्थान पर हैं जबकि जसप्रीत बुमराह दसवें स्थान पर बने हुए हैं। आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस शीर्ष पर बने हुए हैं।

## श्रेयस, मिताली, दीप्ति आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित

**भाषा।** दुबई

**भारत के** स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, महिला टीम की कप्तान मिताली राज और हरफनमौला दीप्ति शर्मा को फरवरी में उनके प्रदर्शन के लिए आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। पुरूष वर्ग के नामांकन में संयुक्त अरब अमीरात के बल्लेबाज वृत्य अरविंद और नेपाल के दीपेंद्र सिंह एरी भी शामिल हैं। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की हरफनमौला एमेलिया केर, मिताली और दीप्ति के नाम है।

अय्यर ने फरवरी में भारत के प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी वनडे में 80 रन बनाए और आखिरी टी20 में 16 गेंद में 25 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव के चोटिल होने और प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने के कारण अय्यर श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में तीसरे नंबर पर उतरे। उन्होंने तीन मैचों में तीन नाबाद अर्धशतक जमाए और 174 . 35 की स्ट्राइक रेट से 204 रन जोड़े। उन्हें प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया। मिताली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन अर्धशतक समेत 232 रन बनाए। आखिरी वनडे में वह 54 रन बनाकर नाबाद रही जो भारत ने चार ओवर बाकी रहते जीता। हरफनमौला दीप्ति ने वनडे श्रृंखला में सर्वाधिक दस विकेट लिए और पांच मैचों में 116 रन बनाए।

## जल्दी ही फॉर्म में लौटेंगी शेफाली, नेट पर अच्छा खेल रही है: झूलन गोस्वामी

**भाषा।** हैमिल्टन




**भारत की** अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने आईसीसी महिला विश्व कप में खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा का बचाव करते हुए कहा कि वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगी क्योंकि नेट्स पर अच्छी बल्लेबाजी कर रही है। वर्मा पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में खाता भी नहीं खोल सकी थी। पिछले कुछ मैचों से वह खराब फॉर्म में है और भारत को अगर विश्व कप जीतना है तो उसके बल्ले से रन निकलना जरूरी है।

झूलन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बृहस्पतिवार को होने वाले मैच से पहले वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मुझे यकीन है कि वह नेट्स पर काफी मेहनत कर रही है और अच्छी बल्लेबाजी कर रही है। उसे बस एक बड़ी पारी की जरूरत है और ऐसा होने पर वह अच्छा प्रदर्शन करेगी। आगामी मैच के बारे में उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ सही क्षेत्र में गेंदबाजी करना जरूरी होगा। उन्होंने कहा , न्यूजीलैंड को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी। मैदान काफी खुले हैं और हवा बहती है जिसका फायदा उठाना होगा। हमने इस पर काफी बात की है। झूलन ने कहा , पूजा (वस्त्राकर), मेघना (सिंह), रेणुका (सिंह ठाकुर) और सिमरन (दिल बहादुर) ने अच्छी गेंदबाजी की है और मौका मिलने पर वे इस लय को कायम रखना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। भारत ने वह मैच 107 रन से जीता। उन्होंने कहा , नई गेंद संभालने वाले गेंदबाजों ने पहले दस ओवर शानदार डाले। इसके बाद स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। उन्होंने यह भी कहा कि न्यूजीलैंड में जल्दी आकर मेजबान के खिलाफ कुछ मैच खेलने का भारत को फायदा मिला। उन्होंने कहा , विश्व कप से पहले जल्दी यहां आकर खेलने से हमें हालात और विकेटों के अनुरूप ढलने में मदद मिली। कल का मैच हालांकि एकदम अलग होगा और यह विश्व कप का मैच है। हम अच्छे प्रदर्शन की पूरी कोशिश करेंगे। फिलहाल विश्व कप में उनके 38 विकेट है और वह आस्ट्रेलिया के लिन फुलस्टोन के 39 विकेट से एक विकेट पीछे है। इस बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता भी नहीं था। टीम की सीनियर सदस्य होने के नाते मेरा काम शुरूआती सफलता दिलाना है। वही सबसे महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक खेलने से रिकॉर्ड बनते रहते हैं जिससे खुशी मिलती है लेकिन सबसे ज्यादा खुशी टीम की जीत से मिलती है।

## क्विक न्यूज

### रामकुमार इंडियन वेल्स के क्वॉलीफायर में हारे, प्रजनेश मैक्सिको में आगे बढ़े

**इंडियन वेल्स।** रामकुमार रामनाथन का लियाम ब्रॉडी के खिलाफ हार का सिलसिला बरकरार रहा और इस भारतीय टेनिस खिलाड़ी को ब्रिटिश खिलाड़ी से लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा जिससे वह इंडियन वेल्स मास्टर्स की क्वालीफाईंग प्रतियोगिता से बाहर हो गए। प्रजनेश गुणश्वेरन हालांकि मैक्सिको चैलेंजर टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में सफल रहे। डेनमार्क के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में अपने दोनों एकल मैच जीतने वाले रामनाथन तीन सेट तक चले मैच में ब्रॉडी से 2-6, 6-3, 4-6 से हार गए। रामनाथन की विश्व रैंकिंग 170 और ब्रॉडी की 124 है। इस बीच बाएं हाथ के खिलाड़ी प्रजनेश ने मोंटेरी में चैलेंजर 100 प्रतियोगिता में जीत से शुरुआत की। उन्होंने अमेरिका के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रेयान हैरिसन को 6-3, 6-4 से पराजित किया।

### इंटर मिलान से हारने के बावजूद चैम्पियंस लीग क्वॉर्टर फाइनल में लिवरपूल

**लिवरपूल।** इंटर मिलान से हारने के बावजूद बेहतर औसत स्कोर के आधार पर लिवरपूल ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। इटली में अंतिम 16 के पहले चरण में लिवरपूल ने 2 . 0 से जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में लौतारो मार्तिनेज के गोल के दम पर इटली ने । . 0 से जीत हासिल की लेकिन औसत 2 .। के स्कोर से लिवरपूल ने अंतिम आठ में जगह बनाई। चैम्पियंस लीग 2019 विजेता लिवरपूल पांच साल में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है।

### चोटिल क्रेसीकोवा ने इंडियन वेल्स से नाम वापिस लिया

**इंडियन वेल्स।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी बारबोरा क्रेसीकोवा ने कोहनी की चोट के कारण बीएनपी परीबस ओपन से नाम वापिस ले लिया है। क्रेसीकोवा ने कहा कि वह दो सप्ताह पहले कतर में टूर्नामेंट के दौरान लगी चोट से अभी तक परेशान है। उन्होंने कहा कि दर्द कल रात से बढ गया है। उन्होंने कहा , मैं अपने उपचार पर फोकस करके जल्दी वापसी की कोशिश करूंगी। चेक गणराज्य की यह खिलाड़ी फ्रेंच ओपन में पिछली चैम्पियन है जो 22 मई से शुरू हो रहा है। ड्रॉ में क्रेसीकोवा की जगह फ्रांस की एलिजे कोर्नेत लेंगी और कोर्नेत की जगह क्वालीफायर के किसी लकी लूजर को खेलने का मौका मिलेगा।

### रहाणे ने अपने स्कूल और पहले क्रिकेट मैदान का दौरा किया

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व उप कप्तान अजिंक्य रहाणे ने यहां डोंबीवली में अपने स्कूल एसवी जोशी हाई स्कूल का दौरा किया और यहां बिताए अपने दिनों को याद किया। पिछले साल आस्ट्रेलिया में एतिहासिक टेस्ट श्रृंखला जीतने के दौरान भारतीय टीम की अगुआई करने वाले तैंतीस साल के बल्लेबाज रहाणे को पिछले काफी समय से खराब फॉर्म के कारण हाल में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर अपने स्कूल के दौरे का वीडियो डाला। रहाणे ने कहा, अपनी जड़ों का दौरा करना विशेष होता है, यह आपको जमीन से जोड़े रखता है। अपने परिवार के साथ डोंबीवली गया और यह जगह चाहे कितनी भी बदल गई हो, मेरे दिल में उसकी वही जगह है।

## न्यूजीलैंड के सामने भारतीय महिला टीम को करना होगा बल्लेबाजी में सुधार

**भाषा।** हैमिल्टन

**पहले मैच** में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराने के बाद भारत के सामने आईसीसी महिला विश्व कप के अगले मैच में बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड के रूप में कठिन चुनौती है और उसे इसका सामना करने के लिए अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। हैमिल्टन के सेडोन पार्क की पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों की मददगार है। इसमें मिताली राज की टीम के इरादे बेहतर प्रदर्शन के होंगे। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में उन्हें। . 4 से पराजय का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर उस हार का बदला चुकता भी करना चाहेगी।

भारत को सोफी डेवाइन की टीम ने हर विभाग में उन्नीस साबित किया जो मुख्य कोच रमेश पवार की चिंता का विषय होगा। वह विभिन्न संयोजनों को आजमाने में लगे हैं। पाकिस्तान ने खिलाफ भले ही भारत ने 107 रन से एकतरफा जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में अच्छी शुरूआत की लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उतना आसान नहीं है। विश्व कप से ठीक पहले वनडे श्रृंखला में भारत को इसका अनुमान लग चुका है जब 270 या 280 रन बनाकर भी वह जीत नहीं सकी थी। टीम को शेफाली वर्मा के खराब फॉर्म से भी नुकसान हुआ है हालांकि सीनियर तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का कहना है कि वह जल्दी ही लय में लौटेंगी। वर्मा ने पिछले सात मैचों में महज एक अर्धशतक जमाया और बाकी छह मैचों में नाकाम रही। झूलन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , शेफाली खुद को साबित कर चुकी है। वह बेहतरीन क्रिकेटर है और यह सब हर क्रिकेटर के साथ होता है। उन्होंने कहा , वह नेट्स पर काफी मेहनत कर रही है और अच्छी बल्लेबाजी भी कर रही है। उसे बस एक बड़ी पारी की जरूरत है। कप्तान मिताली भी पाकिस्तान के खिलाफ चल नहीं सकी और हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ औपचारिकता के पांचवें मैच में अर्धशतक को छोड़कर लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाने से भारत की परेशानी और बढी है क्योंकि आखिरी ओवरों में टीम पर दबाव बन जाता है। ऐसे में टीम के पास पावर हिटर्स भी नहीं है। बल्लेबाजी की धुरी स्मृति मंधाना है और उनसे बड़े स्कोर की उम्मीद होगी। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसके हरफनमौला दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर हैं जो मैच का नतीजा बदल सकते हैं।

## इंडियन वेल्स के ड्रॉ में जोकोविच



**एपी।** इंडियन वेल्स

**नोवाक जोकोविच** ने बीएनपी परीबस ओपन में पुरूषों के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है लेकिन देखना यह है कि उन्हें अमेरिका में प्रवेश की अनुमति मिलती है या नहीं। जोकोविच ने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है जबकि अमेरिका में प्रवेश के लिए यह अनिवार्य है। टूर्नामेंट के अधिकारियों ने कहा है कि इंडियन वेल्स में भाग लेने के लिए टीके के सभी डोज लगे होना जरूरी हैं। पुरूष वर्ग का ड्रॉ मंगलवार को निकाला गया जिसमें जोकोविच का नाम भी था। उन्हें पहले दौर में बाय मिला है और दूसरे दौर में वह डेविड गोफिन या जोर्डन थाम्पसन से खेलेंगे। टूर्नामेंट अधिकारियों ने एक बयान में कहा , हम उनकी टीम से बात कर रहे हैं। अभी यह तय नहीं है कि वह देश में प्रवेश के लिए अनुमति लेकर खेल सकेंगे या नहीं। उन्होंने पिछले महीने दुबई में खेला था जहां क्वार्टर फाइनल में उन्हें जिरि वेसली ने हरा दिया था ।जनवरी में उन्हें कोरोना टीकाकरण नियमों के कारण ही आस्ट्रेलिया में प्रवेश नहीं मिला था और वह आस्ट्रेलियाई ओपन नहीं खेल सके थे।

## आईसीसी महिला विश्व कप: वेस्टइंडीज ने गत चैम्पियन इंग्लैंड को हराया

**भाषा।** डुनेडिन

**वेस्टइंडीज ने** आईसीसी महिला विश्व कप के लीग चरण के रोमांचक मैच में बुधवार को गत चैम्पियन इंग्लैंड को सात रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की महिला टीम ने डिएंड्रा डोटिन (64 गेंद में 31 रन) और हेली मैथ्यूज (58 गेंद में 45 रन) के बीच 81 रन की साझेदारी के बावजूद 50 ओवर में छह विकेट पर 225 रन ही बनाए। जवाब में इंग्लैंड को सोफी एस्सेलेटोन (नाबाद 33) और केट क्रॉस (27) ने लगभग जीत तक पहुंचा ही दिया था लेकिन 47 . 4 ओवर में पूरी टीम 218 रन पर आउट हो गई।

वेस्टइंडीज ने अपने दोनों मैच जीत लिए हैं और अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है। वहीं इंग्लैंड लगातार दो हार के बाद आठ टीमों में छठे स्थान पर है। उसे पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने हराया था। कैरेबियाई टीम की शुरूआत धीमी रही। डोटिन और मैथ्यूज ने पहले 20 ओवर संभलकर खेला लेकिन बिना किसी नुकसान के 81 रन से स्कोर तीन विकेट पर 81 रन हो गया और 26 .। ओवर में चार विकेट 98 रन पर गिर चुके थे। इसके बाद शेमाइन कैंपबेल (80 गेंद में 66) और चेडान नेशन (74 गेंद में 49 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 123 रन जोड़े। प्लेयर आफ द मैच कैंपबेल ने अपनी पारी में चार और नेशन ने तीन चौके लगाए। बाएं हाथ की स्पिनर एस्सेलेटोन ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में इंग्लैंड की शुरूआत भी खराब रही और उसके चार विकेट 72 रन पर गिर गए। उसका स्कोर 36वें ओवर में आठ विकेट पर 156 रन था। इसके बाद एस्सेलेटोन और क्रॉस उसे जीत के एकदम करीब ले गए। आखिरी तीन ओवर में इंग्लैंड को नौ ही रन चाहिए थे और उसके दो विकेट बाकी थे। क्रॉस अगले ओवर में रन आउट हो गई और तीन गेंद बाद आन्या श्रुबसोले को स्पिनर अनीसा मोहम्मद ने बोल्ड कर दिया। वेस्टइंडीज के लिए तेज गेंदबाज शामिलिया कोनेल ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए।

## बेयरस्टॉ के शतक से शुरुआती झटकों से उबरा इंग्लैंड

**एपी।** सेंट जोंस



**जॉनी बेयरस्टॉ** के शतक से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चार विकेट 48 रन पर गंवाने के बाद मजबूत वापसी करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन छह विकेट पर 268 रन बना लिए। इंग्लैंड का शीर्षक्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया और 16 ओवर के भीतर उसके चार बल्लेबाज पवेलियन में थे। इसके बाद बेयरस्टॉ और बेन स्टोक्स ने टीम को संकट से निकाला। दोनों ने 67 रन की साझेदारी करके टीम को सौ रन के पार पहुंचाया। बेयरस्टॉ ने बेन फोक्स के साथ 99 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने क्रिस वोक्स के साथ मिलकर अपना आठवां टेस्ट शतक पूरा किया।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बेयरस्टॉ 216 गेंद में नौ चौकों की मदद से 109 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने वोक्स के साथ 54 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। वोक्स 24 रन बनाकर क्रीज पर है। वेस्टइंडीज के लिए तेज गेंदबाज जैसन होल्डर ने 16 ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने अपने स्पैल में नौ मैडन ओवर डाले। जेडेन सील्स ने स्टोक्स और क्राउली के विकेट लिए जबकि केमार रोच ने जो रूट और एलेक्स लीस को पवेलियन भेजा। रूट ने बल्लेबाजों की अनुकूल पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों का सामना उनके बल्लेबाज नहीं कर सके। चार ओवर के भीतर सलामी बल्लेबाज लीस और जाक क्राउली आउट हो गए। रूट के आउट होने के समय स्कोर 27 रन था और डैन लॉरेंस के विकेट के समय स्कोर चार विकेट पर 48 रन हो गया। इसके बाद बेयरस्टॉ और स्टोक्स ने कुछ देर संभलकर खेला। स्टोक्स 95 गेंद में 36 रन बनाकर आउट हुए। वहीं फोक्स ने 87 गेंद में आठ चौकों की मदद से 42 रन बनाए।

## क्रेन ने कहा, वार्न के सम्मान में हैंपशर के लिए 2022 काउंटी चैंपियनशिप जीतना चाहते हैं

**भाषा।** लंदन

**शेन वार्न** के पूर्व शिष्य इंग्लैंड के लेग स्पिनर मेसन क्रेन आस्ट्रेलिया के इस दिग्गज के सम्मान में हैंपशर के लिए 2022 काउंटी चैंपियनशिप जीतना चाहते हैं। वार्न का 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। संदेह है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। वार्न को आदर्श मानते हुए बड़े हुए 25 साल के क्रेन पिछले सत्र में द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट की ओर से इस दिग्गज की कोचिंग में खेले। अपने करियर में इससे पहले भी उन्हें दिग्गज स्पिनर वार्न की विशेषज्ञता से फायदा मिला। इंग्लैंड की ओर से 2018 में एकमात्र टेस्ट खेलने वाले क्रेन ने बीबीसी के हैंपशर के स्थानीय रेडियो स्टेशन बीबीसी रेडियो सोलेंट से कहा, मैं बेहद सम्मानित और भाग्यशाली महसूस करता हूं कि मुझे उनके अनुभव का फायदा मिला। उन्होंने कहा, मैं उन्हें आदर्श मानते हुए बड़ा हुआ और वह काफी उदार थे।

वार्न को इन गर्मियों में दोबारा क्रेन के साथ काम करना था लेकिन चार मार्च को थाईलैंड के कोह समुई द्वीप में छुट्टियां मनाते हुए इस पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर का निधन हो गया। क्रेन ने कहा, वह लंदन स्पिरिट के मुख्य कोच के रूप में सिर्फ एक सत्र काम कर पाए लेकिन मुझे यकीन है कि उनके पास सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि टीम के प्रत्एक सदस्य, खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ को देने के लिए काफी कुछ था, इसलिए यह निराशाजनक है। वार्न 2000 से 2007 तक हैंपशर के लिए खेले और 2004 में इस काउंटी टीम की अगुआई की। 2012 में काउंटी के घरेलू मैदान एजियास बाउल में एक स्टैंड का नाम भी वार्न के नाम पर रखा गया। हैंपशर की टीम पिछले सत्र में मामूली अंतर से खिताब जीतने से चूक गई और 2024 तक टीम के साथ अनुबंध करने वाले क्रेन ने कहा कि वे वार्न को श्रद्धांजलि देने के लिए 1973 के बाद पहला खिताब जीतने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, इस सत्र में निश्चित तौर पर हमारा लक्ष्य खिताब जीतकर वार्न को गौरवांवित करना है।

## राष्ट्रमंडल खेलों में घाना के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारतीय पुरुष** हॉकी टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 31 जुलाई को घाना की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी जबकि महिला टीम भी 29 जुलाई को अपने पहले मैच में इसी प्रतिद्वंद्वी से भिड़ेगी। दो बार की रजत पदक विजेता भारतीय पुरुष टीम को इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ पूल बी में रखा गया है। इसे आसान पूल माना जा रहा है। छह बार के चैंपियन आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान और स्कॉटलैंड को पूल ए में रखा गया है। महिलाओं के वर्ग में भारत पूल ए में है जिसमें इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना भी हैं।

भारतीय पुरुष टीम घाना के बाद एक अगस्त को मेजबान और पिछली बार के कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड से भिड़ेगा। इसके बाद वह कनाडा (तीन अगस्त) और वेल्स (चार अगस्त) के खिलाफ मैच खेलेगी। महिला टीम घाना से भिड़ने के बाद वेल्स (30 जुलाई), इंग्लैंड (दो अगस्त) और कनाडा (तीन अगस्त) का सामना करेगी। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में प्रत्एक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पुरुषों के सेमीफाइनल छह अगस्त को और फाइनल आठ अगस्त को खेला जाएगा। महिलाओं के सेमीफाइनल पांच अगस्त और फाइनल सात अगस्त को होगा। भारत बर्मिंघम खेलों में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में अपनी ए टीम भेजेगा क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल के कुछ समय बाद हांगजो में एशियाई खेलों का आयोजन होना है जो पेरिस ओलंपिक 2024 का क्वालीफाईंग टूर्नामेंट भी है। इन दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन 32 दिन के अंतराल में होना है और हॉकी इंडिया एशियाई खेलों के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों को तरोताजा रखना चाहता है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा। अन्य मैचों में गोल्ड कोस्ट 2018 के स्वर्ण और रजत पदक विजेता आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पुरुष और महिला वर्ग के ग्रुप चरण में ही एक दूसरे का सामना करेंगे।

## मांकेडिंग अब अनुचित नहीं, एमसीसी ने संहिता में बदलाव कर इसे रनआउट माना

**भाषा।** लंदन

**क्रिकेट के** नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने दूसरे छोर पर खड़े बल्लेबाज को रन आउट करने संबंधी नियम को अब अनुचित खेल श्रेणी से हटा दिया। इसके साथ ही गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया और 2022 संहिता में ए बदलाव अक्टूबर से लागू होंगे। दूसरे छोर पर बल्लेबाज के क्रीज से आगे निकल आने के बाद रन आउट करने को लेकर काफी बहस होती रही है और इसे खेलभावना के विपरीत बताया जाता रहा है। भारत के अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन समेत कई खिलाड़ियों ने हालांकि इसे बल्लेबाज को आउट करने का उचित तरीका बताकर इसकी पैरवी की है। एमसीसी ने मंगलवार की रात जारी बयान में कहा , दूसरे छोर पर खड़े बल्लेबाज को रन आउट करने संबंधी नियम 41 . 16 को नियम 41 (अनुचित) खेल से हटाकर नियम 38 (रन आउट) में डाल दिया गया है। नियम के शब्द समान रहेंगे। सबसे पहले 1948 में इस तरह का वाकया हुआ था जब भारत के महान खिलाड़ी वीनू मांकड़ ने आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बिल ब्राउन को दूसरे छोर पर आउट किया था। उन्होंने इससे पहले बल्लेबाज को चेतावनी भी दी थी।

आस्ट्रेलियाई मीडिया ने इसे मांकेडिंग करार दिया लेकिन सुनील गावस्कर जैसे महान खिलाड़ियों ने इसे मांकड़ के प्रति अपमानजनक बताकर इसका कड़ा विरोध किया। एमसीसी ने यह भी कहा कि गेंद को चमकाने के लिए लार का प्रयोग अनुचित माना जाएगा। कोरोना महामारी के कारण आईसीसी ने लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। एमसीसी ने कहा कि उसकी रिसर्च से पता चला है कि गेंद की मूवमेंट पर लार का कोई असर नहीं होता। इसने कहा , कोरोना महामारी के बाद जब क्रिकेट बहाल हुआ तो विभिन्न प्रारूपों में खेलने की शर्तों में साफ लिखा था कि लार का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इसमें कहा गया , एमसीसी की रिसर्च से पता चला कि गेंद की स्विंग पर लार का कोई असर नहीं होता। खिलाड़ी गेंद को चमकाने के लिए पसीने का भी इस्तेमाल करते हैं जो समान रूप से प्रभावी है। इसमें कहा गया , नए नियम के तहत गेंद पर लार का प्रयोग नहीं हो सकेगा। इसके साथ ही फील्डरों के भी मीठी चीजें खाकर लार को गेंद पर लगाने पर रोक लगा दी गई है। लार का इस्तेमाल गेंद की स्थिति में बदलाव के अन्य अनुचित तरीकों की ही तरह माना जाएगा। संहिता में बदलाव का सुझाव एमसीसी नियमों की उपसमिति ने दिया है जिसे मुख्य समिति ने पिछले सप्ताह मंजूरी दे दी। ए बदलाव अक्टूबर से लागू होंगे। एमसीसी के नियम प्रबंधक फ्रेसर स्टीवर्ट ने कहा , 2022 संहिता में कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं। खेल के प्रति क्लब की वैश्विक प्रतिबद्धता को देखते हुए इनका ऐलान जरूरी था। अक्टूबर में इनके लागू होने से पहले दुनिया भर के अधिकारियों को इनके बारे में समझने का समय देना होगा। नियमों में अन्य बदलाव इस प्रकार हैं।

**नियम एक : वैकल्पिक खिलाड़ी-** विकल्प को उसी खिलाड़ी की तरह माना जाएगा जिसकी जगह उसने ली है यानी मैच के दौरान उस खिलाड़ी पर लगी कोई सजा या विकेट वगैरह भी इसमें शामिल होंगे।

**नियम 18 : कैच देकर आउट होने वाले बल्लेबाज संबंधी-** अगर कोई बल्लेबाज कैच आउट हुआ है तो उसकी जगह आने वाला नया बल्लेबाज अगली गेंद खेलेगा (ओवर खत्म होने की दशा में नहीं)

**नियम 20.4.2.12 : डेड गेंद-** मैदान पर किसी व्यक्ति, पशु या अन्य चीज से किसी टीम को नुकसान होने पर डेड गेंद का इशारा होगा। मसलन पिच पर कोई घुस जाए या मैदान पर कुत्ता दौड़ जाए या कई बार बाहरी बाधा होती है तो इसका असर खेल पर पड़ने पर अंपायर डेड गेंद का इशारा करेंगे।

**नियम 21.4 : गेंद से पहले गेंदबाज का स्ट्राइकर छोर पर गेंद डालना-** यदि कोई गेंदबाज गेंद डालने से पहले स्ट्राइकर की ओर रन आउट के इरादे से गेंद फेंकता है तो इसे डेड गेंद माना जाएगा। ऐसा वैसे बहुत ही कम होता है और अब तक इसे नोबॉल कहा जाता था।

**नियम 22.1 : वाइड गेंद-** इसमें गेंद डाले जाने के समय बल्लेबाज की मूवमेंट का उल्लेख है। ऐसा माना गया कि उस गेंद को वाइड कहना अनुचित होगा जो उस जगह पर पड़ी है जहां गेंदबाज के एक्शन में आने के समय बल्लेबाज खड़ा था। अब वाइड का इशारा करते समय ध्यान रखा जाएगा कि गेंदबाज के रनअप लेने के समय बल्लेबाज कहां खड़ा था।

**नियम 25.8 : गेंद को खेलने का बल्लेबाज का अधिकार-** अगर गेंद पिच से बाहर गिरती है तो नए नियम के तहत बल्लेबाज के बल्ले का कुछ हिस्सा या उसके पिच के भीतर रहने पर उसे गेंद को खेलने का अधिकार होगा। उसके बाहर जाने पर अंपायर डेड गेंद का इशारा करेंगे। पिच छोड़ने के लिए मजबूर करने वाली कोई भी गेंद नोबॉल होगी।

**नियम 27.4 और 28.6 : फील्डिंग करने वाली टीम की अनुचित मूवमेंट-** अब तक फील्डिंग करने वाली टीम के किसी सदस्य की अनुचित मूवमेंट को डेड गेंद से दंडित किया जाता था। अब से ऐसा होने पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को पांच पेनल्टी रन मिलेंगे।